* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 37 * अंक : 20 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, मंगलवार, 16 जून 2026 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com



रांची में नशामुक्ति जनजागरूकता प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीएम हेमंत सोरेन





कृषि उत्सव

कृषि यंत्रों का प्रदर्शन

कृषि विशेषज्ञों से सीधी बात

कृषि व्यावहारिक कार्यशालाएँ

खरीदार-विक्रेता के बीच व्यापारिक संवाद

कृषि तकनीकी प्रदर्शनी

सांस्कृतिक कार्यक्रम

खेती और ग्रामीण व्यवसाय के नए आयाम जानना

## झारखण्ड कृषि व्यापार मेला 2026

## उद्घाटन समारोह

**प्रवेश नि:शुल्क**

आप सभी **मेला में सादर आमंत्रित हैं**

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

अध्यक्षता

**श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की**

माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

माननीय मंत्रीगण, माननीय सांसदगण, माननीय विधायकगण एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति



**दिनांक:** 16 से 18 जून 2026

**समय:** पूर्वाह्न 10 बजे

**स्थान:** मोरहाबादी मैदान, रांची

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

PR-382440 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 26-27

# प्रखंडों में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर आज से

## लोगों की समस्या समाधान और सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने का सरकार का ऐतिहासिक कदम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य भर के 534 प्रखंडों में तीन दिवसीय सहयोग सह जन कल्याण शिविर का शुभारंभ मंगलवार से किया जाएगा। इस शिविर में पहुंचने वाले लोगों की सहूलियत में मेडिकल स्टॉल, हेल्प डेस्क आदि सुविधाएं होंगी। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की ओर से जिला पदाधिकारियों को जारी पत्र में कहा गया है कि प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर में बनाए गए मेडिकल स्टाल पर लोगों की प्राथमिक स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा लागू होगी। अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि मेडिकल स्टॉल आयुष्मान भारत एवं वय वंदना कार्ड नामांकन काउंटर के निकट स्थापित किया जाएगा। उन्होंने पत्र में यह भी कहा है कि शिविर स्थल पर हेल्प डेस्क की स्थापना की जाय जहां प्रशिक्षित स्वयंसेवक और कर्मचारी यहां आने वाले आवेदक, लाभार्थियों को सही काउंटर तक पहुंचाने में मदद करें। साथ ही फॉर्म भरवाने एवं दस्तावेजीकरण में सहायता प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक योजना के लिए पृथक काउंटर और इन काउंटरों पर नोडल पदाधिकारी तैनात किए जाएंगे। शिविर में जिला/ प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। मुख्य सचिव श्री अमृत ने कहा है कि प्रत्येक प्रखंड के लिए जिला स्तर से एक वरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। ये पदाधिकारी शिविर का नियमित निरीक्षण करेंगे और इसकी सफलता में आवश्यक निर्देश देंगे। शिविर में लगने वाले स्टॉल की व्यवस्था ग्रामीण विकास विभाग की ओर से किया जाएगा। बता दें कि राज्य में लोगों को सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण की दिशा में पिछले महीने के 19 तारीख से सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महीने के प्रथम और तृतीय मंगलवार को आयोजित होने वाले शिविर की शुरुआत ग्राम पंचायत स्तर पर की गई थी। इसके कुछ दिनों के बाद इसे नगर पंचायतों के लिए भी लागू किया गया। अभियान के महत्व को देखते हुए सरकार ने 16 से 18 जून के बीच तीन दिवसीय प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर लगाने का निर्णय लिया है। इसी के अनुपालन में मुख्य सचिव ने जिला पदाधिकारियों को पत्र के माध्यम से आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। इस पत्र में उन्होंने कहा है कि प्रखंडों में लगने वाले प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर का आयोजन पूर्व में ग्राम पंचायत और नगर पंचायत स्तर पर आयोजित हो रहे सहयोग शिविर के समानांतर किया जाएगा। शिविर में लोगों की सहूलियत में आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, लखपति दीदी, वीबी जी राम जी, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान/छात्रवृत्ति योजनाएं, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांग कल्याण योजना, बीओसीडब्ल्यू-निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड एवं मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना आदि को शामिल किया जाएगा।

# सोमवती अमावस्या आत्मचिंतन, सेवा और सामाजिक समरसता का पर्व : प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं और मंगलकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में सोमवती अमावस्या का विशेष धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि जब अमावस्या सोमवार के दिन पड़ती है, तब यह तिथि अत्यंत पुण्यदायी मानी जाती है। इस अवसर पर श्रद्धालु पवित्र नदियों में स्नान, दान-पुण्य, व्रत, पूजा-अर्चना तथा भगवान शिव और पीपल वृक्ष की आराधना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा हमें प्रकृति, समाज और परिवार के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण कराती है। सोमवती अमावस्या का पर्व आत्मचिंतन, संयम, सेवा और सद्भाव का संदेश देता है। यह अवसर समाज में पारस्परिक सहयोग, करुणा और मानवता के मूल्यों को सुदृढ़ करने का भी माध्यम है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक परंपराएं समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। इन मूल्यों को आत्मसात करते हुए सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि इस पावन अवसर पर स्वच्छता, सदाचार और सेवा भाव को अपनाते हुए समाज और राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान दें। उन्होंने कामना की कि सोमवती अमावस्या का यह पुण्य पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, आरोग्य और समृद्धि लेकर आए तथा बिहार और देश निरंतर विकास और उन्नति के पथ पर अग्रसर रहे।

# एक वर्ष में संस्कृत शिक्षा को नई दिशा, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड ने जारी किया रिपोर्ट कार्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर बोर्ड का 'एक वर्ष का रिपोर्ट कार्ड' जारी किया। इस दौरान उन्होंने बीते वर्ष की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। मृत्युंजय कुमार झा ने बताया कि वर्ष 2026 की मध्यमा परीक्षा में परीक्षार्थियों की संख्या 13,241 से बढ़कर लगभग 24 हजार हो गई है। पिछले आठ वर्षों में संस्कृत शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों की संख्या में यह सबसे बड़ी वृद्धि है। संस्कृत शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया का व्यापक उपयोग किया गया जिससे विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच सकारात्मक माहौल बना। उन्होंने बताया कि पहली बार बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड की अपनी सरकारी वेबसाइट विकसित की गई जिसके माध्यम से ऑनलाइन आवेदन और परीक्षा परिणाम प्रकाशित किए गए। मध्यमा परीक्षा 2026 का परिणाम मात्र 27 दिनों में जारी किया गया। साथ ही पहली बार पूरक परीक्षा का आयोजन कर असफल विद्यार्थियों को दूसरा अवसर प्रदान किया गया। संस्कृत शिक्षा को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात कर सर्व शिक्षा अभियान से बोर्ड को जोड़ने की पहल की गई। शिक्षा मंत्रालय ने इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाते हुए प्रक्रिया को संचालन स्तर पर पहुंचा दिया है। बोर्ड को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति परिसर, बुद्ध मार्ग, पटना में नया कार्यालय आवंटित किया गया है। इसके अलावा कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत भारतीय खाद्य निगम से लगभग दो करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है जिससे आधुनिक कंप्यूटर प्रयोगशालाओं सहित अन्य संसाधनों का विकास किया जाएगा। बोर्ड के 14 कर्मियों को लंबित सेवांत लाभ भी प्रदान किए गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम का पुनर्गठन किया गया है। भविष्य में 40 मॉडल संस्कृत विद्यालय विकसित किए जाएंगे जिनमें कंप्यूटर प्रयोगशाला, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी सुविधाएं, डिजिटल पुस्तकालय और आधुनिक आधारभूत संरचना उपलब्ध होगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शिक्षण, भाषा प्रयोगशाला तथा तकनीक आधारित शिक्षा को भी बढ़ावा दिया जाएगा। मृत्युंजय कुमार झा ने बताया कि परियोजना इकाई के गठन, अंतरराष्ट्रीय संस्कृत विश्व सम्मेलन, ई-लर्निंग पोर्टल तथा विभिन्न संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन के माध्यम से संस्कृत शिक्षा को रोजगारोन्मुखी और तकनीक-संपन्न बनाया जाएगा। इस अवसर पर बोर्ड सदस्य दुर्गेश कुमार राय, चन्द्र किशोर कुमार, धनेश्वर प्रसाद कुशवाहा, परीक्षा नियंत्रक उपेन्द्र कुमार तथा बोर्ड के कर्मचारी उपस्थित थे।

# पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने समाजसेवी नरोत्तम जोशी के निधन पर दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कटिहार।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद नॉर्थ ईस्टर्न बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध समाजसेवी नरोत्तम जोशी के निधन पर उनके आवास जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शोक प्रकट किया साथ ही उनके परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि कटिहार ने एक समाजसेवी को खो दिया है। हमेशा समाज की सेवा करने में अग्रणी भूमिका वे निभाते रहे हैं। उनकी धार्मिक कार्यों में विशेष रुचि रही। चेंबर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष के रूप में उन्होंने व्यवसायियों एवं उद्यमियों से स्नेह पाया। ईश्वर उनकी दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। इस अवसर पर भाजपा नेता बब्बन झा, अमित कुमार गुप्ता, चेंबर के पूर्व अध्यक्ष विमल सिंह बेगानी, चेंबर के नवनिर्वाचित सचिव लाला सिंघानिया, निगम पार्षद प्रतिनिधि मनोज मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में बनेगा बिहार का पहला आर्यभट्ट स्पेस क्लब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना/नई दिल्ली।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में बिहार का पहला आर्यभट्ट स्पेस क्लब स्थापित किया जाएगा। इसकी घोषणा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव ने नई दिल्ली में आयोजित इंडिया स्पेस कांग्रेस 2026 के दौरान की। 15 से 17 जून तक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का विषय 'रीइमैजिनिंग द ग्लोबल स्पेस लैंडस्केप' रहा जिसमें विभिन्न देशों के वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं, उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन में उपग्रह संचार, अंतरिक्ष अवसंरचना, पृथ्वी अवलोकन, अंतरिक्ष नीति, जलवायु निगरानी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष लॉजिस्टिक्स और अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रो. शरद कुमार यादव ने कहा कि दुनिया एक नए अंतरिक्ष युग में प्रवेश कर रही है जहां अंतरिक्ष विज्ञान केवल खोज तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि मानव जीवन, अर्थव्यवस्था और विकास का महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। उन्होंने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आर्यभट्ट उपग्रह से लेकर चंद्रयान और मंगलयान तक की यात्रा देश की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद भारत ने विश्वस्तरीय उपलब्धियां हासिल कर वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। प्रो. यादव ने कहा कि आज अंतरिक्ष तकनीक का उपयोग संचार, कृषि, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, शिक्षा, स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालयों की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों से जोड़ना और अनुसंधान व नवाचार को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि आर्यभट्ट स्पेस क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान, खगोल विज्ञान, उपग्रह तकनीक, स्पेस डेटा विश्लेषण और आधुनिक अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित की जाएगी। क्लब के तहत विशेषज्ञ व्याख्यान, प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं, विज्ञान संवाद और छात्र शोध परियोजनाएं आयोजित की जाएंगी। कुलपति ने कहा कि यह पहल बिहार और पूर्वी भारत के युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नए अवसरों से जोड़ेगी तथा राज्य को अंतरिक्ष शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार का मजबूत केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# इस्ट पॉइंट इंजीनियरिंग के छात्रों ने विकसित किया स्मार्ट महिला सुरक्षा उपकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** इस्ट पॉइंट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने 'स्मार्ट वूमेन सिक्योरिटी सिस्टम यूजिंग आईओटी' नामक एक अभिनव पहनने योग्य सुरक्षा उपकरण विकसित किया है। यह डिवाइस आपातकालीन परिस्थितियों में महिलाओं को रियल-टाइम सहायता प्रदान करने और उनकी सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। छात्र अभिषेक गौड़ा एम.एस., अभिनव मल्लप्पा रड्डर, माधन एम.एस. और रेखा एस. द्वारा डॉ. केशवन एम.वी. के मार्गदर्शन में विकसित इस परियोजना में जीएसएम, जीपीएस, आईओटी सेंसर, क्लाउड कनेक्टिविटी और स्वास्थ्य निगरानी तकनीकों को एकीकृत किया गया है। यह स्मार्ट डिवाइस अचानक गिरने, असामान्य गतिविधियों या संकटपूर्ण परिस्थितियों का पता लगाकर परिवार के सदस्यों एवं आपातकालीन संपर्कों को लाइव जीपीएस लोकेशन के साथ एसएमएस अलर्ट भेजता है। इसमें रियल-टाइम जीपीएस ट्रैकिंग, जीएसएम-आधारित आपातकालीन अलर्ट, अल्कोहल डिटेक्शन, हृदय गति एवं शरीर के तापमान की निगरानी जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

# अंत्योदय के संकल्प को साकार कर रहा जन कल्याण शिविर अभियान : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 स्वर्णिम वर्षों की पूर्णता के अवसर पर प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बिहार सरकार द्वारा 16, 17 एवं 18 जून को राज्य के सभी 534 प्रखंडों में आयोजित किए जा रहे प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर का स्वागत करते हुए इसे जनसेवा, सुशासन और अंत्योदय के संकल्प को साकार करने वाला ऐतिहासिक अभियान बताया है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यह शिविर उसी संकल्प को धरातल पर उतारने का प्रभावी माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जीविका समूह, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, छात्रवृति योजनाएं, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना, दिव्यांग कल्याण योजनाओं, पीएम सूर्य घर, लखपति दीदी सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन, निबंधन, सत्यापन एवं ई-केवाईसी जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे आम नागरिकों को काफी सुविधा होगी और योजनाओं का लाभ तेजी से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचेगा। प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने इन शिविरों के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र लाभार्थी सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। प्रखंड स्तर पर आयोजित यह शिविर प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करेगा तथा सुशासन को और अधिक प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि इन सभी शिविरों में एनडीए कार्यकर्ता लाभार्थियों को मदद देने के लिए उपलब्ध होंगे। कार्यकर्ता लाभार्थियों को न केवल इस शिविर को लेकर पूरी जानकारी उपलब्ध कराएंगे बल्कि आवेदनों को भरने और फॉर्म लेने में भी मदद देंगे। उन्होंने एनडीए के सभी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इन शिविरों की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं तथा पात्र लाभार्थियों को शिविरों में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

# मद्य निषेध विभाग की परीक्षा रद्द कर पुनः परीक्षा गृह जिले में संपन्न करे सरकार : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार में मद्य निषेध विभाग में पुलिस भर्ती की परीक्षा में हुए भारी अराजकता और अनियमितता को लेकर बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने सरकार से मांग की है कि परीक्षा को पुनः सुनियोजित और सुचारू रूप से गृह जिले में आयोजित कराई जाए। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के दक्षिण बिहार के परीक्षार्थियों को उत्तर बिहार में परीक्षा सेंटर देना और छात्रों का सेंटर तक पहुंचने के लिए साधनों की कमी के कारण कई परीक्षार्थी सेंटर तक पहुंच ही नहीं सके। अब तक कितने परीक्षार्थियों की परीक्षा हुई और कितनों की छूटी इसका आंकड़ा सरकार नहीं दे रही है जब सरकार को पता था कि 16 लाख परीक्षार्थियों ने फॉर्म भरा है तो कम से कम उनके परिवहन के लिए उन्हें व्यवस्था करनी चाहिए थी। गर्मी के दिन में इतनी दूर सेंटर देना और दूसरा परीक्षा के लिए कोई विशेष ट्रेन नहीं चलाना यह साबित करता है कि सरकार की मंशा परीक्षार्थियों के लिए ठीक नहीं थी।

# आइपीएस विकास वैभव के हाथों सम्मानित हुए डॉ. आनंद रंजन झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जन्दाहा (वैशाली)।** वैशाली जिले के जन्दाहा प्रखंड के प्रतिष्ठित शिक्षाविद् एवं समाजसेवी तथा कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा को एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान बिहार के चर्चित आईपीएस अधिकारी विकास वैभव ने डॉ. झा को मोमेंटो प्रदान कर शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। इसके साथ ही निर्मल इंडिया न्यूज के संचालक रविशंकर कुमार ने भी डॉ. आनंद रंजन झा को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और समाज के प्रति उनके समर्पण, युवाओं के कौशल विकास तथा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। आईपीएस विकास वैभव ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के निर्माण में शिक्षकों और शिक्षण संस्थानों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षाविदों का सम्मान युवाओं को प्रेरित करता है और उन्हें सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का उत्साह प्रदान करता है। डॉ. आनंद रंजन झा विगत कई वर्षों से कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा के माध्यम से हजारों युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त वे सामाजिक जागरूकता, प्रतिभा संवर्धन एवं युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी सक्रिय योगदान दे रहे हैं। सम्मान प्राप्त करने के उपरांत डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि उनके विद्यार्थियों, सहयोगियों और उन सभी लोगों का सम्मान है जिन्होंने हमेशा उन्हें समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा दी।

# सीएम द्वारा सिवान के पचरुखी में 415.18 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन ऐतिहासिक पल : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह सिवान सदर विधायक मंगल पांडेय ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार को सिवान जिले के पचरुखी प्रखंड के पपौर पंचायत में आयोजित 'सहयोग शिविर - सबका सम्मान, जीवन आसान' कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर सीएम द्वारा सिवान के विकास के लिए कुल 415.18 करोड़ रुपये की 44 विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया जा रहा है। इसमें 178.38 करोड़ की 18 योजनाओं का शिलान्यास और 236.80 करोड़ की 26 योजनाओं का शुभारंभ शामिल है। यह दिन सिवान के लिए स्वर्णिम पल है। यह पहल पीएम नरेंद्र मोदी व पूर्व सीएम नीतीश कुमार के विकास की सोच का प्रतीक है। श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा 415 करोड़ से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण सिवान सदर की तस्वीर बदल देगा। 'सहयोग शिविर' के माध्यम से 20 विभागों के स्टॉल लगाकर जन समस्याओं का त्वरित समाधान करने की पहल सराहनीय है। यह शिविर 'सबका सम्मान, जीवन आसान' के संकल्प को धरातल पर उतार रहा है। सिवान के इस समग्र विकास के लिए मैं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। डबल इंजन सरकार के कारण ही बिहार को विकास की ऐसी योजनाएं मिल रही हैं। साथ ही बिहार के कर्मठ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को बधाई, जिनके नेतृत्व में विकास की गति निरंतर तेज हो रही है।

# एनआइटी पटना में आइसीएसएसआर प्रायोजित दस दिवसीय शोध पद्धति पाठ्यक्रम का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद , शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार प्रायोजित दस दिवसीय शोध पद्धति पाठ्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को मेघनाद साहा हॉल में हुआ। पाठ्यक्रम का विषय 'मानसिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक समावेशन को आगे बढ़ाने हेतु नवीन शोध पद्धतियां' रखा गया है। यह कार्यक्रम स्नातकोत्तर, पीएचडी शोधार्थियों एवं पोस्ट-डॉक्टोरल फेलो (पीडीएफ) प्रतिभागियों के लिए आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को समकालीन शोध पद्धतियों, विश्लेषणात्मक उपकरणों तथा उभरती अनुसंधान तकनीकों से परिचित कराना है, ताकि वे मानसिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक समावेशन से जुड़े जटिल सामाजिक मुद्दों पर प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण शोध कर सके। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद पाठ्यक्रम निदेशक एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. अमजद अली ने पाठ्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसके उद्देश्यों, विषयवस्तु तथा अपेक्षित परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सामाजिक चुनौतियों के समाधान के लिए नवीन एवं अंतःविषयक शोध पद्धतियों की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है। सह-पाठ्यक्रम निदेशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार बेहरा ने विभाग की शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों का परिचय देते हुए उसकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

# महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने किया विक्रमशिला-कटरिया नई लाइन निर्माण स्थल का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पाटलिपुत्र-शाहपुर पटोरी-बरौनी-नवगछिया रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों, पुल-पुलियों, ओएचई प्रणाली, पथ-रचना तथा ट्रैक की संरक्षा एवं मजबूती का अवलोकन किया। इसके साथ ही महाप्रबंधक द्वारा विक्रमशिला-कटरिया नई लाइन परियोजना के निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण क्रम में महाप्रबंधक नवगछिया स्टेशन पहुंचे। इसके उपरांत महाप्रबंधक द्वारा नवगछिया के तरफ कटरिया के ऊपरी भाग के निर्माण साइट का निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात महाप्रबंधक ने भागलपुर के तरफ स्थित निर्माण स्थल एवं नये स्टेशन साइट का भी निरीक्षण किया गया। इस परियोजना के तहत गंगा नदी पर 2.44 किमी लंबी डबल लाइन वाली पुल का भी निर्माण किया जाना है जिससे संबंधित निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है तथा मिट्टी जांच का कार्य पूरा किया जा चुका है। मुख्य पुल के डिजाइन एवं ड्राइंग का कार्य अगले 03 माह में पूरा कर लिया जाएगा।

# 629 विद्यालयों में स्थापित होंगी मिनी सॉयल टेस्टिंग लैब, कृषि मंत्री ने दी स्वीकृति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मीठापुर स्थित कृषि भवन में आयोजित एक समीक्षा बैठक के दौरान मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना तथा मुख्यमंत्री बागवानी मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने, छात्रों में अनुसंधान एवं प्रयोगात्मक क्षमता विकसित करने तथा किसानों को मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने संबंधी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना के अंतर्गत संचालित स्कूल सॉयल हेल्थ प्रोग्राम के तहत राज्य के कुल 160 पीएम श्री एवं राजकीय विद्यालयों में मिनी सॉयल टेस्टिंग प्रयोगशालाओं की स्थापना की जा चुकी है। इस पहल का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर छात्रों को मृदा परीक्षण की वैज्ञानिक प्रक्रिया से जोड़ना तथा कृषि एवं पर्यावरण के प्रति उनकी समझ को विकसित करना है। मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस कार्यक्रम का व्यापक विस्तार करते हुए राज्य के कुल 629 पीएम श्री एवं राजकीय विद्यालयों में मिनी सॉयल टेस्टिंग प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी और इस योजना को पूरी पारदर्शिता के साथ लागू किया जाएगा। इन प्रयोगशालाओं के माध्यम से कक्षा 7, 8, 9 एवं 11 के छात्र-छात्राएं मृदा परीक्षण, नमूना संग्रहण तथा मृदा स्वास्थ्य संबंधी व्यावहारिक गतिविधियों में भाग लेंगे। इससे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, तकनीकी कौशल एवं अनुसंधान की प्रवृत्ति विकसित होगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में मिनी सॉयल टेस्टिंग प्रयोगशाला की स्थापना के लिए एक लाख रुपये की लागत निर्धारित की गई है जिसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार तथा 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। भारत सरकार द्वारा प्रत्येक विद्यालय को 50 मिट्टी नमूनों का संग्रहण, परीक्षण तथा किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण का लक्ष्य दिया गया है। यह पहल छात्रों, विद्यालयों और किसानों के बीच एक प्रभावी समन्वय स्थापित करेगी तथा संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देगी।

✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 20 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 16 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




गया जिले में 170 करोड़ की लागत वाली अत्याधुनिक एमएसएमइ प्रौद्योगिकी केंद्र का शिलान्यास करते सीएम सम्राट चौधरी






मुख्यमंत्री ने 170 करोड़ की लागत वाले अत्याधुनिक एमएसएमइ प्रौद्योगिकी केंद्र का किया शिलान्यास

# विकसित बिहार के निर्माण को नई गति प्रदान करेगा अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी केंद्र : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमइ) क्षेत्र को नई गति प्रदान करने तथा युवाओं के लिए उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत आज गया जी के खिजरसराय में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी केंद्र का शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने संयुक्त रूप से केंद्र का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, कृषि एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा तथा द्योग सह खेल मंत्री श्रेयसी सिंह आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रौद्योगिकी केंद्र गया जी सहित पूरे बिहार में औद्योगिक विकास, कौशल संवर्धन, नवाचार और रोजगार सृजन का नया केंद्र बनेगा तथा विकसित बिहार के निर्माण को नई गति



प्रदान करेगा। पिछले वर्षों में बिहार में एमएसएमइ क्षेत्र ने अभूतपूर्व प्रगति की है। एमएसएमइ इकाइयों की संख्या लगभग 6 लाख से बढ़कर 46 लाख से अधिक हो चुकी है तथा करोड़ों लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। बिहार सरकार औद्योगिक विकास, कौशल उन्नयन और रोजगार सृजन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि लगभग 170 करोड़ की लागत से विकसित होने वाले इस अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी केंद्र के लिए बिहार सरकार द्वारा 20 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है। यह केंद्र राज्य में तकनीकी कौशल विकास, औद्योगिक नवाचार एवं उद्यमिता संवर्धन का प्रमुख केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित एमएसएमइ प्रौद्योगिकी केंद्र प्रतिवर्ष 7,000 से अधिक युवाओं को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करेगा। साथ ही 1,000 से अधिक एमएसएमइ इकाइयों को अत्याधुनिक तकनीकी सहायता, परीक्षण सुविधाएं, डिज़ाइन एवं उत्पाद विकास सहयोग तथा अन्य आधुनिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे स्थानीय उद्योगों की उत्पादकता एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में वृद्धि होगी तथा रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि प्रोद्योगिकी केंद्र भविष्य में आसपास के क्षेत्रों के युवाओं, उद्यमियों (शेष पृष्ठ 11 पर)

# जून से बायोमेट्रिक हाजिरी पर मिलेगा शिक्षकों को वेतन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के सरकारी स्कूलों और शिक्षा विभाग के दफ्तरों में काम करने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए एक बेहद जरूरी खबर है। अब अगर आपने डिजिटल हाजिरी नहीं बनाई तो आपकी सैलरी रुक सकती है। शिक्षा विभाग ने साफ कर दिया है कि जून महीने का वेतन सिर्फ और सिर्फ बायोमेट्रिक हाजिरी के आधार पर ही दिया जाएगा। इसके लिए राज्यभर में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। नए नियम के मुताबिक, सभी स्कूलों के हेडमास्टर, टीचर और ऑफिस के कर्मचारियों को इ-शिक्षाकोष ऐप और बीबीएएस सिस्टम के जरिए अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति लगानी होगी। हर महीने सैलरी जारी करने से पहले इस डिजिटल हाजिरी का मिलान किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने आदेश दिया है कि जिन नए अपग्रेड हुए मिडिल, हाई या इंटर स्कूलों में बायोमेट्रिक मशीनें नहीं हैं या कोई तकनीकी खराबी है, उन्हें तुरंत ठीक किया जाए। कई जिलों के डीएम ने भी कड़े निर्देश जारी कर दिए हैं कि मई की सैलरी तो जैसे-तैसे मिल जाएगी लेकिन जून से बिना डिजिटल हाजिरी के वेतन जारी नहीं होगा। सभी ऑफिस प्रभारियों को हाजिरी का प्रिंट आउट और सर्टिफिकेट जमा करना होगा। इसी बीच बिहार सरकार ने राज्य के प्राइमरी स्कूलों में काम करने वाले नियोजित शिक्षकों को एक बड़ी राहत दी है। शिक्षा विभाग ने वर्ष 2026-27 के तहत शिक्षकों के वेतन के लिए 556 करोड़ 29 लाख 35 हजार 400 रुपए की भारी-भरकम राशि मंजूर कर दी है। विभाग के उपसचिव अजय सतीश भेंगरा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह पैसा उन नियोजित शिक्षकों के लिए है जिनका पूरा वेतन राज्य सरकार खुद देती है। इस मद के लिए सरकार का कुल बजट 1685 करोड़ 73 लाख 80 हजार रुपए है, जिसकी यह पहली किस्त जारी की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम सम्राट चौधरी आज कैमूर में

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज 16 जून को कैमूर जिले के एक दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे कुल 196.05 करोड़ रुपये की 60 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री मां मुंडेश्वरी धाम में दर्शन करेंगे और 'सहयोग शिविर' में भी शामिल होंगे।

### राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल शख्स गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार और मध्य प्रदेश की एटीएस ने एक साझा ऑपरेशन चलाकर राष्ट्रविरोधी और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल एक शख्स को धर दबोचा है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम इजहारुल हक (56 साल) है। वह मूल रूप से मधुबनी का रहने वाला है। एटीएस का दावा है कि शुरुआती जांच और टेक्निकल सर्विलांस से यह पता चला है कि इजहारुल हक सीमा पार बैठे एक पाकिस्तानी हैंडलर के लगातार संपर्क में था।

### बिहार कैबिनेट की बैठक कल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 17 जून को कैबिनेट की बैठक बुलाई है। बैठक में कई एजेंडों पर मुहर लगने की संभावना व्यक्त की जा रही है। कैबिनेट विभाग की ओर से अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। मुख्य सचिवालय के कैबिनेट हाल में बुधवार को शाम 5 बजे यह बैठक होगी। एक सप्ताह बाद फिर से कैबिनेट की बैठक हो रही है।

### मुखिया की पत्नी की गोली मारकर हत्या

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सहियारा थाना क्षेत्र के हनुमान नगर गांव में रविवार देर रात अज्ञात अपराधियों ने घर में सो रही मुखिया की पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली लगने के कारण महिला की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक महिला रविवार रात अपने घर में सो रही थीं। इसी दौरान देर रात अज्ञात अपराधी उनके घर के पास पहुंचे और उन्हें निशाना बनाकर गोली मार दी।

### गया में क्लास आठवीं तक के स्कूल बंद

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** गया जिले में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने एक आदेश जारी किया है। इसके तहत, जिले के सभी सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों, प्री-स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और कोचिंग संस्थानों में कक्षा 8 तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियां 16 से 20 जून तक बंद कर दी गई है। जिला प्रशासन ने यह निर्णय विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लिया है।

# नालंदा में मॉब लिंचिंग, दो युवकों की पीट-पीटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के राजगीर थाना क्षेत्र में कानून को हाथ में लेकर हिंसा करने का एक खौफनाक मामला सामने आया है। यहां के झुनकिया बाबा मंदिर के समीप सोमवार तड़के चोरी के आरोप में उग्र भीड़ ने दो युवकों को पकड़कर बेरहमी से पीट दिया। स्थानीय लोगों द्वारा की गई इस बर्बर पिटाई में दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची राजगीर थाना की गश्ती पुलिस ने दोनों घायलों को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान पटना के पीएमसीएच में दोनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के गंजपर गांव निवासी अमरदीप पासवान के 24 वर्षीय पुत्र पिंटू पासवान और नरेश पासवान के 18 वर्षीय पुत्र श्रवण पासवान के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में तनाव का माहौल है। राजगीर डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि सोमवार, 15 जून की सुबह करीब साढ़े तीन बजे राजगीर थाना को झुनकिया बाबा स्थान के पास दो लोगों को चोरी करते हुए पकड़े जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस की गश्ती टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची, जहां दोनों युवक स्थानीय लोगों के कब्जे में गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले। पुलिस बल ने तुरंत दोनों को अनुमंडलीय अस्पताल राजगीर में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया। पटना में इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। डीएसपी ने कहा कि कानून हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं है। पुलिस इस मामले में संलिप्त आरोपियों की पहचान करने में जुट गई है और दोषियों के खिलाफ कड़ी एवं विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# झारखंड कैबिनेट की बैठक में 23 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई झारखंड कैबिनेट की बैठक में कुल 23 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में जनहित, कर्मचारियों की सुविधाओं, सड़क निर्माण, सिंचाई और खनन से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। सबसे बड़ा फैसला वन्यजीवों के हमले से होने वाली क्षति के मुआवजे को लेकर लिया गया। अब जंगली जानवरों के हमले में किसी व्यक्ति की मौत होने पर आश्रितों को 10 लाख रुपये मुआवजा मिलेगा। पहले यह राशि 4 लाख रुपये थी। गंभीर रूप से घायल होने पर 2 लाख रुपये और सामान्य रूप से घायल होने पर 35 हजार रुपये देने का प्रावधान किया गया है। मृत्यु के मामलों में एक लाख रुपये की तत्काल सहायता भी दी जाएगी। राज्य सरकार ने कर्मचारियों के लिए अग्रिम वेतन और क्रेडिट सुविधा शुरू करने का भी फैसला लिया है। इसके तहत कर्मचारी 30 दिनों तक का अग्रिम वेतन ले सकेंगे। इस



राशि का भुगतान 2 महीने से 60 महीने की अवधि में किया जा सकेगा। इसके लिए वित्तीय संस्थानों का चयन किया जाएगा। विभिन्न विभागों में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों और डाटा एंट्री ऑपरेटरों के वेतनमान में एकरूपता लाने का निर्णय लिया गया है। नई नियुक्तियां पे-लेवल-2 के तहत की जाएंगी। कैबिनेट ने सड़क चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्यों के लिए 162 करोड़ रुपये से अधिक की प्रशासनिक स्वीकृति दी है। वहीं, पलामू की अमानत बराज योजना के लिए 947 करोड़ रुपये से अधिक की संशोधित लागत को मंजूरी प्रदान की गई। खनन क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बोकारो के पर्वतपुर और सीतानाला कोल ब्लॉक के लिए जेएसडब्लू स्टील लिमिटेड तथा गोड्डा के जीतपुर कोल ब्लॉक के लिए केरी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड को खनन पट्टों की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा झारनेट 2.0 परियोजना की अवधि वित्तीय वर्ष 2026-27 तक बढ़ा दी गई है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से मोटर यान निरीक्षकों की नियुक्ति को मंजूरी दी गई। गोड्डा और बोकारो समाहरणालय में अनियमित रूप से नियुक्त कर्मियों की सेवा नियमित करने का फैसला भी लिया गया। कैबिनेट ने रोहितश्य राय को राज्य का महाधिवक्ता नियुक्त किए जाने की घटनोत्तर स्वीकृति दी। साथ ही वन विभाग के कार्यों के निष्पादन के लिए विभागीय और ठेकेदार आधारित हाइब्रिड मॉडल को भी मंजूरी प्रदान की गई।

### सड़क हादसे में दो की मौत, दर्जनों घायल

**छपरा(नबिटा ब्यूरो)।** सारण जिले के परसा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। यह हादसा परसा-शीतलपुर-सीवान एसएच-73 पर तितिरा गांव के समीप दो ऑटो गाड़ियों की आमने-सामने टक्कर के कारण हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों ऑटो की भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। हादसे में मढ़ौरा थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव निवासी अरमान अली तथा भेल्दी थाना क्षेत्र के अरना गांव निवासी तकबीर वारिश की मौत हो गई। दोनों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए परसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है।

# शिक्षा का बड़ा केंद्र बनेगा शाहाबाद : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के उदवंतनगर प्रखंड स्थित मसाढ़ गांव में सोमवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने समेकित एक्वा पार्क निर्माण परियोजना का शिलान्यास किया। इस दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने शाहाबाद क्षेत्र को शिक्षा का बड़ा केंद्र बनाने का संकल्प दोहराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर प्रखंड में डिग्री कॉलेज और मॉडल स्कूल स्थापित किए जाएंगे ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जब जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आम लोगों के बच्चे एक ही सरकारी विद्यालय में पढ़ेंगे तभी शिक्षा व्यवस्था का वास्तविक विकास माना जाएगा। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए व्यापक योजनाओं पर काम किए जाने की बात कही। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था पर भी अपनी सरकार का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। पुलिस को चुनौती देने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे और किसी भी कीमत पर अपराध को संरक्षण नहीं दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने लोगों से बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए सोलर सिस्टम अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्ज़ा के उपयोग से बिजली खर्च कम होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्ज़ा सुरक्षा मजबूत होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 32 एकड़ क्षेत्र में 31.20 करोड़ रुपये की लागत से समेकित एक्वा पार्क का निर्माण कराया जाएगा। परियोजना में कार्प हैचरी, आरएएस फिश फीड मिल, जल गुणवत्ता जांच प्रयोगशाला, मत्स्य स्वास्थ्य जांच प्रयोगशाला और प्रशासनिक भवन सहित 17 आधुनिक अवयव विकसित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समृद्ध बिहार के सपने को धरातल पर उतारने का काम तेजी से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के साथ केन्द्रीय पंचायती राज और मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय मंत्री ललन सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर, सांसद सुदामा प्रसाद, आरा-बक्सर एमएलसी सोनू राय, एमएलसी जीवन कुमार, विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, राकेश ओझा, महेश पासवान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# बिहार में अक्टूबर-नवंबर में होंगे पंचायत चुनाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में गांव की सरकार चुनने के लिए अक्टूबर-नवंबर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होगा। मौजूदा मुखिया और सरपंच जैसे जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल दिसंबर 2026 तक है। इसके पहले चुनाव संपन्न करना है। बिहार में पंचायत चुनाव उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कराने हैं ताकि सुरक्षा कर्मियों की उपलब्धता की परेशानी नहीं हो। इसे देखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारी तैयारियों में जुटे हैं। पंचायत चुनाव 2026 नौ चरण में कराने की तैयारी है। राज्य निर्वाचन आयोग की मानें तो इसकी वजह कम संख्या में इवीएम उपलब्ध होना है। पंचायत चुनाव 2011 की जनगणना के आधार पर कराया जाएगा। इस वक्त जनगणना के लिए काम चल रहा है। इसके आंकड़े आने में समय लगेगा। इसके चलते 15 साल पुरानी जनगणना के आधार पर चुनाव होंगे। वार्ड से लेकर जिला परिषद की सीटों का आरक्षण 2011 की आबादी के अनुसार तय किया जाएगा। जुलाई से चुनाव की तैयारियों में तेजी दिखेगी।

# मंत्री दीपक प्रकाश को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश की नियुक्ति को लेकर दायर जनहित याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने पूछा कि क्या दीपक प्रकाश अभी भी मंत्री पद पर बने हुए हैं। याचिकाकर्ता ने बताया कि दीपक प्रकाश अब भी मंत्री पद पर बने हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने दीपक प्रकाश, बिहार सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस भेजा गया है। सभी से मामले को लेकर जवाब मांगा गया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि दीपक प्रकाश विधानसभा या विधान परिषद के सदस्य नहीं हैं, फिर भी उन्हें लगातार दूसरी बार मंत्री बनाया गया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि यह संविधान की भावना और लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है।

# मगध क्षेत्र के युवाओं के लिए वरदान सिद्ध होगा प्रौद्योगिकी केंद्र : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के खिजरसराय में सोमवार को अत्याधुनिक एमएसएमइ प्रौद्योगिकी केंद्र के भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। लगभग 170 करोड़ की लागत से विकसित होने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए बिहार सरकार द्वारा 20 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर गया-इस्लामपुर-खिजरसराय पथ से प्रौद्योगिकी केंद्र तक सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि खिजरसराय में स्थापित होने वाला यह अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी केंद्र गया ही नहीं बल्कि पूरे बिहार के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र प्रतिवर्ष 7,000 से अधिक युवाओं को तकनीकी



प्रशिक्षण प्रदान करेगा तथा 1,000 से अधिक एमएसएमइ इकाइयों को आधुनिक तकनीकी सहायता एवं सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि देश के विकास में एमएसएमइ क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह क्षेत्र रोजगार सृजन, उद्यमिता विकास एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का मजबूत आधार है। ऐसे समय में गया में प्रौद्योगिकी केंद्र की स्थापना युवाओं को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण, अनुसंधान, नवाचार तथा उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि यह केंद्र अत्याधुनिक मशीनों एवं उपकरणों से सुसज्जित होगा, जहां प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर हासिल कर सकेंगे। साथ ही स्थानीय उद्योगों को तकनीकी सहायता मिलने से नए उद्यमों की स्थापना को भी बढ़ावा मिलेगा। डॉ. प्रेम कुमार ने इस परियोजना के लिए केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के (शेष पृष्ठ 11 पर)

C M Y K

# सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" के तहत आम नागरिकों के दैनिक जीवन को सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित की गई। जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय




सभाकक्ष में किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा कुल 36 शिकायतें दर्ज कराई गईं। प्राप्त शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया तथा शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक जांच एवं कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान थाना रोह अंतर्गत ग्राम विष्णुनगर निवासी सुनीता देवी द्वारा जंगली हाथी के उत्पात से संबंधित शिकायत, थाना पकरीबरावां अंतर्गत ग्राम मेधीपुर निवासी किशोर प्रसाद सिंह द्वारा विद्युत तार एवं पोल से संबंधित आवेदन, थाना वारिसलीगंज अंतर्गत ग्राम बाघीबरडीहा निवासी पन्ना लाल साव द्वारा कांड संख्या-510/25 से संबंधित आवेदन तथा थाना रोह अंतर्गत ग्राम मोरमा निवासी विभा कुमारी द्वारा दाखिल-खारिज से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें एवं समस्याएं जनसुनवाई में रखी गईं। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित एवं प्रभावी राहत मिल सके। इसी क्रम में अपर समाहर्ता, नवादा तथा नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल कार्यालयों सहित जिले के सभी ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तरीय कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

## ताड़ के पेड़ से गिरकर युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** वारिसलीगंज नगर परिषद के वार्ड संख्या- 18 शेरपुर मोहल्ला निवासी बसंत चौधरी का 18 वर्षीय पुत्र बब्लू कुमार की मौत ताड़ के पेड़ से गिरकर हो गई। पुत्र की मौत की सूचना बाद स्वजन में कोहराम मच गया। बताया गया कि मृतक स्नातक कक्षा का छात्र था। जो अपने एक दोस्त के साथ ताड़ का कोवा खाने के उद्देश्य से वारिसलीगंज थाना के पड़ोसी पकरीबरावां थाना के बलियारी गांव गया था। जहां ताड़ के पेड़ पर चढ़कर कोवा काट रहा था। इसी क्रम में युवक बब्लू ताड़ के पेड़ से गिर कर जख्मी हो गया। आसपास के लोगो के सहयोग से जख्मी को चिकित्सा के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वारिसलीगंज लाया गया। जहां जांच के बाद चिकित्सक ने जख्मी युक्क को मृत घोषित कर दिया।

# बांग्लादेश में भारत का परचम, नवादा के तौसीफ रसूल बने फाइनल के 'बेस्ट प्लेयर'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बांग्लादेश में आयोजित अंडर-20 जूनियर आईएचएफ ट्रॉफी हैंडबॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में बिहार के दो खिलाड़ियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बिहार की ओर से नवादा के तौसीफ रसूल और बेगूसराय के शिवा भारतीय टीम का हिस्सा थे। प्रतियोगिता के दौरान भारतीय टीम ने विभिन्न देशों को पराजित करते हुए फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबला मेजबान बांग्लादेश और भारत के बीच खेला गया, जिसमें भारतीय टीम ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को 48-27 गोलों के बड़े अंतर से शिकस्त देकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबले में नवादा के तौसीफ रसूल ने शानदार खेल




का प्रदर्शन किया। उनके बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें 'बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। तौसीफ की इस उपलब्धि से न केवल भारतीय हैंडबॉल टीम, बल्कि बिहार और नवादा जिले का भी गौरव बढ़ा है। जिला हैंडबॉल संघ के पदाधिकारी एवं शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि नवादा शहर के बड़ी दरगाह पार मोहल्ला निवासी तौसीफ रसूल ने बचपन से ही खेल के प्रति विशेष लगाव दिखाया था। उन्होंने हरिश्चंद्र स्टेडियम, नवादा से हैंडबॉल की शुरुआत की और वहीं से प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना की खेल अकादमी में प्रशिक्षण लिया। आगे चलकर उनका चयन भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), गांधीनगर, गुजरात में हुआ, जहां उन्होंने उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों में आयोजित प्रशिक्षण शिविरों में भी भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारा। आज तौसीफ रसूल देश के उभरते हुए हैंडबॉल खिलाड़ियों में अपनी पहचान बना चुके हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को गौरवान्वित कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से नवादा जिला हैंडबॉल परिवार सहित जिले के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है।

# पुना पंचायत के वार्ड 3 में एक सप्ताह से पेयजल संकट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा प्रखंड की पुना पंचायत के वार्ड संख्या 3 में पिछले एक सप्ताह से भीषण पेयजल संकट बना हुआ है। नल-जल योजना की मोटर खराब होने के कारण जलापूर्ति पूरी तरह ठप है, जिससे सैकड़ों परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जलमीनार में लगी मोटर करीब एक सप्ताह पहले खराब हो गई थी। इसके बाद से बोरिंग बंद है और घरों तक पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। भीषण गर्मी के बीच जल संकट ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। सोमवार को ग्रामीण वरुण प्रसाद, मुकेश कुमार, चंदन प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, सुबोध प्रसाद, धनुधारी प्रसाद, मनोज प्रसाद, हरिनारायण प्रसाद, संतोष प्रसाद, धर्मवीर प्रसाद, रोशन प्रसाद, अंकित प्रसाद और सर्वेश यादव समेत कई लोगों ने बताया कि इस संबंध में पीएचइडी विभाग के अधिकारियों को कई बार सूचना दी गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द मोटर की मरम्मत अथवा बदलकर जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है। ग्रामीणों ने विभागीय उदासीनता पर नाराजगी जताते हुए प्रशासन से अविलंब हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र जलापूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे उच्चाधिकारियों से शिकायत करने के साथ आंदोलन करने को भी बाध्य होंगे। इस संबंध में पीएचईडी कार्यालय के कार्यपालक अभियंता बालमुकुंद प्रसाद ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द जांच कर समस्या का समाधान कराया जाएगा तथा नल-जल योजना को पुनः सुचारु रूप से चालू किया जाएगा।

# डीएम ने तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी और गैर-तकनीकी पदाधिकारियों के साथ समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, जन शिकायतों के निष्पादन, सहयोग शिविर, आपदा प्रबंधन एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने कहा कि बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के तहत "सबका सम्मान, जीवन आसान" के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में सेवा संवाद समाधान कार्यक्रम का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम लोगों की शिकायतों को




सम्मानपूर्वक सुनकर संवेदनशीलता के साथ उनका त्वरित निष्पादन करें। उन्होंने बताया कि जिले के सभी पंचायतों में 16 जून 2026 को सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे, जबकि 17 एवं 18 जून को सभी प्रखंडों में सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में विभिन्न विभाग अपनी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाएंगे ताकि आमजन को एक ही स्थान पर सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने बताया कि अब तक सहयोग शिविरों में 8991 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 8305 का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि 686 आवेदन लंबित हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर प्राप्त सभी लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि शिविरों में शिकायतकर्ताओं को समाधान की जानकारी दी जा सके। बैठक में सहयोग हेल्पलाइन नंबर 1100 एवं सहयोग पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निष्पादन की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायतवार सहयोग शिविर आयोजित करने के लिए रोस्टर निर्धारित किया गया है और इसका सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों की शत-प्रतिशत बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया तथा प्रत्येक माह की 25 तारीख तक बायोमेट्रिक डेटा उपलब्ध कराने को कहा।

बैठक में नगर आयुक्त, प्रभारी उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, कार्यपालक अभियंता तथा प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

# मृतक के परिजनों को वन विभाग ने सौंपा 10 लाख रुपये का मुआवजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के मंझिला पंचायत अंतर्गत बिन्दीचक गांव में जंगली हाथी के हमले में जान गंवाने वाले वृद्ध राजाराम पासवान के आश्रित को वन विभाग की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मृतक की पत्नी रुक्मिणी देवी को विभाग द्वारा सोमवार को घर जाकर 10 लाख रुपये का चेक सौंपा गया। जानकारी देते हुए वन क्षेत्र पदाधिकारी (रेंजर) सौरभ सांडिल्य ने बताया कि बीते 11 मई को बिन्दीचक गांव के फुसबंग्ला टोला निवासी राजाराम पासवान पर जंगली हाथी ने हमला कर दिया था। इस घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद वन विभाग द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए सरकार की ओर से निर्धारित मुआवजा राशि के रूप में मृतक के आश्रित पत्नी रुक्मिणी देवी को आर्थिक सहायता




उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ० अखिलेश कुमार ने कहा कि सरकार वन्यजीवों से प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रंजीत रजक सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# हिलसा कॉलेज में एनएसएस स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण व नशामुक्ति का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा स्थित श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय में सोमवार को एनएसएस के तत्वावधान में नेप-2020 के तहत एसी फॉर वॉलंटियरशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण, बाढ़ राहत तथा नशामुक्ति जैसे सामाजिक विषयों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह, एनएसएस पदाधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी, समाजसेवी डॉ. आशुतोष कुमार मानव, डॉ. संदीपा इंद्रा एवं प्रो. अरविंद कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह ने छात्रों से पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण, जलाशयों की सुरक्षा तथा प्लास्टिक कचरे के उन्मूलन के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस पदाधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी ने छात्रों से पीपल, बरगद, आम और नीम जैसे अधिक ऑक्सीजन देने वाले पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। समाजसेवी डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने क्षेत्र में बाढ़ की समस्या और उससे बचाव के उपायों पर प्रकाश डालते हुए बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की जरूरत बताई। उन्होंने युवाओं से गुटखा, शराब, सिगरेट और अन्य




नशे से दूर रहने का भी आह्वान किया। मीडिया कर्मी डॉ. राजीव रंजन सिंह ने पारंपरिक जलस्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा पॉलीथिन के स्थान पर कपड़े के थैले के उपयोग पर जोर दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार दो भाई जख्मी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के दोसुत पंचायत की बेगराजपुर ग्रामीण अवधेश चौहान के दो भाई अनियंत्रित अज्ञात ट्रैक्टर की चपेट में आने से बुरी तरह से जख्मी होने से संबंधित प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी में कहा गया है कि अवधेश का दोनों भाई सूरज कुमार व इंदल कुमार राजगृह मेला देखकर आठ जून को बाइक से घर लौट रहा था। इसी बीच थाना क्षेत्र के बासोचक के पास पीछे से आ रही एक अनियंत्रित ट्रैक्टर के चालक ने धक्का मारकर फरार हो गया। दोनों भाई बुरी तरह से जख्मी हो गए। इस बीच डायल-112 की पुलिस ने इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी लाई।

# डॉ. अनुज सिंह समर्थकों ने आयोजित की विचार गोष्ठी एवं जनसंवाद

## नवादा के सर्वांगीण विकास के लिए संगठन सदैव तत्पर : डॉ. अनुज सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नगर के कुंती नगर स्थित सभागार में डॉ. अनुज सिंह के समर्थकों द्वारा एक दिवसीय विचार गोष्ठी एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवादा विधानसभा क्षेत्र सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं नगर परिषद क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों तथा गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी एवं शिक्षाविद् डॉ. अनुज सिंह ने की, जबकि संचालन समाजसेवी अनिल कुमार सिंह एवं अजय कुशवाहा ने किया। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य नवादा के सर्वांगीण विकास एवं संगठन की मजबूती पर विचार-विमर्श करना था।बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सुरक्षा एवं बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में नवादा को अग्रणी बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही आगामी पंचायत एवं नगर निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और जनसंपर्क अभियान को प्रभावी



बनाने की रणनीति पर भी विचार किया गया। अपने संबोधन में डॉ. अनुज सिंह ने कहा कि नवादा के विकास के लिए सभी समर्थकों एवं जागरूक नागरिकों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में अभी भी जिले को अपेक्षित प्रगति नहीं मिल पाई है, जिसका प्रमुख कारण जनप्रतिनिधियों की उदासीनता है। उन्होंने संगठन के कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक मजबूत नेटवर्क तैयार करने का आह्वान किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जेपी चौधरी, विष्णु शंकर चौहान, पूर्व मुखिया रणजीत चौहान, पूर्व प्रखंड प्रमुख गौरी शंकर सिंह, विपिन सिंह, फैयाज अहमद, अनीश खान, युवा नेता चंदन कुमार तथा अनिल कुमार सिंह समेत कई वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, सामाजिक समरसता और नवादा के विकास के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

बैठक में मगध ग्रामीण बैंक के प्रबंधक सुरेंद्र सिंह, प्रोफेसर कृष्ण कुमार प्रभाकर, अशोक चौहान, योगेंद्र रविदास, गोरेलाल सिंह, बलराम सिंह, रामविलास मांझी, विनोद रविदास सहित कई गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान गांव एवं वार्ड स्तर पर संगठन विस्तार, नए सदस्यों को जोड़ने तथा जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने की रणनीति बनाई गई। अंत में डॉ. अनुज सिंह ने उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया।

## शारदीय (खरीफ) महाअभियान 2026 कार्यशाला का आयोजन 17 जून को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नारदीगंज ( नवादा)।** शारदीय (खरीफ) महाअभियान 2026 के तहत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम आगामी 17 जून 2026 को 11 बजे पूर्वाह्न में शुरु किया जाएगा। बीएओ विवेक कुमार गौरव ने कहा इंटर विद्यालय नारदीगंज में आयोजित कार्यक्रम में कृषि से सम्बंधित जानकारी दी जायेगी। अधिक से अधिक किसान भाग लेकर उन्नत खेती करने का प्रशिक्षण प्राप्त करें।

# मलमास मेला में 92 हजार से अधिक श्रद्धालुओं का शिविर में हुआ इलाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर मलमास मेला में देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देशानुसार मेला क्षेत्र में व्यापक स्वास्थ्य व्यवस्था की गई है, जिसके तहत मेले की शुरुआत से 13 जून तक कुल 92,022 श्रद्धालुओं को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार अब तक 48,110 पुरुष एवं 43,681 महिला श्रद्धालुओं का विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों में प्राथमिक एवं आपातकालीन उपचार किया गया है। वहीं गंभीर स्थिति वाली 231 महिला श्रद्धालुओं को बेहतर इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल राजगीर रेफर किया गया। मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रमुख स्थलों, कुंडों एवं अखाड़ा मार्गों पर कुल 27 स्वास्थ्य शिविर स्थापित किए गए हैं। इन शिविरों के संचालन के लिए 354 चिकित्सकों, पारामेडिकल कर्मियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो चौबीसों घंटे अपनी सेवाएं दे रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संभावित आपात स्थितियों से निपटने



के लिए 15 एम्बुलेंस को विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर तैनात रखा गया है। किसी भी मरीज को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सभी एम्बुलेंस अलर्ट मोड में कार्य कर रही हैं। पूरे मेला क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था की निगरानी जिला कार्यक्रम प्रबंधक की देखरेख में की जा रही है। साथ ही स्वास्थ्य प्रबंधकों की टीम 24 घंटे दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपस्थिति एवं मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। स्वास्थ्य विभाग की इस सक्रिय व्यवस्था की श्रद्धालुओं एवं पंडा समिति द्वारा सराहना की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि 15 जून को मेला समापन तक स्वास्थ्य विभाग पूरी तत्परता और सजगता के साथ अपनी सेवाएं जारी रखेगा, ताकि किसी भी श्रद्धालु को स्वास्थ्य संबंधी

## नगरनौसा उपप्रमुख के ख़िलाफ़ लाया अविश्वास प्रस्ताव ख़ारिज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा उपप्रमुख सुमंती देवी के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव सोमवार के दिन ख़ारिज हो गया। बीडीओ ओमप्रकाश कुमार ने बताया कि उपप्रमुख के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव ख़ारिज हो गया है।अविश्वास प्रस्ताव को लेकर सोमवार को विशेष बैठक बुलाई थी जिसमें सिर्फ़ दो सदस्य उपस्थित हुए। एक सदस्य पांच मिनट बैठक ही उठकर चले गए। सदस्यों की उपस्थिति नहीं होने से उपप्रमुख के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो गया।

# मलमास मेला में वन विभाग की सेवाएं रहीं सराहनीय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** राजगीर मलमास मेला के सफल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन में वन विभाग की भूमिका को लेकर मुख्य वन संरक्षक, पटना डॉ. नेशामनी के. ने विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों और वनकर्मियों की जमकर सराहना की। डॉ. नेशामनी के. ने कहा कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा, सुरक्षा तथा सहयोग के लिए वन विभाग की टीम लगातार सक्रिय रही। मेले के दौरान विभाग से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं होना कर्मियों की कार्यकुशलता और जिम्मेदार कार्यशैली का प्रमाण है। इस अवसर पर राजगीर जू सफारी के सफारी बस चालकों को सम्मानित किया गया तथा उन्हें जूते वितरित किए गए। मुख्य वन संरक्षक ने कहा कि यह पहल कर्मियों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ उनके योगदान के प्रति सम्मान प्रकट करने का माध्यम है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय राजगीर जू सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम तथा नालंदा वन प्रमंडल के वन प्रमंडल पदाधिकारी राजकुमार एम. के कुशल नेतृत्व और प्रभावी समन्वय को दिया। कार्यक्रम में जू सफारी निदेशक राम सुन्दर एम ने बताया कि मलमास मेला-2026 के दौरान जू सफारी एवं नेचर सफारी में करीब 65 हजार पर्यटकों ने भ्रमण किया।


**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Biennial election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly to fill the seats of members retiring on 28.06.2026**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | Biennial election to the Legislative council 2026 | Sanjay Prakash | ए.सी.जे.एम.–1 सह एमपी / एमएलए कोर्ट, पटना। कोतवाली थाना, पटना कांड सं. 469 / 2015 Pending | भारतीय दंड संहिता की धाराएं – 143, 341, 188, 431, 290 प्रतिबंधित क्षेत्र में बिना अनुमति प्राप्त किए जुलूस निकालने एवं मार्ग अवरूध करने के संबंध में | Not Applicable | Not Applicable |

# स्नातक नामांकन की तिथि 21 जून तक बढ़ी

## विद्यार्थियों को मिला एक और अवसर : कार्यवाहक कुलपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कार्यवाहक कुलपति प्रो. (डॉ.) दिलीप कुमार केशरी ने विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए स्नातक सत्र 2026-30 में नामांकन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 21 जून 2026 करने का आदेश जारी किए हैं। कुलपति ने बिहार सरकार द्वारा नव स्थापित 17 राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में स्नातक सत्र 2026-30 में नामांकन की अंतिम तिथि को 21 जून 2026 तक अधिसूचना जारी करने का आदेश प्राप्त हुआ है। इन महाविद्यालय में प्रारंभिक चरण में कुल 06 विषयों यथा- हिंदी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, इतिहास एवं राजनीति विज्ञान विषयों में पढ़ाई की व्यवस्था की गई है जिसमें प्रत्येक विषय में 48 सीटों पर नामांकन लिया जाएगा। इस निर्णय से उपरोक्त 17 राजकीय डिग्री महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ उन हजारों विद्यार्थियों को राहत मिलेगी जो किसी कारणवश अंगीभूत एवं संबद्धता प्राप्त महाविद्यालयों में समय सीमा के भीतर आवेदन करने से वंचित रह गए थे। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय के नामांकन पोर्टल पर एवं आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए अधिष्ठाता, छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) प्रो. प्रमोद कुमार चौधरी ने बताया कि मगध विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सभी अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्नातक स्तर के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन की तिथि 21 जून 2026 तक विस्तारित कर दी गई है। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय के नामांकन पोर्टल एवं आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बिहार सरकार ने राज्य के सभी महाविद्यालयों में 1 जुलाई 2026 से नियमित शैक्षणिक गतिविधियों एवं कक्षाओं के संचालन का निर्देश दिया है। सरकार उच्च शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा शैक्षणिक सत्र को समयबद्ध एवं नियमित रखने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है। इसी के अनुरूप मगध विश्वविद्यालय भी नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुगम एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र हित को ध्यान में रखते हुए नामांकन से संबंधित दिशा-निर्देशों, विषयवार सीटों, पात्रता एवं अन्य आवश्यक जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करें तथा निर्धारित अवधि के तक अपना आवेदन सुनिश्चित करें।

# बिहार कृषि ऐप जल्द होगा अपग्रेड, किसानों को स्थानीय भाषाओं में भी मिलेगी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्रामीण स्तर पर कृषि डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए बिहार कृषि ऐप के जरिए कई नए प्रयोग किए जा रहे हैं। अब इसे अपग्रेड किया जाएगा। इस ऐप पर जल्द ही किसानों को हिंदी और अंग्रेजी के साथ-साथ मगही, भोजपुरी, अंगिका और बज्जिका भाषाओं में भी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। ऐप के जरिए सभी किसानों को सेवाएं घर बैठे आसानी से उपलब्ध कराई जा सकें, इसके लिए कृषि विभाग तेजी से प्रयास कर रहा है। पिछले दिनों बिहार सरकार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने घोषणा की थी कि सभी पंचायतों में युवा किसान प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। युवाओं को प्रशिक्षित कर ''बिहारी डिजिटल कृषि योद्धा'' के रूप में पहचान दिलाई जाएगी जो अन्य किसानों को ऐप के उपयोग के लिए प्रेरित करेंगे। वहीं अच्छा कार्य करने वाले बिहारी डिजिटल कृषि योद्धाओं को विभाग द्वारा पुरस्कृत भी किया जाएगा। साथ ही सर्वाधिक किसान पंजीकरण सुनिश्चित करने वाले शीर्ष 5 जिलों, 5 प्रखंडों और 5 पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विभागीय कर्मियों को भी पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया है। किसानों के बीच इस ऐप के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए राज्य के सभी कृषि कार्यालयों में होर्डिंग, बैनर और पोस्टर लगाए जाएंगे। बामेती के माध्यम से आयोजित होने वाले सभी प्रशिक्षण सत्रों में किसानों को ऐप की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

**इस ऐप के जरिए किसान कृषि योजनाओं में कर सकते हैं आवेदन**

ऐप के जरिए किसान उर्वरकों की उपलब्धता की रियल टाइम जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह व्यवस्था कालाबाजारी, जमाखोरी और अधिक मूल्य वसूली पर रोक लगाने में प्रभावी साबित हो रही है। साथ ही यह किसानों के लिए एकीकृत योजना पोर्टल के तौर पर भी काम कर रहा है जहां किसान ऐप के माध्यम से विभिन्न कृषि योजनाओं में आवेदन कर सकते हैं और उनकी स्थिति, अनुदान विवरण तथा स्वीकृति की वास्तविक समय पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# साहू समाज का शक्ति प्रदर्शन

## तैलिक साहू सभा को एकजुट होकर आगे बढ़ाएं : सुषमा साहू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** गया शहर के टिकारी रोड स्थित तैलिक साहू भवन में रविवार को तैलिक साहू समाज की ओर से एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में भारतीय जनता पार्टी के नव मनोनीत प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक तथा प्रदेश मंत्री सुषमा साहू का जोरदार स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में मगध प्रमंडल के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में तैलिक साहू समाज के पुरुषों, महिलाओं एवं युवाओं ने भाग लेकर समाज की एकजुटता का परिचय दिया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता तैलिक साहू सभा के जिला अध्यक्ष अजय कुमार साहू ने की है। समारोह की शुरुआत अतिथियों के स्वागत, पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित करने के साथ हुई है। उपस्थित लोगों ने नितिन अभिषेक और सुषमा साहू को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए इसे साहू समाज के सम्मान और बढ़ती राजनीतिक भागीदारी का प्रतीक बताया। अपने संबोधन में सुषमा साहू ने कहा कि भाजपा ने तैलिक साहू समाज के प्रतिनिधियों को प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर समाज के प्रति सम्मान का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि समाज के लोग लंबे समय से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और अब उन्हें निर्णय लेने वाली संस्थाओं में भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। इस समारोह के दौरान समाज के नेताओं और प्रतिनिधियों ने एक स्वर में बिहार सरकार और भाजपा नेतृत्व से तैलिक साहू समाज को विधान परिषद (एमएलसी) में प्रतिनिधित्व देने की मांग उठाई है। जिला अध्यक्ष अजय कुमार साहू ने कहा कि बिहार में तैलिक साहू समाज की अच्छी-खासी आबादी है और समाज के लोग शिक्षा, व्यापार, सामाजिक सेवा तथा राजनीति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इसके बावजूद समाज को अपेक्षित राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है। उन्होंने सरकार से आगामी अवसरों पर साहू समाज के योग्य प्रतिनिधियों को एमएलसी बनाकरन सम्मान देने की अपील की। इस कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने भी तैलिक समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने और संगठनात्मक स्तर पर महिलाओं को अधिक अवसर देने की मांग रखी है। इस दौरान सामाजिक एकता, शिक्षा के प्रसार और युवाओं की भागीदारी को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई है। समारोह में गया सहित नवादा, औरंगाबाद, जहानाबाद तथा मगध क्षेत्र के अन्य जिलों से आए समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है। पूरे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल देखने को मिला है। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, समाज के प्रतिनिधियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तैलिक साहू समाज अपनी सामाजिक एकता और राजनीतिक जागरूकता के बल पर आगे भी इसी तरह संगठित होकर समाजहित के मुद्दों को मजबूती से उठाता रहेगा।

# बारिश में जलजमाव से मुक्त रहेगी राजधानी, 56 हजार मशीनहोल उड़ाही का काम पूरा

## सफाईकर्मियों ने सेफ्टी गेयर व गलब्स लगाकर पूरा किया उड़ाही का काम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानीवासियों को आगामी मॉनसून में बडी राहत मिलेगी। नगर निगम ने मॉनसून से पहले ही 56 हजार मैनहॉल का उड़ाही का काम पूरा कर लिया है। निगम अधिकारियों ने इस संदर्भ में कहा कि शहर के छह अंचलों के 75 वार्डों में बीते जनवरी महीने से नाला उड़ाही का काम तेजी से किया जा रहा है। वहीं सभी वार्डों में इस काम के लिए मीनी सकर, सुपर सकर, पोकलेन, जेसीबी आदि मशीन से नाला सफाई के लिये मोपअप अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही सफाईकर्मियों के लिए भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं जिसमें शेफ्टी गेयर, गलब्स व अन्य सेफ्टी कीट की व्यवस्था है ताकि नाला सफाई के दौरान कोई हताहत न हो। बता दें कि मॉनसून के लिए निगम की टीमों के द्वारा एक और मास्टर प्लान बनाया गया है जिसमें शहर के करीब 75 हजार कैचपिट, मशीनहोल, स्लैब की जियो टैगिंग का काम पूरा किया जा चुका है। साथ ही टूटे हुए मशीन होल की मरम्मत का काम भी लगभग पूरा हो चुका है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि मॉनसून में मशीन होल एम्बुलेंस की सुविधा भी शुरू की जा चुकी है जिसमें बारिश के मौसम में रिपेयर के लिए डेडिकेटेड टीम मौजूद रहेगी। इससे मॉनसून पटनावासियों को गली-मुहल्लों व रास्ते पर जलजमाव व कीचड का सामना नहीं करना होगा।


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग)
## (कार्यालय, जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा।)

निबंधक, सहयोग समितियाँ, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1114(6) राँची दिनांक 15.05.2026 के आलोक में क्षेत्राधिकार अंतर्गत MPCS में सदस्यता वृद्धि हेतु गढ़वा जिला में सदस्यता वृद्धि अभियान दिनांक 15.06.2026 से 15.07.2026 तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक परिवार से मात्र एक व्यस्क व्यक्ति को सदस्यता प्रदान किया जाना है।

शिविर के आयोजन से संबंधित कार्यक्रम निम्न प्रकार है:—

| क0 | शिविर की तिथि | प्रखण्ड का नाम | लैम्पस/पैक्स का नाम | शिविर का स्थान | शिविर में भाग लेने वाले प्रभारी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी का नाम | जिला स्तरीय पदाधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 15.06.26 | गढ़वा | अंचला पैक्स, बिरबंधा पैक्स, भदुमा पैक्स, | अंचला पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 2 | | कांडी | कांडी पैक्स, डुमरसोता पैक्स, लमारीकला पैक्स | डुमरसोता पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 3 | | मेराल | विकताम पैक्स, ओखरगाड़ा पू0 पैक्स, ओखगाड़ा प0 पैक्स, | ओखरगाड़ा पश्चिम पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 4 | 16.06.26 | कांडी | राणाडीह पैक्स, शिवपुर पैक्स, खरसोता पैक्स, | राणाडीह पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 5 | | मेराल | गोंदा पैक्स, गेरूआ पैक्स, हसनदाग (रेजो पैक्स) | गोंदा पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 6 | | डंडई | जरही पैक्स, तसरार पैक्स, रारो पैक्स, | जरही पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 7 | 17.06.26 | मेराल | तेनार पैक्स, पडुआ पैक्स, लोआदाग पैक्स, | तेनार पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 8 | | धुरकी | धुरकी पैक्स, खुटिया पैक्स, खाला पैक्स | धुरकी पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 9 | | गढ़वा | बाना मसुरिया पैक्स, करूआकला पैक्स | बाना मसुरिया पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 10 | 18.06.26 | केतार | परसोडीह पैक्स, मुकुन्दपुर पैक्स, | मुकुन्दपुर पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 11 | | कांडी | चटनिया पैक्स, गरदाहा पैक्स, मझिमॉवा पैक्स, | मझिगावाँ पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 12 | | चिनियाँ | चिनियाँ पैक्स, डोल पैक्स, बरवाडीह पैक्स, | चिनियाँ पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 13 | 19.06.26 | रंका | बाहाहारा पैक्स, माणपुर पैक्स, खपरो पैक्स, | बहाहारा पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 14 | | गढ़वा | दुबे मरहटिया, परिहारा पैक्स, मध्या, तिलदाग, | दुबे मरहटिया पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 15 | | धुरकी | टाटीदीरी पैक्स, अम्बाखोरिया पैक्स, गनियारी कला पैक्स | टाटीदीरी पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 16 | 20.06.26 | खरौंधी | आरंगी पैक्स, कृपा पैक्स | आरंगी पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 17 | | केतार | केतार पैक्स, बालीगढ़ पैक्स, परतीकुशवाणी पैक्स | बालीगढ़ पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 18 | | मेराल | पेशका पैक्स, गेरूआसोती पैक्स, चामा पैक्स | पेशका पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 19 | 22.06.26 | रमना | टण्डवा पैक्स, करनपुरा पैक्स, गम्हरिया पैक्स, | करनपुरा पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 20 | | बरडीहा | ओबरा पैक्स, बरडीहा पैक्स, सलगा पैक्स | बरडीहा पैक्स, योगेन्द मेहता का दूकान | श्री काशी नाथ रवानी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 21 | | खरौंधी | खरौंधी पैक्स, सुण्डी पैक्स, राजी पैक्स, | खरौंधी पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 22 | 23.06.26 | रमना | रमना पैक्स, सिलिदाग पैक्स, मण्डवानियाँ पैक्स | सिलिदाग पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 23 | | सगमा | सगमा पैक्स, बीरबल पैक्स, | सगमा पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 24 | | भवनाथपुर | अरसली द0 पैक्स, भवनाथपुर पैक्स, चपरी पैक्स | भवनाथपुर पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 25 | 24.06.26 | खरौंधी | चॉदनी पैक्स, करिवाडीह पैक्स | करिवाडीह पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 26 | | मेराल | करकोमा पैक्स, बाना पैक्स | करकोमा पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 27 | | रमकंडा | चेटे पैक्स, विराजपुर पैक्स, बलिगढ़ पैक्स, हरहे पैक्स | बलिगढ पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 28 | 25.06.26 | मेराल | मेराल पू0 पैक्स, मेराल प0 पैक्स, संगबरिया पैक्स | संगबरिया पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 29 | | बड़गड़ | बड़गड़ लैम्पस, टेहरी लैम्पस, परसवार लैम्पस, मदगड़ी (च) लैम्पस | टेहरी लैम्पस | श्री पास्कल डुंगडुंग | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 30 | | कांडी | पतरिया पैक्स, पतिला पैक्स, बलियारी पैक्स | पतिला पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 31 | 27.06.26 | विशुनपुरा | विशुनपुरा पैक्स, अमहरखास पैक्स | विशुनपुरा पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 32 | | मझिआंव | पुरहे पैक्स, करूई पैक्स, सोनपुरवा पैक्स, बोदरा पैक्स | टडहे पंचायत भवन | मो0 हासिम अंसारी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 33 | | चिनियाँ | हेताड़कला पैक्स, रणपुरा पैक्स, बिलैतीखैर पैक्स, | बिलैतीखैर पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 34 | 29.06.26 | विशुनपुरा | पिपरी कला पैक्स, पतिहारी पैक्स, सारंग पैक्स | पिपरी कला पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 35 | | कांडी | हरिहरपुर पैक्स, घटहुआ पैक्स, | घटहुआ पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 36 | | सगमा | सोनडीहा पैक्स, कटहरकला पैक्स, | सोनडीहा पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 37 | 01.07.26 | गढ़वा | संग्रकला पैक्स, प्रतापपुर पैक्स | संग्रहकला पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 38 | | मेराल | पेशका पैक्स, गेरूआसोती पैक्स, चामा पैक्स | पेशका पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 39 | | नगरउटारी | नगरउटारी पैक्स, अघौरा भोजपुर पैक्स, | अघौरा भोजपुर पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 40 | 02.07.26 | नगरउटारी | पिपरडीह पैक्स, चितविश्रामपुर पैक्स, | चितविश्राम पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 41 | | रंका | भौरी पैक्स, चुतरू पैक्स, बेलमादामर पैक्स, | भौंरी पैक्स (गोदरमाना हाई स्कूल के पास समुदायिक भवन में) | श्री काशी नाथ रवानी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 42 | | रमना | हरदागकला पैक्स, भागोडीह पैक्स | भागोडीह पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 43 | 03.07.26 | रंका | तमगेकला पैक्स, रंका पैक्स | रंका पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 44 | | धुरकी | भण्डार पैक्स, रक्सी पैक्स | रकसी पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 45 | | बरडीहा | जतरो बंजारी पैक्स, सुखनदी पैक्स एवं आदर पैक्स | आदर पंचायत भवन | श्री पास्कल डुंगडुंग | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 46 | 04.07.26 | गढ़वा | फरहटिया पैक्स, उड़सुंगी पैक्स, बेलचम्पा पैक्स, | फरहटिया पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 47 | | भवनाथपुर | सिंदुरिया पैक्स, मकरी पैक्स | मकरी पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 48 | | रमकंडा | रमकंडा पैक्स, रक्सी पैक्स, उदयपुर पैक्स, | रमकंडा पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 49 | 06.07.26 | मझिआंव | खरसोता पैक्स, मोरवे पैक्स | मोरवे पंचायत भवन | मो0 हासिम अंसारी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 50 | | भण्डरिया | बिजका लैम्पस, मदगड़ी क लैम्पस, पार्ट लैम्पस | मदगड़ी (क) लैम्पस | श्री पास्कल डुंगडुंग | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 51 | | नगरउटारी | गरबांध पैक्स जंगीपुर पैक्स, पाल्हेकला पैक्स | गरबांध पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 52 | 07.07.26 | नगरउटारी | हलिवंता पैक्स, कुम्बाखुर्द पैक्स, | हलिवंता पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 53 | | गढ़वा | कल्याणपुर पैक्स, छतरपुर पैक्स, चिरौंजिया पैक्स, | कल्याणपुर पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 54 | | रंका | विश्रामपुर पैक्स, कटरा पैक्स, सेवाडीह पैक्स | सेवाडीह पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 55 | 08.07.26 | नगरउटारी | कुशदण्ड पैक्स, अहिरपुरवा पैक्स | अहिरपुरवा पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 56 | | डण्डा | डण्डा पैक्स, भिखही पैक्स, छपरदगा पैक्स | भिखही पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 57 | | कांडी | गाड़ाखुर्द पैक्स, खरौंधा पैक्स | गाडाखुर्द पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 58 | 09.07.26 | भण्डरिया | भण्डरिया लैम्पस, जनेवा लैम्पस,करचाली लैम्पस, | भण्डरिया लैम्पस | श्री काशी नाथ रवानी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 59 | | मझिआंव | रामपुर पैक्स, करमडीह पैक्स | करमडीह पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 60 | | रमना | बाहियारकला पैक्स, बाहियारखुर्द पैक्स, बुल्का पैक्स | बाहियारकला पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 61 | 10.07.26 | गढ़वा | जाटा पैक्स, ओबरा पैक्स | जाटा पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 62 | | डंडई | सोनेहरा पैक्स, डंडई पैक्स | डंडई पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 63 | 11.07.26 | डंडई | झोतर पैक्स, पचौर पैक्स | पचौर पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 64 | | मझिआंव | मझिआंव कला पैक्स, तलसबरिया पैक्स | मझिआंव कला पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 65 | 13.07.26 | केतार | लोहरगड़ा पैक्स, पाचाडुमर पैक्स | लोहरगड़ा पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 66 | | नगरउटारी | पुरैनी पैक्स, विलासपुर पैक्स | विलासपुर पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 67 | 14.07.26 | रंका | कंचनपुर पैक्स, खरडीहा पैक्स | कंचनपुर पैक्स, | मो0 हासिम अंसारी | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |
| 68 | | मेराल | आरंगी पैक्स, चचरिया पैक्स | आरंगी पैक्स, | श्रीमती संज्ञा आनन्द | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 69 | 15.07.26 | खरौंधी | अमरोरा पैक्स, सिसरी पैक्स | सिसरी पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 70 | | डंडई | करके पैक्स, लवाहीकला पैक्स, | करके पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ गढ़वा अंचल, गढ़वा |

सदस्यता ग्रहण करने हेतु समिति के अध्यक्ष/प्रबंधकारिणी को (प्रपत्र–v) में आवेदन करते हुए 10 रूपये सदस्यता शुल्क तथा 100 रूपये हिस्सा पूँजी मद में कुल–110 रूपये जमा करना होगा। समिति के द्वारा 15 दिनों के अन्दर नये सदस्यों को सदस्यता प्रदान कर दी जायेगी। यदि समिति के अध्यक्ष द्वारा सदस्य बनाने में कोताही बरती जाती है तो योग्य व्यक्ति जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा/सहायक निबंधक, सहयोग समिति, गढ़वा अंचल, गढ़वा के कार्यालय में आवेदन पत्र (प्रपत्र–v) तथा अपने फोटोयुक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड) छायाप्रति समर्पित करेंगे।

**जिला सहकारिता पदाधिकारी**
**गढ़व।**

PR 382369 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 26-27 (D)


# एमबीबीएस डॉक्टर बनने पर कमेन्द्र कुमार को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरूआ।** प्रखंड अंतर्गत मंडा गांव निवासी शिक्षक महेंद्र चौधरी के छोटे पुत्र कमेन्द्र कुमार के एमबीबीएस डॉक्टर बनने पर पासी समाज द्वारा उन्हें अंगवस्त्र, फूल-माला एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पासी समाज के जिला अध्यक्ष नरेश चौधरी, पूर्व मुखिया एवं जिला सचिव प्रमोद चौधरी, प्रखंड अध्यक्ष संजय चौधरी, युवा नेता संदीप कुमार चौधरी, शिक्षा सेवक प्रदीप चौधरी, रोजगार सेवक योगेन्द्र चौधरी, उपेन्द्र चौधरी सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने कमेन्द्र कुमार को उनकी सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि पासी समाज के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें और समाज के साथ-साथ गुरूआ प्रखंड, गया जिला एवं बिहार का नाम रोशन करें। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी पासी समाज द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को सम्मानित किया जा चुका है।

# हाइवा की टक्कर से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र के प्रधाना गांव निवासी एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह हादसा सोमवार दोपहर करीब 12 बजे औरंगाबाद जिले के हसपुरा प्रखंड अंतर्गत बिहटा गांव के समीप हुआ जहां एक तेज रफ्तार हाइवा ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रधाना गांव निवासी धर्मजीत कुमार (25 वर्ष), पिता कारू साव के रूप में हुई है। बताया गया कि उनकी ससुराल चनहट गांव में है। सोमवार सुबह वह बच्चों के लिए किताब खरीदने ससुराल गए थे। वहां से घर लौटने के दौरान बिहटा गांव के समीप यह हादसा हो गया।

# बिहार का नया कीर्तिमान : वित्तीय समावेशन में देश में दूसरा स्थान

## जन धन जमा 30 हजार करोड़ रुपये के पार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वित्तीय समावेशन के मामले में बिहार पूरे देश भर में दूसरा सबसे बड़ा योगदान करने वाला बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत राज्य में जमा राशि 30,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है जो ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खातों के बढ़ते उपयोग और बचत की प्रवृत्ति को दर्शाती है। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार बिहार राज्य में 6.87 करोड़ जन धन खाते हैं जिससे बिहार देश में दूसरे स्थान पर है। पहले स्थान पर उत्तर प्रदेश है जहां 10.32 करोड़ खातों में लगभग 64,000 करोड़ रुपये जमा हैं। राष्ट्रीय स्तर पर अप्रैल 2026 तक पीएमजेडीवाइ के तहत कुल जमा राशि 3.09 लाख करोड़ रुपये को पार कर चुकी है जबकि कुल खातों की संख्या 58.06 करोड़ हो गई है। यह दर्शाता है कि अब ये खाते केवल शून्य-बैलेंस खाते नहीं रह गए हैं बल्कि सक्रिय बचत खातों में बदल रहे हैं। बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार बिजनेस कॉरस्पॉन्डेंट नेटवर्क इस वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ये नेटवर्क बैंकिंग सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाकर वित्तीय समावेशन को मजबूत कर रहे हैं। बिहार में बीसी एजेंट घर-घर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं जिनमें जमा, निकासी और धन प्रेषण (रिमिटेंस) जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इससे लोगों की बैंक शाखाओं पर निर्भरता कम हुई है। इस मॉडल ने निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने और विशेष रूप से ग्रामीण जिलों में नियमित बचत को बढ़ावा देने में मदद की है। बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी लोकनाथ पांडा ने बताया कि बिहार में खातों की गतिविधियों में लगातार वृद्धि हो रही है। ग्राहक बचत और लेन-देन के लिए औपचारिक बैंकिंग माध्यमों का अधिक उपयोग कर रहे हैं। खातों में बढ़ती जमा राशि जमीनी स्तर पर वित्तीय जागरुकता और बैंकिंग व्यवस्था के प्रति बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। बता दें कि वित्तीय समावेशन में पश्चिम बंगाल भी लगभग 30,000 करोड़ रुपये जमा राशि और 5.64 करोड़ खातों के साथ बिहार के बराबर है। इसके बाद राजस्थान में 24,000 करोड़, महाराष्ट्र में 22,000 करोड़ और मध्य प्रदेश में 19,000 करोड़ रुपये जमा हैं। कर्नाटक, ओडिशा, झारखंड और गुजरात में 13,000-15,000 करोड़ रुपये के बीच जमा राशि दर्ज की गई है जो विभिन्न राज्यों में व्यापक वृद्धि को दर्शाती है।

# रोहतास समहुता में एडीएम हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास प्रखंड क्षेत्र के समहुता ग्राम के निकट एडीएम हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर का उद्घाटन चेनारी विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, शेरघाटी विधायक उदय नारायण सिंह, करगहर विधायक वशिष्ठ सिंह तथा पूर्व विधायक ललन पासवान डिहरी विधायक राजीव रंजन सिंह सोनू सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर बीबीसी विद्यालय के निर्माण कार्य शिलान्यास किया गया। अस्पताल के संस्थापक डॉ. वीरेंद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल में अस्थि रोग, स्त्री रोग सहित विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध रहेगी। कहा कि अब क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। अस्पताल में शीघ्र ही आयुष्मान भारत योजना के तहत भी मरीजों का इलाज शुरू किया जाएगा। अस्पताल के निदेशक राजबली सिंह यादव ने कहा कि संस्थान में आधुनिक तकनीक एवं उन्नत चिकित्सा उपकरणों की सहायता से मरीजों का उपचार किया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बीबीसी विद्यालय की आधारशिला रखी गई है जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उद्घोषक शंकर कैमूरी ने किया। इस मौके पर विभिन्न दलों के नेता जनप्रतिनिधि समाजसेवी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

संपादकीय

## गृहिणियां राष्ट्र निर्माता हैं...

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में गृहिणियों के योगदान पर एक महत्वपूर्ण फैसला देते हुए कहा कि 'गृहिणियां राष्ट्र निर्माता हैं' और उनके घरेलू व देखभाल संबंधी कार्यों का वास्तविक आर्थिक मूल्य है। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी प्रमुख टिप्पणियों में कहा कि गृहिणी को केवल 'आश्रित' मानना गलत है; वास्तव में पूरा परिवार उनके श्रम और देखभाल पर निर्भर रहता है। लिहाजा, महिलाओं द्वारा किया जाने वाला अवैतनिक घरेलू और देखभाल कार्य भारत की जीडीपी में अनुमानतः 15-17% तक योगदान देता है, फिर भी उसे पर्याप्त मान्यता नहीं मिलती। वह गृहणियां ही हैं जो बच्चों के पालन-पोषण, शिक्षा, संस्कार और मानव संसाधन निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में प्रत्यक्ष भूमिका निभाती हैं। इसलिए अदालत ने कहा कि घरेलू कार्य को आर्थिक विश्लेषण से बाहर रखना उचित नहीं है और कानून को गृहिणियों के श्रम, सेवा और त्याग का मूल्य स्वीकार करना चाहिए। निष्कर्ष यह कि गृहिणियां राष्ट्र निर्माता हैं, इसलिए उनके कार्यगत योगदान को कम मत आंकिए। देखा जाए तो एक ऐतिहासिक कदम के रूप में सुप्रीम कोर्ट ने मोटर दुर्घटना मुआवजा मामलों में गृहिणी के घरेलू योगदान का मूल्यांकन करते हुए कम-से-कम 30,000 प्रतिमाह का मानक निर्धारित किया है तथा 'घरेलू देखभाल का नुकसान' को अलग क्षतिपूर्ति मद के रूप में मान्यता दी है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी कहा था कि, 'गृहिणी का घर में किया गया कार्य उसके कार्यालय जाने वाले पति के काम से कम मूल्यवान नहीं है।' इसलिए न्यायपालिका का दृष्टिकोण अब स्पष्ट रूप से यह है कि गृहिणियां केवल परिवार की देखभाल करने वाली नहीं, बल्कि आर्थिक योगदानकर्ता और राष्ट्र निर्माता हैं। चुनौती अब यह है कि सरकारें, निजी संस्थान और समाज इस न्यायिक मान्यता को सामाजिक और आर्थिक नीतियों में कितना उतारते हैं। इस बात में कोई दो राय नहीं कि गृहिणियों का योगदान भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है, लेकिन विडंबना यह है कि उनके श्रम को अक्सर 'काम' के बजाय 'कर्तव्य' मान लिया जाता है। इसी कारण उनके योगदान को वह संस्थागत मान्यता नहीं मिल पाती जिसकी वे हकदार हैं। सवाल है कि गृहिणियों का आर्थिक योगदान कितना बड़ा है? तो अर्थशास्त्रियों और विभिन्न अध्ययनों के अनुसार यदि घर के भीतर किए जाने वाले कार्य–जैसे भोजन बनाना, बच्चों की देखभाल, बुजुर्गों की सेवा, घरेलू प्रबंधन, भावनात्मक देखभाल आदि–का बाजार मूल्य जोड़ा जाए, तो इसका योगदान जीडीपी के 15% से 40% तक आंका गया है। भारत में कई अध्ययनों ने इसे लगभग 15-17% या उससे भी अधिक बताया है। जीडीपीकेवल उन वस्तुओं और सेवाओं को गिनता है जिनका बाजार में लेन-देन होता है। गृहिणी का श्रम घर के भीतर होता है, इसलिए वह राष्ट्रीय आय के आंकड़ों में सीधे नहीं दिखता। दूसरा, ऐतिहासिक सामाजिक दृष्टिकोणः सदियों से घरेलू कार्यों को महिलाओं का 'स्वाभाविक दायित्व' माना गया। जब किसी कार्य को कर्तव्य मान लिया जाता है, तो उसका आर्थिक मूल्यांकन कम हो जाता है। एक गृहिणी दिनभर में दर्जनों काम करती है, लेकिन वे छोटे-छोटे हिस्सों में बंटे होते हैं। इसलिए उनका श्रम उतना दिखाई नहीं देता जितना किसी कार्यालय या फैक्ट्री में काम करने वाले व्यक्ति का। नीति निर्माण में कम प्रतिनिधित्वः सत्ता और नीति-निर्माण संस्थानों में लंबे समय तक पुरुषों का वर्चस्व रहा। परिणामस्वरूप घरेलू श्रम के आर्थिक मूल्यांकन का प्रश्न प्राथमिकता नहीं बन पाया। वेतन और मूल्य का भ्रमः समाज अक्सर मानता है कि जिस काम के बदले वेतन नहीं मिलता, उसका आर्थिक मूल्य भी नहीं है। जबकि गृहिणी का श्रम परिवार की आय और उत्पादकता को प्रत्यक्ष रूप से बढ़ाता है। घरेलू श्रम का नियमित आर्थिक मूल्यांकन। दूसरा, जनगणना और राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में गृहिणी श्रम का अलग लेखा-जोखा। सामाजिक सुरक्षा, पेंशन और बीमा योजनाओं का विस्तार। घरेलू कार्यों को 'अनपेड वर्क' के रूप में नीति दस्तावेजों में मान्यता। और पांचवां, परिवारों में घरेलू जिम्मेदारियों का अधिक समान वितरण।

गृहिणी केवल घर नहीं संभालती, वह भविष्य की पीढ़ी का निर्माण करती है। एक शिक्षक, डॉक्टर, सैनिक, वैज्ञानिक, उद्यमी या नेता बनने से पहले हर व्यक्ति किसी परिवार में पलता-बढ़ता है। उस प्रक्रिया में गृहिणियों का योगदान आधारशिला जैसा होता है। इसलिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि गृहिणियां केवल परिवार निर्माता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता भी हैं। चुनौती यह है कि समाज और संस्थाएं इस योगदान को भावनात्मक सम्मान के साथ-साथ आर्थिक और नीतिगत मान्यता भी दें।

# परीक्षा प्रणाली की अव्यवस्था में फंसते छात्र और टूटता भरोसा

**सवाल है कि सरकार ने एक देश, एक परीक्षा की नीति के तहत राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का गठन क्या सोचकर किया था। लाखों विद्यार्थी भाग्य आजमाने के लिए परीक्षाओं में बैठें और प्रश्नपत्र लीक हो जाए, तो इसे क्या कहेंगे। यह कितनी बड़ी त्रासदी है कि विद्यार्थी इंतजार कर रहे थे नतीजे का, अपने स्वर्णिम भविष्य का और उन्हें मिली निराशा। अब उन्हें दोबारा परीक्षा देनी होगी। ऐसा ही वर्ष 2024 में भी हुआ था, तब भी लाखों विद्यार्थी निराश हुए थे। प्रश्नपत्र लीक होने पर नीट यूजी 2026 को रद्द किया जाना कोई साधारण घटना नहीं। दोबारा परीक्षा लेने का निर्णय जरूर किया गया, लेकिन इससे विद्यार्थियों पर नाहक ही मानसिक दबाव बढ़ा है। जिन विद्यार्थियों ने परीक्षा दे दी थी, उन्हें मालूम है कि उन्होंने पिछली बार कितनी मेहनत से तैयारी की थी। अगर दोबारा परीक्षा के दौरान कोई सवाल हल नहीं कर पाए या पिछड़ गए, तब क्या होगा? ऐसे में विद्यार्थियों की मनःस्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।**

**सुरेश सेठ**

हम सामान्य या असाधारण परिस्थिति का सामना करते हुए जीवन भर परीक्षा देते हैं। मगर इस समय जो चुनौती देश के नौनिहालों के सामने खड़ी हो गई है, वह कहीं अधिक बड़ी है। भरपूर मेहनत करने के बाद जब वे डॉक्टर बनने का सपना साकार करना चाहते हैं, तो उनकी उम्मीदें टूट जाती हैं। इस बार भी यही हुआ। सीबीएसई की 'ऑनलाइन स्क्रीन मार्किंग' में जो शिकायतें आई, वह सबके सामने है। नीट के प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सुर्खियों में छाया रहा। देश की परीक्षा प्रणाली किस तरह विद्यार्थियों के भविष्य को दांव पर लगा रही है, इसे समझा जा सकता है। पिछले दिनों कुछ विद्यार्थियों ने इस त्रुटिपूर्ण परीक्षा प्रणाली से निराश होकर आत्महत्या कर ली। ये ऐसे विद्यार्थी थे जो भविष्य में चिकित्सक बनकर मरीजों की सेवा करना चाहते थे। समाज में मानवीयता को जिंदा रखना चाहते थे। आज वे स्वयं परीक्षा प्रणाली के कुचक्र में फंस गए हैं। वे खुद को असहाय महसूस करने लगे हैं। उन्हें लगता है कि रात-दिन इतनी मेहनत करने का क्या लाभ, जहां उनकी मेधा का ठीक से मूल्यांकन ही नहीं होता। नतीजा यह कि वे जीवन से भी हार जाते हैं। सवाल है कि हम देश की भावी पीढ़ी के लिए कैसी व्यवस्था तैयार कर रहे हैं।

कोटा से लेकर दिल्ली के कई इलाकों में देखा जा सकता है कि किस तरह युवा सिविल सेवा परीक्षा और नीट की तैयारी करते हैं। इस तैयारी में उनके माता-पिता की उम्मीदें भी जुड़ी रहती हैं। युवा निरंतर मेहनत करते हैं। वे परीक्षा देने जाते हैं और सभी प्रश्नों को सुलझाकर लौटते हैं, इस आशा के साथ कि अब कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ेंगे। मगर कुछ दिनों बाद पता चलता है कि प्रश्नपत्र लीक हो गया है। ऐसे में उनकी सारी आकांक्षाओं पर पानी फिर जाता है।इस बार नीट के मामले में यही हुआ। इस घटना ने लाखों नौजवानों को निराशा के दलदल में धकेल दिया। यह अजीब बात है कि देश में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के




गठन के बावजूद सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से परीक्षाएं संपन्न नहीं हो रहीं। इस व्यवस्था में भी भ्रष्टाचार का दीमक लग गया।

एनटीए की स्थापना से उम्मीद बनी थी कि विद्यार्थी महत्त्वपूर्ण परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर अपनी पसंद के कॉलेजों और विषयों में दाखिला लेंगे। मगर वास्तविक स्थिति सबके सामने है।

सवाल है कि सरकार ने एक देश, एक परीक्षा की नीति के तहत राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का गठन क्या सोचकर किया था। लाखों विद्यार्थी भाग्य आजमाने के लिए परीक्षाओं में बैठें और प्रश्नपत्र लीक हो जाए, तो इसे क्या कहेंगे। यह कितनी बड़ी त्रासदी है कि विद्यार्थी इंतजार कर रहे थे नतीजे का, अपने स्वर्णिम भविष्य का और उन्हें मिली निराशा। अब उन्हें दोबारा परीक्षा देनी होगी। ऐसा ही वर्ष 2024 में भी हुआ था, तब भी लाखों विद्यार्थी निराश हुए थे। प्रश्नपत्र लीक होने पर नीट यूजी 2026 को रद्द किया जाना कोई साधारण घटना नहीं। दोबारा परीक्षा लेने का निर्णय जरूर किया गया, लेकिन इससे विद्यार्थियों पर नाहक ही मानसिक दबाव बढ़ा है। जिन विद्यार्थियों ने परीक्षा दे दी थी, उन्हें मालूम है कि उन्होंने पिछली बार कितनी मेहनत से तैयारी की थी।

अगर दोबारा परीक्षा के दौरान कोई सवाल हल नहीं कर पाए या पिछड़ गए, तब क्या होगा? ऐसे में विद्यार्थियों की मनःस्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। कोई जरूरी नहीं कि वे दोबारा उसी क्षमता से परीक्षा दे पाएं। आज भी यह सवाल अपनी जगह कायम है कि आखिर वे कौन-सी खामियां थीं, जिनकी वजह से प्रश्नपत्र लीक हो गए। ये प्रश्नपत्र जयपुर से लेकर लातूर तक बिके। इतनी चाक-चौबंद व्यवस्था से प्रश्नपत्र बाहर निकल गए, तो शिक्षा व्यवस्था संभालने वालों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। आज विद्यार्थियों को दोबारा परीक्षा देने की तैयारी करनी पड़ रही है, तो इसका जिम्मेदार कौन है। इनमें से कई ऐसे होंगे, जिन्हें अपनी सफलता पर दोबारा शायद ही विश्वास होगा। यह दुखद ही है कि विद्यार्थियों के क्षोभ और गुस्से को शांत करने के लिए सत्ता से जुड़ा राजनीतिक नेतृत्व सामने नहीं आया।

अलबत्ता आभासी मंच पर बनी काकरोच जनता पार्टी ने दिल्ली में प्रदर्शन कर इसे मुद्दा जरूर बनाया और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। हालांकि इससे पहले विपक्षी दलों ने भी यह मांग की थी, लेकिन सरकार पर कोई असर नहीं पड़ा। अलबत्ता दोबारा परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थियों को मामूली राहत देकर उनके जख्मों पर मरहम लगाने की कोशिश जरूर की गई। यह हैरत की बात है कि परीक्षा में इतनी बड़ी गड़बड़ी के बावजूद एनटीए अपनी कमियों और त्रुटियों को मानने को तैयार नहीं। इससे एजेंसी के तौर-तरीके और उसके रवैये को समझा जा सकता है। प्रश्नपत्र लीक हो जाने के बाद भी वह कंप्यूटर माध्यम से ही परीक्षाएं लेने की बात करती रही। मगर अदालत में उनके तर्कों को दरकिनार कर दिया गया और स्पष्ट कर दिया गया कि फिर से कंप्यूटर के जरिए परीक्षा आयोजित करवाने का सवाल ही पैदा नहीं होता। इससे वस्तुस्थिति को समझा जा सकता है। आज चाक-चौबंद कंप्यूटर आधारित परीक्षा से भी भरोसा टूट रहा है। एनटीए को स्पष्ट कर दिया गया है कि दोबारा ली जा रही परीक्षा त्रुटिहीन होनी चाहिए। अगर फिर त्रुटि पाई जाती है, तो व्यवस्था जिम्मेदार होगी। अब विद्यार्थियों में परीक्षा प्रणाली में भरोसा कायम करना व्यवस्था का काम है।

पिछले दिनों काकरोच पार्टी ने दिल्ली में प्रदर्शन कर देश के नेतृत्व पर दबाव तो बनाया, लेकिन शिक्षा मंत्री न तो सामने आए और न इस्तीफा देने की हिम्मत दिखाई। जबकि हमारे यहां त्यागपत्र देने वाले उन नेताओं को याद किया जा सकता है, जिन्होंने भारी गड़बड़ियों, किसी लापरवाही या किसी हादसे के बाद स्वतः पद छोड़ दिया। आजकल के मंत्री तो कोई न कोई तकनीकी नुक्ता निकालकर इस तरह के दबाव से बच निकलते हैं। मौजूदा शिक्षा मंत्री भी मामूली राहत देकर चाहते हैं कि विद्यार्थी दोबारा परीक्षा दें और यह मामला शांत हो जाए। दोबारा परीक्षा के बाद भी क्या होगा, अभी कहना मुश्किल है। सीबीएसई की परीक्षा के बाद 'ऑनलाइन मार्किंग सिस्टम' की खामियां और उससे उपजी बेशुमार शिकायतें अब भी अनसुलझी हैं। विद्यार्थियों को अपना मूल्यांकन देखकर घोर निराशा हुई है। वे अब अपनी उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन चाहते हैं। डिजिटल होते देश की यह बड़ी नाकामी है।

दावा है कि हमारी डिजिटल ताकत दुनिया में सबसे अव्वल देशों में से एक है, लेकिन इधर मूल्यांकन हुआ, उधर पोर्टल ठप पड़ गया। कई दिनों तक यह खुला ही नहीं। बड़े-बड़े तकनीकी विशेषज्ञ इसमें जुटे रहे। कई दिनों तक विद्यार्थी तनाव में रहे। सरकार ने कदम तब उठाया, जब बात बिगड़ चुकी थी। सीबीएसई से असंतुष्ट छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया, तो पाया गया कि ऑन-स्क्रीन मूल्यांकन का तरीका सही नहीं था। इसकी पहले से कोई तैयारी ही नहीं की गई थी और न ही शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया था। इस पूरे परिदृश्य को देखकर ऐसा लगता है कि देश की परीक्षा प्रणाली एक गहरे दुश्चक्र में फंस चुकी है।

अध्यात्म

## श्रम का पुरस्कार

बहुत दिनों पहले की बात है, गिलहरी पूरी तरह काली हुआ करती थी। छोटी-छोटी झाड़ियों के बीच, घास के मैदानों में, ऊँचे बड़े पेड़ों पर रेंगती फिरती कूदती फाँदती लेकिन लोग उसे सुंदर प्राणी नहीं समझते थे। गिलहरी को गाँव के परिवारों के साथ रहना पसंद था लेकिन गाँव वाले उसे पसंद नहीं करते थे। वह घरों में पहुँच जाती तो बच्चे डर जाते और लोग उसे भगाने लगते।

गाँव में एक आश्रम था जिसमें साधू बाबा रहते थे। गिलहरी उनके पास रहने लगी। जो बाबा खाते वह गिलहरी खाती, जो वे यज्ञ हवन करते उसकी साक्षी बनती और जो वे जप मंत्र पढ़ते उसके पुण्य का लाभ उठाती। धीरे धीरे गिलहरी बीज, कंद और मूल खाने वाली साध्वी बन गई। कुछ समय बाद बाबा रामेश्वरम की तीर्थयात्रा पर निकले तो वह गिलहरी भी उनके साथ हो ली। रामेश्वरम के समुद्र तट पर बाबा ने जहाँ डेरा डाला वहीं किसी पेड़ पर एक कोटर में गिलहरी ने भी अपना घर बना लिया।

रामेश्वरम में थोड़ा ही समय बीता था कि राम और रावण का युद्ध छिड़ गया और राम जी ने सिंधु में सेतु निर्माण का कार्य प्रारम्भ कर दिया। नल और नील के नेतृत्व में बन्दर और भालू समुद्र में पत्थर डालकर सेतु बनाने लगे। यह देखकर गिलहरी भी रेत के कण उठाकर समुद्र में डालने लगी। यह छोटा सा काम था लेकिन बड़े निर्माण में छोटे से छोटे काम का महत्व होता है, यह समझकर नल नील ने उसे टोका नहीं और वह अपना काम करती रही। भगवान राम भी उसे चुपचाप काम करते देखते। जिस दिन पुल का निर्माण पूरा हुआ, उस दिन, नन्हीं सी गिलहरी द्वारा प्रदर्शित उत्तरदायित्व, लगन और श्रम की भावना को पुरस्कृत करने के लिये भगवान राम ने उसे अपने हाथों में उठाया और आशीर्वाद से भरी अपनी अँगुलियों को उस पर फेरा।

आश्चर्य ! भगवान राम के हाथ और ऊँगलियों के निशान जहाँ लगे वहाँ का रंग भगवान की त्वचा जैसा साँवला हो गया और वह अत्यंत आकर्षक दिखाई देने लगी। कहते हैं तभी से गिलहरी की गणना सुंदर प्राणियों में होने लगी। गाँव के बच्चे उसे देखकर खुश हो जाते, उसे बगीचों से कोई नहीं भगाता और लोग उससे खूब प्रेम करते। गिलहरी को मिले इस वरदान से उसके आगे की संतति भी सुंदर हुई। अंत में जब सेतु निर्माण का इतिहास लिखा गया तब हर कवि और रचनाकार ने उस नन्हीं गिलहरी का उल्लेख अपनी रचना में किया।

# बदलते बाजार में एक फेरीवाले का टूटता संसार...

**वह हर रोज सुबह एक नई जंग के लिए निकलता है, यह जानते हुए भी कि इस बाजार में उसकी हार पहले से ही तय है। अब तो गलियों में उसकी आवाज भी जैसे घुटकर रह गई है। पहले उसकी एक हांक पर पूरा मोहल्ला जीवंत हो उठता था। अब उसकी आवाज कलाई घड़ियों के अलार्म और मोबाइल की रील के शोर में कहीं दफ्न हो गई है। लोग अपने घरों के ऊंचे दरवाजे और खिड़कियां बंद कर लेते हैं, ताकि बाहर की धूल और वह दरिद्रता भीतर न आ सके। वह बंद दरवाजों को देखता है, अपनी सूखी जीभ से होंठों को चाटता है और बिना कुछ कहे आगे बढ़ जाता है। उसकी पीठ झुक गई है, बाल समय से पहले सफेद हो गए हैं और हाथों की नसें इस तरह उभर आई हैं जैसे कोई सूखा हुआ दरख्त हो। वह एक जीता-जागता भूत बन चुका है, जो इंसानों की बस्ती में अपनी खोई हुई जिंदगी ढूंढ रहा है। आखिर में जब वह इतिहास के पन्नों से पूरी तरह गायब हो जाएगा, तब शायद हम उसे याद करें, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होगी।**

**सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

बचपन की यादों के किसी कोने में आज भी वह एक दृश्य ठहरा हुआ है- गांव की चौहद्दी पर लगे मेले की धूल, तपती गर्मी और उस सबके बीच से गुजरती एक पुरानी, चरमराती साइकिल। उस साइकिल के पीछे कैरियर पर बंधी एक बांस की खपच्ची, जिसमें खोंसे हुए रंग-बिरंगे भोंपू, प्लास्टिक की गुड़िया, टिक-टिक करती तीतर-बटेर वाली गाड़ियां और हवा में लहराती लाल-पीली पन्नियों की फिरफिरियां। वह महज खिलौने बेचने वाला नहीं था, वह सीधे अपनी पीठ पर खुशियों का पूरा का पूरा संसार लादे चला आता था।

उसकी साइकिल की घंटी बजती थी, तो लगता था जैसे पूरे मोहल्ले के बच्चों के फेफड़ों में नई हवा भर गई हो। आज लगता है कि हम सब बड़े क्या हुए, उस साइकिल वाले की पूरी दुनिया ही कहीं खो गई। अब न वह घंटी सुनाई देती है, न मेले की उस धूल में वह जानी-पहचानी सूरत दिखाई देती है। ऐसा लगता है कि वक्त की तेज रफ्तार ने उस गरीब के पैरों के पैडल ही छीन लिए हैं।

ऑनलाइन खरीदारी वाले इस नए जमाने में उस गरीब फेरीवाले की पोटली अब कबाड़ का ढेर लगने लगी है। वह हर सुबह उठकर अपनी साइकिल की उतरी हुई चेन चढ़ाता है, जी-तोड़ पैडल मारता है, पर कमबख्त वक्त का पहिया उससे बहुत आगे निकल चुका है। बाजार के इस चमचमाते मलबे के नीचे उसकी उम्मीदें और छोटा-सा हुनर घुटकर दम तोड़ चुके हैं।

लोग सच ही कहते हैं कि भूखे भजन न होय गोपाला, पर यहां तो पूरी जिंदगी ही भूख का अंतहीन भजन बन गई है। यह सोच कर किसी का भी कलेजा फट जाए कि जो शख्स दूसरों के बच्चों के होठों पर चंद रुपयों में मुस्कान बिखेरने की जिद में अपनी एड़ियां घिस देता है, उसके अपने मासूम बच्चे रात को अक्सर भूखे पेट, रोते हुए सो जाते हैं। उसकी उस फटी कमीज के मैल और पसीने की गंध में ईमानदारी की आखिरी गवाही बची है, जिसे यह बेरहम दुनिया देखना ही नहीं चाहती।

मेले का मतलब कभी होता था रिश्तों का मिलना, खुशियों का साझा होना, लेकिन अब मेले भी कॉरपोरेट हो गए हैं। बड़े-बड़े पंडाल, टिकट वाले झूले और वीआईपी पास के बीच उस साइकिल वाले को बाहर से ही खदेड़ दिया जाता है। डांट सुन कर सिर्फ उसकी साइकिल पीछे नहीं हटती, बल्कि उसका आत्मसम्मान भीतर तक लहूलुहान हो जाता है।

वह अपनी ढीली पड़ चुकी चप्पल को घसीटता हुआ, सिर झुकाए किसी पेड़ की छांव में जा खड़ा होता है। उसकी वह लाचारी, उसका वह मौन विलाप देखकर आसमान का कलेजा भी कांप उठता होगा। उसने कभी किसी से भीख नहीं मांगी, उसने तो बस अपने पसीने की बूंदों से खिलौने सींचे थे, पर इस बेरहम दुनिया ने उसे उसकी ईमानदारी का यही सिला दिया।

ऐसा लगता है कि वह सिर्फ एक खिलौने बेचने वाला नहीं, बल्कि हमारी गुजर चुकी मासूमियत का



आखिरी कफन है, जो धीरे-धीरे मैला हो रहा है। हम जितने आधुनिक हो रहे हैं, उतने ही कसाई होते जा रहे हैं। हमें तरस आता है भूखे जानवरों पर, हम सोशल मीडिया पर संवेदनाओं के समंदर बहा देते हैं, पर सामने खड़े उस जीते-जागते मरते हुए इंसान की सिसकी हमारे कानों तक नहीं पहुंचती। उसकी साइकिल का वह जर्जर ढांचा, जिसका हैंडल अब मुड़ चुका है और जिसकी गद्दी फटकर रुई उगल रही है, ठीक उसकी जिंदगी का आईना है। वह हर रोज सुबह एक नई जंग के लिए निकलता है, यह जानते हुए भी कि इस बाजार में उसकी हार पहले से ही तय है। अब तो गलियों में उसकी आवाज भी जैसे घुटकर रह गई है। पहले उसकी एक हांक पर पूरा मोहल्ला जीवंत हो उठता था! अब उसकी आवाज कलाई घड़ियों के अलार्म और मोबाइल की रील के शोर में कहीं दफ्न हो गई है। लोग अपने घरों के ऊंचे दरवाजे और खिड़कियां बंद कर लेते हैं, ताकि बाहर की धूल और वह दरिद्रता भीतर न आ सके। वह बंद दरवाजों को देखता है, अपनी सूखी जीभ से होठों को चाटता है और बिना कुछ कहे आगे बढ़ जाता है। उसकी पीठ झुक गई है, बाल समय से पहले सफेद हो गए हैं और हाथों की नसें इस तरह उभर आई हैं जैसे कोई सूखा हुआ दरख्त हो। वह एक जीता-जागता भूत बन चुका है, जो इंसानों की बस्ती में अपनी खोई हुई जिंदगी ढूंढ रहा है। आखिर में जब वह इतिहास के पन्नों से पूरी तरह गायब हो जाएगा, तब शायद हम उसे याद करें, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होगी। हमने अपनी तरक्की की वेदी पर एक बेहद मासूम और ईमानदार वजूद की बलि चढ़ा दी होगी। जब भी कभी किसी पुरानी अलमारी से वह धूल खाती हुई प्लास्टिक की फिरफिरी मिले, तो यह सोचने की जरूरत है कि इसे बेचने वाले के घर में उस दिन दीया जला था या नहीं।

वह साइकिल वाला कोई कहानी का पात्र नहीं है, वह हमारी आंखों के सामने दम तोड़ती हुई एक संस्कृति है, जिसकी मौत पर न कोई मातम मनेगा, न कोई आंसू बहाएगा। बस, हवा में उसकी साइकिल की वह आखिरी घंटी कहीं गूंजकर हमेशा-हमेशा के लिए खामोश हो जाएगी और हम अपनी सजी-धजी दुनिया में मगन रहेंगे, यह भूलकर कि किसी का पूरा वजूद हमारी बेरुखी की भेंट चढ़ गया।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

मन में कुछ नया करने की प्रेरणा जागेगी और उसका असर आपके काम और बिजनेस दोनों में साफ नजर आएगा। अधूरे काम तेजी से पूरे होंगे।

**वृषभ**

आज मन थोड़ा उलझा-उलझा रह सकता है। किसी काम को लेकर डर या असमंजस आपको बेचैन करेगा, लेकिन धैर्य ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा।

**मिथुन**

आज आर्थिक स्थिति मजबूत होती नजर आएगी। आय बढ़ाने के मौके मिलेंगे और भविष्य को लेकर आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

**कर्क**

आज का दिन प्रगति और सहयोग से भरा रहेगा। वरिष्ठ लोगों का साथ मिलने से काम तेजी से पूरे होंगे और आर्थिक स्थिति मजबूत करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**सिंह**

आज भाग्य आपका साथ देगा और अटके हुए काम आगे बढ़ते नजर आएंगे। अगर किसी काम में रुकावटें थीं, तो अब रास्ता साफ होगा।

**कन्या**

आज आपको संतुलन और सावधानी दोनों की जरूरत होगी। संतान की संगति पर नजर रखें और वाहन चलाते समय भी पूरी सतर्कता बरतें।

**तुला**

आज का दिन सुकून और अपनापन लेकर आएगा। जीवनसाथी का साथ आपको मानसिक मजबूती देगा और रिश्तों में प्यार बढ़ेगा।

**वृश्चिक**

विरोधियों पर पकड़ मजबूत रहेगी और नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है। बिजनेस से जुड़ा कोई काम यात्रा पर ले जा सकता है।

**धनु**

आज व्यापार और करियर दोनों के लिए अच्छा दिन रहेगा। सेहत में सुधार महसूस होगा, लेकिन धन उधार लेने से बचना बेहतर रहेगा। कार्यस्थल पर अपनी बात साफ-साफ रखें।

**मकर**

आज सेहत के मामले में राहत मिलेगी और माता-पिता का आशीर्वाद आपके लिए सौभाग्य लेकर आएगा। रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। जिम्मेदारियों को टालने से बचें।

**कुंभ**

आज मेहनत का फल साफ नजर आएगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा। साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी, जिससे बड़े फैसले लेने में आसानी होगी।

**मीन**

आज का दिन सकारात्मक परिणाम देने वाला रहेगा। समझदारी से किया गया निवेश अच्छा फायदा दे सकता है। रुका हुआ धन वापस मिलने से राहत मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### एमएलसी अरविंद शर्मा का भव्य स्वागत



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवनिर्वाचित बिहार विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) बनने के बाद अरविंद शर्मा का अपने गांव बालिपाकर में ग्रामीणों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने अरविंद शर्मा के जनसेवा, सामाजिक कार्यों और क्षेत्रीय विकास के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। ग्रामीणों ने उनके नेतृत्व में क्षेत्र के विकास की उम्मीद जताई। मुखिया प्रत्याशी जय कुमार ने एमएलसी के उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बालिपाकर सहित पूरे पंचायत क्षेत्र के लोग विकास कार्यों में उनका हरसंभव सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र की एकता, सामाजिक सौहार्द और विकास के प्रति सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। समारोह के अंत में ग्रामीणों ने क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

### अवैध बालू खनन जेसीबी ट्रैक्टर जब्त, 11 लाख का जुर्माना

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध बालू खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को खनन विभाग और भगवानगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। भगवानगंज थाना क्षेत्र के मुरगियाचक स्थित मोरहर नदी से बालू लदा एक ट्रैक्टर और खनन कर रही जेसीबी को रंगे हाथ पकड़ा गया। छापेमारी के दौरान चालक मौके से फरार हो गए। खनन विभाग के पदाधिकारी उत्तम कुमार सिंह ने बताया कि जब्त वाहनों पर करीब 11 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इस संबंध में भगवानगंज थाने में अवैध बालू खनन को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस कार्रवाई के बाद इलाके के बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। भगवानगंज थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र से लगातार अवैध बालू खनन की शिकायतें मिल रही थीं। इसी को लेकर खनन विभाग के साथ संयुक्त ऑपरेशन चलाया गया।थानाध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि भगवानगंज थाना क्षेत्र में मोरहर नदी से अवैध बालू खनन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।



### अमावस्या व्रत पर बाढ़ में उमड़ा आस्था का सैलाब

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अमावस्या तिथि के अवसर पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही गंगा घाटों और विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। अमावस्या व्रत के अवसर पर महिलाओं ने विशेष रूप से पीपल वृक्ष की विधि-विधान से पूजा की तथा उसकी परिक्रमा कर अपने पति की दीर्घायु, परिवार की खुशहाली और अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा। पूजा के दौरान मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। स्थानीय पुजारी मुन्ना पांडेय ने बताया कि सनातन परंपरा में अमावस्या के दिन पीपल वृक्ष की पूजा और परिक्रमा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि श्रद्धा और नियमपूर्वक पूजा करने से परिवार में सुख-शांति बनी रहती है तथा सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पूरे दिन गंगा घाटों और मंदिर परिसरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। प्रशासन की ओर से भी भीड़ को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं, जिससे श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। अमावस्या के अवसर पर बाढ़ पूरी तरह श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के रंग में रंगा नजर आया।



### अंतरजिला गिरोह के 5 बदमाश गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के शिवनार बाईपास पर हुई मोबाइल लूट की घटना का पुलिस ने 72 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। छतरपुरा निवासी टुनटुन महतो से फोरव्हीलर सवार बदमाशों ने चाकू की नोक पर मोबाइल लूट लिया था।घटना के बाद मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी अनुसंधान शुरू किया। जांच के दौरान पुलिस ने बाढ़ इलाके से गाड़ी सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों के पास से लूट का मोबाइल समेत कुल 15 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।पुलिस के अनुसार चारों आरोपी एक अंतरजिला चोर गिरोह के सदस्य हैं जो कई जिलों में सक्रिय थे। इस कार्रवाई में मोकामा थाना के साथ अन्य थानों की पुलिस भी शामिल रही।वहीं दूसरी बड़ी कार्रवाई में पुलिस ने कुख्यात शराब तस्कर मोदनगाछी निवासी प्रदीप पासवान को भी गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि मोबाइल लूट मामले में गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

### हथियार के साथ एक गिरफ़्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडारक थाना की पुलिस ने बदले की नियत से हथियार लेकर घूम रहे पंकज कुमार उर्फ बटोरन को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष नवनीत राय ने जानकारी साझा करते हुए लगभग 3 बजे बताया कि उसके पास से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।पुलिस की सतर्कता और कार्रवाई से संभावित अपराधिक घटना टल गई। पुलिस के अनुसार आरोपी का हत्या, आर्म्स एक्ट समेत लगभग 1 दर्जन मामलों का आपराधिक इतिहास रहा है। फिलहाल पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### सरकारी अस्पताल में इलाज के नाम पर अवैध वसूली

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडलीय अस्पताल के कर्मचारी स्वास्थ्य सेवा देने के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं सोमवार को यह मामला प्रकाश में आया जब एक व्यक्ति की तबीयत खराब होने के बाद अस्पताल में इलाज चल इस दौरान अस्पताल के पुरुष सेवक (नर्स) विजय कुमार तिवारी सरकारी सेवक के द्वारा मरीज के परिजनों से इलाज करने के नाम पर उसे ₹200 ले लिए इस दौरान जब अस्पताल से मरीज की छुट्टी हुई तो उसे ऑटो पर सवार होकर जाने के लिए एक भी पैसे नहीं बचे भर्ती मरीज के परिजन ने जब भाड़े की मांग की तो आरोपी कर्मचारी टाल मटोल करने लगे इसके बाद महिला ने रोना धोना शुरू कर दिया क्योंकि उसे घर तक पहुंचाने के लिए उसे और उसके पति एवं बच्चों के पास एक भी रुपए नहीं थे देखते-देखते लोगों की भी इकट्ठा हो गई इसके बाद बात कार्यालय तक पहुंच गई कार्यालय के लोगों ने कर्मचारियों को फटकार लगाना शुरू कर दी साथी ही यह भी बताएं कि तिवारी के द्वारा हर मरीज से अवैध वसूली की जाती है और कई बार इसकी शिकायत मिल चुका है लेकिन आज तक आरोपी पर कोई कार्रवाई नहीं हुए लिहाजा लोग अस्पताल में अवैध वसूली करने वाले सरकारी कर्मी के कार्यशैली से परेशान है लोगों ने इसकी शिकायत सिविल सर्जन से करने की बात कही है।

### टेंपो से 200 लीटर अवैध देसी शराब जब्त

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पिपरा पुलिस ने रविवार देर शाम बाजितपुर गांव के पास वाहन चेकिंग के दौरान लावारिस हालत में खड़े एक टेंपो से पुलिस ने करीब 200 लीटर देसी शराब जब्त की है।पिपरा थानाध्यक्ष ने बताया कि बाजितपुर गांव के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान सड़क किनारे एक ऑटो लावारिस स्थिति में खड़ी मिली। जांच करने पर ऑटो में पॉलिथीन में भरा हुआ लगभग 200 लीटर देसी शराब बरामद हुआ। पुलिस को दूर से देखकर ऑटो चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस जब्त ऑटो के नंबर के आधार पर उसके मालिक का पता लगा रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि इलाके में देसी शराब के भंडारण और बिक्री को रोकने के लिए लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



# मसौढ़ी में कृषि कल्याण चौपाल का आयोजन

## किसानों को जैविक खेती और मोटे अनाज उत्पादन के लिए किया प्रेरित





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड की पंचायतों में किसानों को खेती की आधुनिक तकनीक और सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए कृषि कल्याण चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में सोमवार को चरमा पंचायत और चपौर पंचायत में कृषि जन कल्याण चौपाल का आयोजन किया गया इसके तहत किसानों को खेती से जुड़े विभिन्न कार्यों के प्रति जागरूक किया गया। चौपाल में किसानों को खेतों में जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने मोटे अनाज यानी मिलेट्स के उत्पादन को बढ़ावा देने पर बल दिया। किसानों को बताया गया कि मोटे अनाज स्वास्थ्य के साथ-साथ कम पानी में भी बेहतर उपज देते हैं। इस दौरान खेतों में यूरिया खाद के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले नुकसान के बारे में भी किसानों को अवगत कराया गया। विशेषज्ञों ने यूरिया का संतुलित और कम इस्तेमाल करने की सलाह दी ताकि मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहेचौपाल में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही किसान कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया भी समझाई गई। कृषि कल्याण चौपाल मसौढ़ी की हर पंचायत में तिथिवार लगाई जा रही है। इस मौके पर किसान सलाहकार, भुवनेश्वर सिंह कृषि समन्वयक, इंद्रजीत कुमार एटीएम रंजीत कुमार तथा बड़ी संख्या में पंचायत के किसान मौजूद रहे।

# एमबीए की पढ़ाई कर रहे युवक की सड़क हादसे में मौत





**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीपीसी थाना क्षेत्र के नवादा गेट के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में टइअ की पढ़ाई कर रहे एक युवक की मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है, वहीं मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान सहनौरा निवासी आनंद कुमार उर्फ पप्पू के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि आनंद कुमार अपनी बाइक से किसी काम से सुबह 3:30 बजे जा रहा था। इसी दौरान नवादा गेट के समीप तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी और कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों और परिजनों की मदद से घायल आनंद को इलाज के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की असमय मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों के अनुसार, आनंद कुमार पढ़ाई में काफी मेधावी था और टइअ की पढ़ाई कर रहा था। परिवार को उससे काफी उम्मीदें थीं, लेकिन इस हादसे ने सब कुछ छीन लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मोकामा रेलवे स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण को लेकर आरपीएफ-जीआरपी अलर्ट, माइकिंग से कर रहे जागरूक



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार पुलिस परीक्षा के मद्देनजर मोकामा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए आरपीएफ और जीआरपी ने संयुक्त रूप से विशेष सतर्कता अभियान शुरू किया है। ट्रेनों में बढ़ती भीड़ और यात्रा के दौरान हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्लेटफॉर्म पर लगातार माइकिंग के जरिए यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है।रेल थानाध्यक्ष नीतीश कुमार और आरपीएफ उप निरीक्षक जयंत कुमार मिश्रा अपने बल के साथ सभी प्लेटफॉर्म पर मौजूद हैं।दोनों अधिकारी खुद यात्रियों को ट्रेन में चढ़ाने और उतारने का कार्य करा रहे हैं ताकि धक्का-मुक्की और हादसों से बचा जा सके।यात्रियों से अपील की जा रही है कि चलती ट्रेन में न चढ़ें, दरवाजे पर न लटकें और भीड़ में धैर्य बनाए रखें।इन दिनों बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा चल रही है, जिसके कारण मोकामा स्टेशन पर परीक्षार्थियों और आम यात्रियों की संख्या सामान्य से कई गुना बढ़ गई है। इसी को देखते हुए आरपीएफ और जीआरपी ने निगरानी कड़ी कर दी है।

## 'रक्तदान करें, जीवन दान दें': विश्व रक्तदाता दिवस पर पारस हेल्थ में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्वरक्तदाता दिवस के अवसर पर पारस हेल्थ, पटना द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर ज्यादा से ज्यादा की संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया। शिविर का उद्देश्य सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी.के. चौधरी, निदेशक, सीआईडी बिहार रहे। इस अवसर पर उन्होंने अपना 50वां रक्तदान कर समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पारस हेल्थ के वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सक, कर्मचारी एवं आम नागरिक भी उपस्थित रहे। डॉ. शांतनुकुमार, कंसल्टेंट, ब्लडसेंटर, पारसहेल्थ, पटना ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महादान है जो किसी जरूरतमंद मरीज को नया जीवन दे सकता है। सुरक्षित और पर्याप्त रक्त की उपलब्धता के लिए नियमित स्वैच्छिक रक्तदान अत्यंत आवश्यक है। हमें खुशी है कि आज बड़ी संख्या में लोगों ने इसने क कार्य में भागीदारी निभाई। अनिल कुमार, जोनल डायरेक्टर, पारस हेल्थ ने कहा कि पारस हेल्थ केवल गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी गंभीरता से निभाता है। विश्वरक्तदाता दिवस पर आयोजित यह शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रतिहमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम सभी नागरिकों से नियमित रक्तदान के लिए आगे आने की अपील करते हैं। मुख्य अतिथि श्री बी.के. चौधरी, निदेशक (एसपीबी), सीआईडी बिहार ने कहा कि आज मेरा 50वां रक्तदान है और यह मेरे लिए गर्व का विषय है। रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित है और इससे किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। मैं युवाओं एवं समाज के सभी सक्षम लोगों से आग्रह करता हूं कि वेनियमित रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दें।" शिविर के दौरान रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। पारस हेल्थ की ब्लड सेंटर टीम ने रक्तदान की पूरी प्रक्रिया को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। 'रक्तदान करें, जीवन दान दें' के संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# आर.के.डी. कॉलेज में 'विश्व रक्तदान दिवस' पर रक्तदान शिविर का सफल आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आर.के.डी. कॉलेज, पटना के प्रांगण में आज 'विश्व रक्तदान दिवस' के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना और राष्ट्रीय कैडेट कोर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सीता सिन्हा ने रक्तदान को 'महादान' बताते हुए कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है और युवाओं द्वारा किया गया यह प्रयास समाज में जीवन की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्रों के इस सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि आर.के.डी. कॉलेज सदैव सामाजिक सरोकार के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। इस अवसर पर एन.सी.सी सी टी ओ डॉ. अविनाश रंजन और एन.सी.सी कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. के.के. राय ने संयुक्त रूप से शिविर का संचालन किया। डॉ. अविनाश रंजन ने युवाओं को अनुशासन और सेवा के महत्व के बारे में प्रेरित किया, वहीं डॉ. के.के. राय ने स्वयंसेवकों को रक्तदान के स्वास्थ्य संबंधी लाभों और मिथकों को दूर करने के प्रति जागरूक किया। शिविर में महाविद्यालय के छात्रों, एन.एस.एस. स्वयंसेवकों और एन.सी.सी. कैडेट्स ने भारी उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर शिविर में हिस्सा लिया। इस अवसर पर कॉलेज के अन्य शिक्षकगण, कर्मचारी और भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## महिला ने लगाए दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा के आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के नवादा गांव से एक महिला के साथ दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता कविता देवी ने अपने ही ससुराल पक्ष पर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार, करीब 15 साल पहले उसकी शादी बिना दहेज के वादे के साथ हुई थी। ससुर ने खुद उसके पिता को भरोसा दिलाया था कि वे तिलक या दहेज नहीं लेंगे। लेकिन शादी के एक साल बाद ही ससुराल वालों ने पैसे की मांग शुरू कर दी और उसे लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा। कविता देवी ने बताया कि उसे घर में बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित रखा जाता था। बाथरूम जाने और पानी लेने तक पर रोक लगाई जाती थी।

# शोभा सिंह का निधन, शिक्षा जगत में शोक की लहर



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार में प्रबंधन एवं सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षा के अग्रदूत स्वर्गीय प्रो. उत्तम कुमार सिंह की धर्मपत्नी तथा प्रो. रोहित सिंह की माता, श्रीमती शोभा सिंह का 72 वर्ष की आयु में पटना में सेप्सिस के कारण निधन हो गया। हाल ही में उनका टोटल नी रिप्लेसमेंट (घुटना प्रत्यारोपण) हुआ था, जिसके उपरांत उत्पन्न जटिलताओं के कारण उन्होंने अंतिम सांस ली। श्रीमती शोभा सिंह रसायन विज्ञान में स्नातक थीं तथा एक अत्यंत धार्मिक, अनुशासित एवं सेवाभावी व्यक्तित्व की धनी थीं। उन्होंने सदैव बिहार के युवाओं के शिक्षा-सशक्तिकरण एवं क्षमता-विकास के विचार को बढ़ावा दिया तथा स्वर्गीय प्रो. उत्तम कुमार सिंह द्वारा स्थापित शिक्षा मिशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे न केवल एक आदर्श गृहिणी थीं, बल्कि एक दूरदर्शी शिक्षाविद् एवं समाजसेवी के रूप में भी जानी जाती थीं। संस्थान के विकास और हजारों विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में उनका मौन किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्हें स्वर्गीय प्रो. यू.के. सिंह जैसे दूरदर्शी व्यक्तित्व की सफलता के पीछे प्रेरणास्रोत एवं सशक्त सहयोगी के रूप में सदैव याद किया जाएगा। उनके निधन से इंडियन इन्च्यिूट ऑफ विजनेश मैनेजमेंट तथा डॉ. जाकीर हुसैन इन्च्यिूट परिवार, शिक्षकों, कर्मचारियों, पूर्व छात्रों एवं वर्तमान विद्यार्थियों में गहरा शोक व्याप्त है।

# दहेज हत्या के दोषी पति मुकेश चौधरी को मसौढी न्यायालय ने उम्रकैद की सुनाई सजा, लगाया 25 हजार का जुर्माना

## धनरूआ थाना कांड संख्या 409/24 में ADJ-1 संकेश चंद्रा ने सुनाई सजा



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी सिविल कोर्ट के एडीजे-1 संकेश चंद्रा की अदालत ने सोमवार को दहेज हत्या के आरोपी पति मुकेश चौधरी उर्फ संदीप कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुमार्ना अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धनरूआ थाना कांड संख्या 409/24 के अनुसार, 26 जुलाई 2024 को नालंदा जिले के खोदागंज निवासी विकास चौधरी पिता गनौरी चौधरी ने थाने में आवेदन दिया था। उन्होंने बताया कि उनकी बहन सोनी कुमारी की शादी वर्ष 2019 में मुकेश चौधरी उर्फ संदीप कुमार से हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के कुछ माह बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए सोनी के साथ मारपीट करने लगे। परेशान होकर सोनी 21 जुलाई 2024 को पति से अलग होकर देवकली गांव में किराए के मकान में रहने लगी। आरोप है कि वहां भी ससुराल वाले मकान खाली करने की धमकी देते थे। 26 जुलाई 2024 को मुकेश चौधरी, उसके पिता शिवकुमार चौधरी, मां, बहन और भाइयों ने मिलकर सोनी की हत्या कर दी। बहरहाल पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और समर्पित चार्जशीट के आधार पर एडीजे-1 मसौढ़ी की अदालत ने आरोपी मुकेश चौधरी उर्फ संदीप कुमार को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 25,000 रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई।

## वैज्ञानिक के बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों के सोने-चांदी के जेवरात ले उड़े

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 15 सकरबार टोला में चोरों ने एक बंद पड़े मकान में बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। यह मकान इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र, कलपक्कम, चेन्नई में सहायक वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत अविनाश कुमार का है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, अविनाश कुमार अपने परिवार के साथ चेन्नई में रहते हैं। लगभग सात महीने बाद रविवार सुबह जब वे अपने मोकामा स्थित पैतृक घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजा बाहर से बंद मिला। अंदर जाने पर उनके होश उड़ गए। घर के सभी कमरों के ताले टूटे हुए थे और सारा सामान बिखरा पड़ा था।

# मसौढ़ी में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जीपीडीपी पर मुखियों की बैठक



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना को लेकर मुखियाओं की बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायती राज पदाधिकारी ने की। बीपीआरओ ने बताया कि ग्राम पंचायत के समावेशी विकास, सामाजिक न्याय व आर्थिक विकास को ध्यान में रखते हुए आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पंचायत में विकास योजना तैयार की जा रही है। यह योजना 29 विषयों पर आधारित तथ्यात्मक आंकड़ों के आधार पर ग्राम पंचायत की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाई जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय और पंचायती राज विभाग द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के तहत पंचायत का समावेशी, पारदर्शी और जनभागीदारी आधारित विकास रोडमैप तैयार करना है बैठक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के अलावा जन प्रतिनिधियों में निशियावां पंचायत के मुखिया चंदन भारती, मुखिया रवि प्रकाश, मुखिया सुरेंद्र प्रसाद, रामकृपाल प्रसाद, नरेंद्र प्रसाद, गुड्डी देवी, रीना देवी शामिल रहे।

## एक निवेश, बीमा सुरक्षा और पक्के रिटर्न का भरोसा

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आज के समय में लोग ऐसा निवेश चाहते हैं, जिसमें पैसे बढ़ने की संभावना भी हो, परिवार की सुरक्षा भी बनी रहे और भविष्य को लेकर भरोसा भी मिले। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर सिक्योर लॉन्च किया है। कंपनी का दावा है कि यह भारतीय जीवन बीमा उद्योग का पहला ऐसा यूलिप है, जिसमें निवेश के साथ पहले से तय गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट भी मिलता है। यह प्लान उन लोगों के लिए तैयार किया गया है, जो एक बार निवेश करके लंबे समय तक निश्चिंत रहना चाहते हैं। इसमें ग्राहक को पॉलिसी अवधि के दौरान लाइफ कवर मिलता है और मैच्योरिटी पर फंड वैल्यू या गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट में से जो ज्यादा होगा, वही राशि दी जाती है। यानि निवेश बढ़ने का फायदा भी और न्यूनतम रिटर्न का भरोसा भी। उदाहरण के तौर पर, यदि 45 वर्ष का कोई व्यक्ति 5 लाख रुपए का एकमुश्त निवेश करता है, तो वह 6.25 लाख रुपए का लाइफ कवर चुन सकता है। ऐसे में, उसे 7 लाख रुपए का गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट मिलेगा। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर विकास गुप्ता ने कहा, आज ग्राहक ऐसे विकल्प चाहते हैं, जो सुरक्षा, गारंटीड रिटर्न और टैक्स के लिहाज से बेहतर फायदे एक साथ दें। आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर सिक्योर इसी सोच के साथ तैयार किया गया है, ताकि ग्राहकों को निवेश और सुरक्षा दोनों का लाभ मिल सके। कंपनी के अनुसार यह प्लान शुरूआती प्रीमियम के 140 प्रतिशत तक गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट देता है। साथ ही इसमें प्रीमियम एलोकेशन चार्ज और पॉलिसी एडमिनिस्ट्रेशन चार्ज शून्य रखा गया है, जिससे ग्राहकों का अधिक पैसा निवेश में काम करता है।

## ट्रक ड्राइवर और खलासी को नशा खिलाकर पैसे और मोबाइल लूटे

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में एक ट्रक ड्राइवर और खलासी को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर बदमाशों ने बेहोश कर दिया और उसके पॉकेट से मोबाइल और ₹15000 लेकर भागने में सफल रहा 112 पुलिस को जब इसकी जानकारी मिली तो दोनों बेहोश युवक को बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवा दिया है होश आने के बाद मोहम्मद समीर खान ने बताया कि वह अपने ट्रक से बख्तियारपुर आम पहुंचने गया था और माल अनलोड करने के बाद वापस मालदा बंगाल लौट रहा था तभी बख्तियारपुर के पास एक युवक उसे पुराना प्लास्टिक का ट्रे देने की बात कह कर ट्रक पर सवार हो गए और आगे जाकर उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया जब युवक लड़खाने लगा तो उसने ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर बेहोश हो गया।

# फतुहा में विकसित भारत सम्मेलन का आयोजन

## स्थानीय सांसद रविशंकर प्रसाद और मंत्री रामकृपाल यादव ने की शिरकत



**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा शहर के आशीष मैरेज हॉल में भाजपा संगठन जिला बाढ़ के तत्वाधान में बिकसित भारत सम्मेलन का आयोजन सोमवार को जिलाध्यक्ष शैलेंद्र प्रसाद के अध्यक्षता में आयोजित की गई. संचालन महामंत्री गजेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद, बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने दीप प्रज्वलित कर उद्घघाटन किया। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने विकसित भारत संकल्प को दोहराया और 12 वर्ष के नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा चलाए गए विकास कार्यों को विस्तृत रूप से बताया। दोनों सांसद और मंत्री ने उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं से मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाने की अपील की. सांसद रविशंकर ने भाजपा समर्थक राम स्वार्थ प्रसाद को भाजपा के सक्रिय सदस्य बनाकर सम्मानित किया. इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री सरोज रंजन पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज सिंह,जिला प्रभारी धर्मेंद्र कुमार,बिकास गोल्डी यादव,कुंवर विजय पासवान, राणा राजेंद्र पासवान, मुन्ना सिंह, अरविंद यादव, शोभा देवी, प्रतिमा पांडेय, भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, सुनील वर्मा समेत सैकड़ों भाजपा नेता, कार्यकर्ता एंव प्रबुद्धजन मौजूद थे।

CMYK

# मुख्यमंत्री ने किया रूफटॉप सोलर योजना का शुभारंभ

## कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों पर लगेंगे रूफटॉप सोलर संयंत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को स्वच्छ, सस्ती एवं निर्बाध विद्युत सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बिहार सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत राज्य के 2.5 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने की योजना का शुभारंभ किया है। रविवार को विद्युत भवन, पटना से मुख्यमंत्री द्वारा ऑनलाइन माध्यम से 1512 करोड़ रुपये की लागत से 2.5 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र अधिष्ठापन कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित 1278.03 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ, उद्घाटन एवं लोकार्पण भी किया गया। रोहतास जिला मुख्यालय स्थित डीआरडीए भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी रोहतास, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं विद्युत विभाग के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे तथा मुख्यमंत्री के संबोधन को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सुना। योजना के तहत चयनित बीपीएल एवं कुटीर ज्योति श्रेणी के उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर 1.1 किलोवाट क्षमता का ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किया जाएगा। लाभार्थियों को इसके लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। सोलर संयंत्र की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव का कार्य चयनित एजेंसियों द्वारा किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत स्थापित होने वाले सोलर संयंत्र से प्रत्येक लाभार्थी परिवार को प्रतिमाह औसतन 125 यूनिट बिजली उत्पादन का लाभ प्राप्त होगा। इससे घरेलू बिजली आवश्यकताओं की पूर्ति में सहूलियत होगी, बिजली खर्च में कमी आएगी तथा स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा का उपयोग बढ़ेगा। कार्यक्रम के दौरान लाभुक दरिगांव निवासी दुखी बैठा एवं योगेंद्र प्रसाद भी उपस्थित रहे। उन्होंने इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे गरीब परिवारों को आर्थिक राहत मिलने के साथ-साथ ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना राज्य में अक्षय ऊर्जा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना न केवल गरीब परिवारों को ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, कार्बन उत्सर्जन में कमी तथा सतत विकास के लक्ष्यों को भी मजबूती प्रदान करेगी। बिहार सरकार का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र परिवारों तक इस योजना का लाभ पहुंचाकर उन्हें ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना तथा स्वच्छ ऊर्जा आधारित विकास को नई गति प्रदान करना है।

# कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण ने किया प्रखंड स्तरीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण रोहतास द्वारा सोमवार को प्रखंड मुख्यालय बिक्रमगंज में प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सामूहिक उद्घाटन प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष धनंजय सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रियांशु पाराशर, उद्यान पदाधिकारी ख्याति माथुर, जिला बीस सूत्री सदस्य एवं किसान नवीन चंद्र शाह, एटीएम प्रशांत कुमार शर्मा तथा कृषि वैज्ञानिक डॉ. वीरेंद्र सिंह और डॉ. एके जैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संचालन कृषि समन्वयक संदीप सिंह ने किया। प्रशिक्षण में कृषि वैज्ञानिक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने शारदीय खरीफ खेती की बारीकियों पर चर्चा करते हुए किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती, फसल चक्र अपनाने और उर्वरकों के सही उपयोग की जानकारी दी। वहीं डॉ. रतन ने 'खेत बचाओ अभियान' के तहत मिट्टी जांच और स्वायल हेल्थ कार्ड के समुचित उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि खेत बचाने के लिए मिट्टी की सेहत जरूरी है। उन्होंने स्वस्थ मिट्टी, स्वस्थ भोजन और स्वस्थ जीवन के संबंध को भी समझाया। सिंचाई अनुसंधान केंद्र बिक्रमगंज के वैज्ञानिक डॉ. एके जैन ने किसानों को पराली न जलाने की सलाह दी और इसके दुष्परिणाम बताए। इस दौरान उपस्थित किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और वैज्ञानिकों से खेती संबंधी प्रश्न पूछे जिनका संतोषजनक उत्तर दिया गया। कार्यक्रम में किसान सलाहकार कन्हैया सिंह, कमलेश भारती, प्रभाकर श्रीवास्तव सहित संकट सिंह, संत सिंह, मनोज कुमार, संजीव कुमार गुप्ता, संगीता देवी, प्रिया रंजन समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे। अंत में प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रियांशु पाराशर ने सभी अतिथियों, वैज्ञानिकों और किसानों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# इं. ललन सिंह के अधूरे सपनों को पूरा करेंगे सोनू सिंह : आलोक सिंह

## क्षेत्र के 98 मैट्रिक व इंटर टॉपर्स को टैब देकर किया सम्मानित, शिक्षा और खेल को बढ़ावा देने का संकल्प

**मदन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा क्षेत्र में 'गार्जियन' के नाम से विख्यात रहे स्वर्गीय इंजीनियर ललन सिंह की सप्तम पुण्यतिथि श्रद्धा, संकल्प और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाई गई। स्थानीय ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब में आयोजित श्रद्धांजलि सभा सह प्रतिभा सम्मान समारोह में डिहरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालयों के 98 मेधावी छात्र-छात्राओं को टैब, प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान सामग्री देकर सम्मानित किया गया। वहीं उनके अभिभावकों और विद्यालय प्रधानाध्यापकों को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर तथा सरस्वती वंदना से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं दिनारा विधायक आलोक कुमार सिंह ने कहा कि स्वर्गीय इंजीनियर ललन सिंह ने अपना पूरा जीवन समाज सेवा, शिक्षा और जनकल्याण के लिए समर्पित कर दिया था। आज उनके पुत्र एवं डिहरी विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह उसी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुत्र वही होता है जो अपने पिता के अधूरे सपनों को पूरा करे और सोनू सिंह अपने पिता के पदचिन्हों पर चलकर उस जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय ललन सिंह का सपना था कि डिहरी विधानसभा क्षेत्र शिक्षा, खेल और सामाजिक विकास के क्षेत्र में पूरे बिहार में अपनी अलग पहचान बनाए।

**मेहनत और लगन से मिलती है सफलता : डीईओ**

जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय ने सम्मानित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर ही मंजिल प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों को अपनी रुचि के अनुसार विषय चुनने की स्वतंत्रता देती है। अब विज्ञान, कला और वाणिज्य के बीच पारंपरिक सीमाएं समाप्त हो रही हैं।

**पिता के सपनों को आगे बढ़ाना गौरव की बात : एसडीएम**

डिहरी एसडीएम नितेश कुमार ने कहा कि किसी पुत्र द्वारा अपने पिता के सपनों को आगे बढ़ाना गर्व की बात होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज को बदलने का सबसे सशक्त माध्यम है। जिस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि शिक्षा और प्रतिभा सम्मान को प्राथमिकता देते हैं, वहां विकास की संभावनाएं और अधिक मजबूत हो जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया।

**जनता की जीत है मेरी जीत : सोनू सिंह**

अपने संबोधन में डिहरी विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय ललन सिंह का सपना था कि डिहरी विधानसभा क्षेत्र शिक्षा और खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुए। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में मिली जीत उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता की जीत है। विधायक ने घोषणा की कि अगले वर्ष से सरकारी विद्यालयों के साथ-साथ निजी विद्यालयों के सीबीएसई बोर्ड के टॉपर्स को भी सम्मानित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिल सके। समाज सेवी संजय सिंह उर्फ बाला जी ने बताया कि पुत्र बढ़े पिता के धर्मे खेती उपजे अपना कर्मे की कहावत को विधायक सोनू सिंह पूरी तरह चरितार्थ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्व ई ललन सिंह ने अपना पूरा जीवन जरुरतमंद लोगों की सेवा में समर्पित किया। आज विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, और सामाजिक विकास के क्षेत्र में उनके आदर्शों को आगे बढ़ा रहे हैं।

**राज्य स्तरीय टॉपर से हुआ सम्मान समारोह का शुभारंभ**

सम्मान समारोह का शुभारंभ राज्य स्तर पर मैट्रिक परीक्षा में आठवां स्थान प्राप्त करने वाले दरिहट के अशोक जैन हाई स्कूल के छात्र नीरज कुमार को सम्मानित कर किया गया। इसके बाद एक-एक कर 98 मेधावी छात्र-छात्राओं को मंच पर बुलाकर टैब, प्रशस्ति पत्र और सम्मान सामग्री प्रदान की गई। समारोह में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के चेहरे पर विशेष उत्साह और गर्व देखने को मिला। अतिथियों ने स्वर्गीय इंजीनियर ललन सिंह के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधायक की पत्नी एवं पूर्व जिला पार्षद नीतू सिंह ने अतिथियों का अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया।

**कई गणमान्य हुए सम्मानित**

कार्यक्रम का संचालन डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष मनोज अज्ञानी एवं जदयू नेता अरुण शर्मा, उद्घोषक अनिल विश्वास ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ता उमा शंकर पाण्डेय, उर्फ मुटुर पाण्डेय समाजसेवी मधु उपाध्याय, संजय सिंह बाला सहित एनडीए के कई नेताओं, शिक्षाविदों, समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों को भी उनके सामाजिक योगदान के लिए प्रतीक चिह्न एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# सड़क दुर्घटना में व्यवसायी की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** डिहरी नासरीगंज पथ पर आयरकोठा गांव के समीप सोमवार की सुबह करीब साढ़े पांच बजे सुधा दूध से भरा एसीई गोल्ड मैजिक वैन के टक्कर से एक व्यवसाई की मौत हो गई। मृतक आयरकोठा बाजार निवासी स्व. लालू साह के 56 वर्षीय पुत्र जयशंकर प्रसाद है। घटना के बाद चालक मैजिक लेकर भागा, लेकिन कुछ युवकों ने बाइक से उसका पीछा किया। तब चालक ने टंडवा पडुहार गांव के बीच सड़क पर मैजिक छोड़कर भाग निकला। वहीं पुलिस ने मैजिक को जब्त कर थाना ले आई। स्थानीय लोगों ने घटना के संबंध बताया कि सोमवार की अहले सुबह घर से टहलने के लिए निकले थे। वह अर्जुन बिगहा नाग बाबा मंदिर तक पहुंचकर लौट रहे थे। उसी दौरान आयरकोठा गांव के समीप अनियंत्रित एसीई गोल्ड मैजिक वैन बीआर 24 जीडी 5019 पीछे से टक्कर मार दिया।

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या: 56-66, दिनांक 12.06.2026।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पो.ऑ.-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्र.सं.:** 1। **निविदा संख्या: 56-एमएलडीटी-26-27। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** दिनांक 30.06.2027 को समाप्त अवधि के लिए जो न संख्या 01 में सहायक अभियंता/भागलपुर के अंतर्गत भागलपुर में सभी सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, कोचिंग डिपो, रनिंग रूम, लोको शेड, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्मों तथा शेडों एवं अन्य सेवा भवनों आदि के लिए नए कार्य [अर्थात साधारण कार्य, लकड़ी के कार्य, वाटर पाइपलाइन, सड़क कार्य तथा स्वच्छता कार्य] सहित सभी कार्यों की मरम्मत, रखरखाव एवं सम्पादन हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 60,00,000। **क्र.सं.:** 2। **निविदा संख्या: 57-एमएलडीटी-26-27। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** दिनांक 30.06.2027 को समाप्त अवधि के लिए जोन संख्या 02 में सहायक अभियंता/भागलपुर के अंतर्गत कहलगांव (सहित) से भागलपुर (छोड़कर) तथा भागलपुर (छोड़कर)-बाराहाट (सहित) तक सभी सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्मों तथा शेडों आदि के लिए नए कार्य [अर्थात साधारण कार्य, लकड़ी के कार्य, वाटर पाइपलाइन तथा स्वच्छता कार्य आदि] सहित सभी कार्यों की मरम्मत, रखरखाव एवं सम्पादन हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 60,00,000। **क्र.सं.:** 3। **निविदा संख्या: 58-एमएलडीटी-26-27। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** दिनांक 30.06.2027 को समाप्त अवधि के लिए जो न संख्या 03 में सहायक अभियंता/भागलपुर के अंतर्गत दुमका में मालदा मंडल के क्वार्टरों सहित बाराहाट (छोड़कर) से बांका (सहित) तक तथा बाराहाट (छोड़कर) से मंदारहिल तक, बारापलासी-दुमका (छोड़कर) तथा हंसडीहा (छोड़कर)-गोड्डा खंड में सभी सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्मों तथा शेडों आदि के लिए नए कार्य [अर्थात साधारण कार्य, लकड़ी के कार्य, वाटर पाइपलाइन तथा स्वच्छता कार्य आदि] सहित सभी कार्यों की मरम्मत, रखरखाव एवं सम्पादन हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 55,00,000। **क्र.सं.:** 4। **निविदा संख्या: 59-एमएलडीटी-26-27। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** दिनांक 30.06.2027 को समाप्त अवधि के लिए जो न संख्या 04 में सहायक अभियंता/एल/जमालपुर के अंतर्गत मुंगेर सहित भागलपुर (छोड़कर) से जमालपुर अप आउटर तक सभी सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, कोचिंग डिपो, रनिंग रूम, लोको शेड, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्मों तथा शेडों तथा अन्य सेवा भवनों आदि के लिए नए कार्य [अर्थात साधारण कार्य, लकड़ी के कार्य, वाटर पाइपलाइन तथा स्वच्छता कार्य] सहित सभी कार्यों की मरम्मत, रखरखाव एवं सम्पादन हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 60,00,000। **क्र.सं.:** 5। **निविदा संख्या: 60-एमएलडीटी-26-27। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** दिनांक 30.06.2027 को समाप्त अवधि के लिए जो न संख्या 05 में सहायक अभियंता/एल/जमालपुर के अंतर्गत जमालपुर से किऊल (छोड़कर) तक तथा डीजल शेड में सभी सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्मों तथा शेडों आदि (डीजल शेड सहित) के लिए नए कार्य [अर्थात साधारण कार्य, लकड़ी के कार्य, वाटर पाइपलाइन, सड़क कार्य तथा स्वच्छता कार्य] सहित सभी कार्यों की मरम्मत, रखरखाव एवं सम्पादन हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 60,00,000। **क्र.सं.:** 6। **निविदा संख्या: 61-एमएलडीटी-26-27। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** दिनांक 30.06.2027 को समाप्त अवधि के लिए जोन संख्या 06 में एसएसई/ब्रिज/मालदा के अधिकार क्षेत्र में महत्वपूर्ण, प्रमुख स्टील स्ट्रक्चरल पुलों तथा अन्य स्टील स्ट्रक्चरल कार्यों जैसे कि आरओबी, ईओटी क्रेन ट्रैक, एफएलटी की मरम्मत, रखरखाव एवं निरीक्षण कार्य तथा आपदा प्रबंधन सामग्रियों का रखरखाव आदि हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 60,00,000। **क्र.सं.:** 7। **निविदा संख्या: 62-एमएलडीटी-26-27। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** दिनांक 30.06.2027 को समाप्त अवधि के लिए जोन संख्या 07 में सहायक अभियंता/मालदा के अंतर्गत मालदा स्टेशन एरिया स्थित सभी सेवा भवन, मालदा स्टेशन एरिया में गुड्स शेड, केबिनों, मंडल रेल अस्पताल, कोचिंग डिपो, अन्य सेवा भवनों, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्मों तथा शेडों, डीआरएम का कार्यालय भवन, रेलवे स्टेडियम, आरआरबी मालदा तथा सहायक अभियंता/मालदा का कार्यालय, मालदा टाउन स्टेशन एरिया के अलावा कार्यालयों आदि, मालदा टाउन स्टेशन (छोड़कर) से न्यू फरक्का (छोड़कर) तक सभी सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, समपार फाटक लॉज, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्मों एवं शेडों आदि, सभी प्रकार के स्टाफ क्वार्टरों सहित आरपीएफ बैरक आदि के लिए नए कार्य [अर्थात साधारण कार्य, लकड़ी के कार्य, वाटर पाइपलाइन तथा स्वच्छता कार्य] सहित सभी कार्यों की मरम्मत, रखरखाव एवं सम्पादन हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 75,00,000। **क्र.सं.:** 8। **निविदा संख्या: 63-एमएलडीटी-26-27। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** दिनांक 30.06.2027 को समाप्त अवधि के लिए जोन संख्या 08 में सहायक अभियंता/मालदा के अंतर्गत ओल्ड मालदा में सभी ऑफिसर्स क्वार्टरों, कालिन्द्री भवन तथा डिविशनल ट्रेनिंग स्कूल सहित हॉस्टल, क्वार्टर, अकादेमिक ब्लॉक, सेंट्रल स्कूल सहित अकादेमिक ब्लॉक तथा आवासीय भवन सहित सर्कुलेटिंग एरिया आदि के लिए नए कार्य [अर्थात साधारण कार्य, लकड़ी के कार्य, वाटर पाइपलाइन तथा स्वच्छता कार्य] सहित सभी कार्यों की मरम्मत, रखरखाव एवं सम्पादन हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 65,00,000। **क्र.सं.:** 9। **निविदा संख्या: 64-एमएलडीटी-26-27। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** दिनांक 30.06.2027 को समाप्त अवधि के लिए जो न संख्या 09 में सहायक अभियंता/न्यू फरक्का के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/जंगीपुर रोड के खंड में सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्मों तथा शेडों आदि के लिए नए कार्य [अर्थात साधारण कार्य, लकड़ी के कार्य, वाटर पाइपलाइन तथा स्वच्छता कार्य आदि] सहित सभी कार्यों की मरम्मत, रखरखाव एवं सम्पादन हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 55,00,000। **क्र.सं.:** 10। **निविदा संख्या: 65-एमएलडीटी-26-27। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** दिनांक 30.06.2027 को समाप्त अवधि के लिए जोन संख्या 10 में सहायक अभियंता/न्यू फरक्का के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/बड़हरवा के खंड में सेवा भवनों, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्मों तथा शेडों, स्टाफ क्वार्टरों के लिए नए कार्य [अर्थात साधारण कार्य, लकड़ी के कार्य, वाटर पाइपलाइन तथा स्वच्छता कार्य] सहित सभी कार्यों की मरम्मत, रखरखाव एवं सम्पादन हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 55,00,000। **क्र. सं.:** 11। **निविदा संख्या: 66-एमएलडीटी-26-27। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** दिनांक 30.06.2027 को समाप्त अवधि के लिए जो न संख्या 11 में सहायक अभियंता/साहिबगंज के अंतर्गत महाराजपुर (सहित) से कहलगांव (छोड़कर) तक सभी सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्मों तथा शेडों आदि के लिए नए कार्य [अर्थात साधारण कार्य, लकड़ी के कार्य, वाटर पाइपलाइन तथा स्वच्छता कार्य आदि] सहित सभी कार्यों की मरम्मत, रखरखाव एवं सम्पादन हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 75,00,000। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 30.06.2026 को अपराह्न 3.30 बजे (क्रमांक 1 से 11 प्रत्येक के लिए)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट: www.ireps.gov.in**/डीआरएम कार्यालय/मालदा। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट में दिए गए निविदा सूचना एवं दस्तावेज अच्छी तरह से पढ़ लें।

(MLD-93/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter**

# जीएनएसयू में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण नर्सिंग कॉलेज और नारायण स्किल डेवलपमेंट सेंटर में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस बहुत उत्साह और सक्रिय भागीदारी के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम ऑब्स्टेट्रिक्स और गायनेकोलॉजी नर्सिंग विभाग द्वारा आयोजित किया गया। इसका आयोजन नारायण नर्सिंग कॉलेज की डीन-सह-प्राचार्या प्रो. डॉ. के. लता के सम्मानित मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में उप-प्राचार्या प्रो. डॉ. श्वेता शर्मा भी उपस्थित रहीं। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के नर्सिंग संकाय के अंतर्गत नारायण नर्सिंग कॉलेज के ऑब्सटेट्रिक्स और गायनेकोलॉजी नर्सिंग विभाग ने 13 जून 2026 को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस 2026 पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम नारायण स्किल डेवलपमेंट सेंटर और नारायण नर्सिंग कॉलेज, जमुहार के व्याख्यान कक्ष तीन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बी एस सी नर्सिंग छठे सेमेस्टर के छात्रों द्वारा प्रस्तुत कठपुतली शो से हुई जिसमें मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता और आम गलतफहमियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। औपचारिक सत्र की शुरुआत अंजू सिंह के स्वागत भाषण से हुई जिसके बाद डीन-सह-प्राचार्या प्रो. डॉ. के. लता ने कार्यक्रम की थीम का अनावरण किया। मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता सत्र अनु कुमारी (एम एस सी नर्सिंग द्वितीय वर्ष) द्वारा आयोजित किया गया। इस सेशन में कई जरूरी विषयों पर बात की गई, जैसे मासिक धर्म की शारीरिक प्रक्रिया, मासिक धर्म के दौरान पर्सनल हाइजीन (साफ-सफाई), सैनिटरी पैड, टैम्पोन और मेन्स्ट्रुअल कप का इस्तेमाल, मासिक धर्म के दौरान पोषण का ध्यान रखना, मासिक धर्म से जुड़े कचरे का सुरक्षित निपटान, मासिक धर्म से जुड़ी आम समस्याएं और गलत धारणाएं।

# मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकबरपुर (रोहतास)।** मोहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रोहतास थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मोहर्रम के सफल आयोजन को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष ललन कुमार तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी ऋषिकेश कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि, लाइसेंसधारी कर्बला कमेटियों के सदस्य, ताजिया कमेटियों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान अधिकारियों ने मोहर्रम जुलूस के रूट चार्ट की जानकारी ली तथा सभी कमेटियों को निर्धारित नियमों का पालन करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सभी कर्बला एवं ताजिया कमेटियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस किसी भी प्रकार का जुलूस निकालने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही जुलूस के दौरान अस्त्र-शस्त्र के प्रदर्शन एवं डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की विशेष नजर रहेगी तथा किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। मोहर्रम के दौरान सभी प्रमुख चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

# चोरी की सात बकरियां व सफारी गाड़ी बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला(रोहतास)।** जिले के अकोढ़ीगोला थाना की पुलिस ने बकरी चोरी की घटना का 24 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए 7 बकरियों सहित घटना में प्रयुक्त उजले रंग की सफारी गाड़ी को बरामद कर लिया। इस मामले में अकोढी गोला थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राकेश गोसाई ने थाना परिसर में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि 15 जून को करीब रात 1:40 बजे डायल 112 को सूचना मिली कि ग्राम बाघा खोह से बकरी चोर सफारी गाड़ी से तेतराढ बाजार की ओर भाग रहे हैं। पीछा करने पर चालक गाड़ी को तेतरढ बंगला के पास नहर में कूदाकर फरार हो गया। पुलिस ने नहर से गाड़ी और उसमें लदी 7 बकरियों को बरामद किया। बरामद बकरियों में बघा खोह के सुनील पासवान की 2 बकरी, चिरईया डीह के ललन सिंह की 1 बकरी और लाल बिहारी यादव की 4 बकरी शामिल हैं। इस मामले में कांड सं.-232/26 धारा-303(2)/3(6) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। कार्रवाई टीम में पु.अ.नि. सिम्पल कुमारी, पी.टी.सी. अमरेश कुमार, ह.-विकेश कुमार यादव, सिपाही-634 तपसी कुमार, चालक-सुधीर कुमार व चौकीदार योगेश राम, सुभाष कुमार शामिल थे।

# यज्ञ को लेकर कलश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के मौना गांव में सात दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ सह मां काली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार सुबह 10 बजे भव्य जलभरी यात्रा का आयोजन किया गया। यज्ञ स्थल मौना से हजारों श्रद्धालु हाथी, घोड़े, गाजे-बाजे के साथ सिर पर कलश लेकर नासरीगंज होते हुए अमियावर सोन नदी तट पर पहुंचे। अमियावर सोन नदी तट पर नासरीगंज पश्चिम की जिला परिषद सदस्य प्रियंका प्रसाद द्वारा श्रद्धालुओं के लिए मीठे पानी व जलपान की व्यवस्था की गई थी। जलपान के बाद जलभरी कार्यक्रम संपन्न हुआ। कलश यात्रा में श्रीधर प्रपन्नाचार्य जी महाराज उर्फ सोनू बाबा रथ पर सवार होकर सबसे आगे चल रहे थे। समिति सदस्य संजय गुप्ता ने बताया कि यह यज्ञ 15 जून से 22 जून तक चलेगा जिसके दौरान भागवत कथा का भी आयोजन किया गया है।

# 22 जून से श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

## त्रिदंडी स्वामी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा 27 को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** भारत के महान मनीषी संत श्री त्रिदंडी स्वामी के शिष्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के तत्वावधान में परमानपुर में 22 से 27 जून 2026 तक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन होगा। महायज्ञ का शुभारंभ 22 जून को जल यात्रा से होगा तथा 27 जून को पूर्णाहुति के साथ समापन होगा। इस दौरान यज्ञशाला एवं प्रवचन पंडाल में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए संत-महात्माओं द्वारा दिव्य श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कराया जाएगा। पिछले कई महीनों से निर्माणाधीन श्री त्रिदंडी स्वामी जी के भव्य मंदिर का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है और पेंट इत्यादि का बचा कार्य 27 जून से पहले पूर्ण होने की संभावना है। पूर्णाहुति के दिन ही मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ त्रिदंडी स्वामी जी की भव्य प्रतिमा का अनावरण भी किया जाएगा। वहीं श्री जीयर स्वामी जी की सत्प्रेरणा से बिहार सरकार के अंतर्गत बन रहे श्री त्रिदंडी स्वामी डिग्री कॉलेज का उद्घाटन भी यज्ञ के दौरान संभावित है। बिहार सरकार द्वारा 1 जुलाई से राज्य के 211 प्रखंडों में डिग्री कॉलेजों में पढ़ाई शुरू करने की घोषणा के बाद कॉलेज निर्माण में तेजी आई है और हाल ही में जिला प्रशासन ने इसका निरीक्षण भी किया था। निर्माण एजेंसी द्वारा उद्घाटन से पहले शेष कार्यों को पूरा करने की तैयारी जोरों पर है। यज्ञ एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारियां शुरू हो चुकी है।

# ट्रक की चपेट में आने से युवक घायल

**अकोढ़ीगोला।** दरिहट बाजार पथ पर हुए हादसे में बालू लदे ट्रक की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान अकोढ़ी गांव निवासी बबन सेठ के 24 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार के रूप में हुई है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ओ-एसी-टी-80 टू 81-26-27 (ओपन), दिनांक: 11.06.2026।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्या:** 1। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-80-26-27। कार्य का नाम:** 08 बटालियन आरपीएसएफ चित्तरंजन में एसओ तथा कर्मचारी के लिए दो मंज़िला बैरक के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,02,99,389.67। **बयाना राशि:** ₹ 4,06,000। **क्रम संख्या:** 2। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-81-26-27। कार्य का नाम:** दुमका स्टेशन पर फ्रेट रेक एग्जामिनेशन के लिए पाथवे वेल्डिंग सुविधा तथा आलोक सज्जा के प्रावधान हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 95,36,645.89। **बयाना राशि:** ₹ 1,90,700। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीना (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 09.07.2026 को दोपहर 12.00 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ASN-136/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

# 1966 से स्थापित दुर्गा पूजा स्थल बचाने को लेकर ग्रामीणों का महा धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** सूर्यपुरा प्रखंड मुख्यालय पर रविवार को दुर्गा पूजा समिति के समर्थन में हजारों ग्रामीणों ने महा धरना दिया और 1966 से चली आ रही परंपरागत दुर्गा पूजा स्थल को बचाने की मांग उठाई। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष ने बताया कि इस स्थल पर 1966 से लगातार दुर्गा पूजा के साथ पारंपरिक-सांस्कृतिक मेले का आयोजन होता आ रहा है जो स्थानीय लोगों की आस्था और सांस्कृतिक धरोहर से गहराई से जुड़ा है। यह स्थल केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंद परिवारों के शादी-विवाह जैसे सामाजिक कार्यों के लिए भी महत्वपूर्ण रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोग इस जमीन के आसपास खरीद-बिक्री कर मकान निर्माण की योजना बना रहे हैं जिससे वर्षों पुरानी परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर समाप्त होने का खतरा पैदा हो गया है। स्थानीय मुखिया प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने स्पष्ट किया कि यह स्थल राजा राधिका रमण प्रसाद सिंह के परिवार द्वारा स्वेच्छा से सार्वजनिक उपयोग के लिए छोड़ा गया था, लेकिन कुछ लोगों ने परिवार के ही कुछ सदस्यों से मिलकर गलत तरीके से जमीन की खरीद-बिक्री की साजिश रची। उन्होंने बताया कि पूर्व में भूस्वामी, ग्रामीणों और पूजा समिति के बीच हुई बातचीत के बाद बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी ने स्थल को यथावत रखने का आदेश दिया था। इसके बावजूद प्रशासनिक उदासीनता के कारण आदेश का अनुपालन नहीं हुआ जिससे विवश होकर ग्रामीणों को प्रखंड कार्यालय पर महा धरना करना पड़ा।

# सहयोग शिविर के माध्यम से आज पंचायतवार समस्याओं का होगा समाधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। 16 जून को आयोजित होने वाले पंचायतवार "सहयोग शिविर" के सफल संचालन हेतु जिले के सभी पंचायतों में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। इस क्रम में टेंपो एवं ई-रिक्शा के माध्यम से माइकिंग कर आम नागरिकों को शिविर के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही नागरिकों को प्रेरित किया जा रहा है कि वे शिविर से पूर्व अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन पंचायत सरकार भवन में जमा करें, ताकि शिविर के दिन ही उनके आवेदनों का त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा सभी जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे अपने पंचायत सरकार भवन में समयपूर्व आवेदन जमा कर सहयोग शिविर का अधिकतम लाभ उठाएं। "सहयोग शिविर" का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों की सुलभ प्राप्ति एवं उनके त्वरित, पारदर्शी तथा प्रभावी समाधान को सुनिश्चित करना है। इसके अंतर्गत प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहेंगे।




प्रत्येक शिविर के आयोजन से पूर्व संबंधित पंचायतों में कम-से-कम 30 दिन पूर्व से आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि प्राप्त आवेदनों का पूर्व परीक्षण कर निष्पादन प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक शिविर हेतु वरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सहयोगी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को शिविर के सफल संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई है। 16 जून को देव प्रखंड अंतर्गत इसरौर एवं बेढ़ना पंचायत, सदर प्रखंड अंतर्गत कर्मा भगवान एवं कुरमा पंचायत, बारूण प्रखंड अंतर्गत कोचाढ़ एवं काजीचक पंचायत, मदनपुर प्रखंड अंतर्गत, मनिका पंचायत, रफीगंज प्रखंड अंतर्गत बौर एवं पोगर पंचायत, कुटुम्बा प्रखंड अंतर्गत तेलहारा एवं बैरांव पंचायत, नबीनगर प्रखंड अंतर्गत राजपुर, बैरिया, सोनौरा एवं सोरी पंचायत, ओबरा प्रखंड अंतर्गत ऊब, भरूब एवं चंदा पंचायत, दाउदनगर प्रखंड अंतर्गत चौरी एवं कनाप पंचायत, गोह प्रखंड अंतर्गत उपहारा एवं हसामपुर पंचायत तथा हसपुरा प्रखंड अंतर्गत डिंडिर, हसपुरा एवं मलहारा पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शिविरों का आयोजन सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिकाधिक नागरिकों को इस पहल का लाभ मिल सके। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अपने पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

# खेती बचाओ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, किसानों को दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को कृषि विभाग के तत्वावधान में आत्मा (एटीएमए) की ओर से "खेती बचाओ अभियान" के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को खरीफ फसलों के बेहतर प्रबंधन, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रंजीत कुमार, प्रमुख



श्रीनिवास सिंह, उपप्रमुख सतेन्द्र चौधरी, 20 सूत्री अध्यक्ष चन्द्रकांत मुन्ना, सदस्य कौशल शर्मा तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कृषि समन्वयक ब्रजेश कुमार एवं अखिलेश कुमार ने किया।

# योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि प्राचीन भारतीय पद्धति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। यह योग शिविर 15 से 21 जून तक प्रतिदिन प्रातः 7:00 बजे महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं आमजन के बीच योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक श्रेया थापा ने उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं




ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने की एक वैज्ञानिक एवं प्राचीन भारतीय पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से तनाव, चिंता तथा अनेक शारीरिक रोगों से मुक्ति मिलती है और व्यक्ति स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन की ओर अग्रसर होता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान भागदौड़ भरे जीवन में योग की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है। योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं कर्मियों से नियमित रूप से योग करने का आह्वान किया तथा सातों दिनों तक आयोजित होने वाले शिविर में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारीगण, छात्र-छात्राएँ एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। योग शिविर के दौरान आगामी सात दिनों तक विभिन्न योग सत्रों, प्राणायाम अभ्यासों एवं स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय प्रशासन ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर में भाग लेकर योग को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की।

# चातर मोड़ के पास वाहन चेकिंग अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना क्षेत्र के रफीगंज शिवगंज पथ के चातर मोड़ के समीप एसआई सुधांशु चंदन के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नियम तोड़ने वाले बाइक सवारों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए वाहनों से तीन हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। वहीं कई वाहनों को रोककर बाइक बिना हेलमेट चालकों को समझाया और हिदायत दी गयी।।थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने कहा कि क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए विभिन्न स्थानों पर लगातार वाहन चेकिंग



चलाया जा रहा है। वहीं इन्होंने कहा कि बिना हेलमेट और बिना वाहन कागजात के सड़क पर घूमना महंगा पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि आगे से भी ऐसे अभियान लगातार चलेंगे और पकड़े जाने पर सख्त जुर्माना लगाया जाएगा।

## महुलान में 50 हेक्टेयर वन क्षेत्र में बना गारलैंड ट्रेंच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के देव प्रखंड स्थित महुलान गांव के समीप वन विभाग द्वारा निर्मित गारलैंड ट्रेंच इन दिनों जंगली पशुओं के लिए जीवनदायिनी साबित हो रहा है। जल संरक्षण की इस महत्वाकांक्षी पहल से न केवल वन्यजीवों को वर्षभर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है, बल्कि आसपास के ग्रामीणों को भी खेती-किसानी में इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। जल संरक्षण और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने की दिशा में यह परियोजना क्षेत्र के लिए एक मिसाल बनकर उभरी है। जानकारी के अनुसार, वन विभाग ने महुलान में करीब 50 हेक्टेयर वन भूमि में गारलैंड ट्रेंच का निर्माण कराया है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें लगभग दो करोड़ लीटर पानी संग्रहित करने की क्षमता है। वर्षा ऋतु के दौरान आसपास की पहाड़ियों और ढलान वाले क्षेत्रों से बहकर आने वाला पानी इसमें जमा हो जाता है, जिससे लंबे समय तक जल उपलब्ध रहता है।

# 11 सूत्री मांगों को लेकर भाकपा माले का प्रदर्शन, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। स्थानीय 11 सूत्री मांगों को लेकर भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न जनसमस्याओं और सरकार की नीतियों के विरोध में आवाज बुलंद की गई। धरना की अध्यक्षता भाकपा माले के प्रखंड सचिव कामता प्रसाद यादव ने की, जबकि संचालन पूर्व प्रखंड सचिव दिनेश राम ने किया। इस दौरान जिला सचिव बृजु चौधरी, प्रखंड कमेटी सदस्य राम अयोध्या पांडेय, किसान महासभा के कृष्णा भारती, बसंत कुमार मेहता, अवधेश राजवंशी, सादुल्लाह खां, विशु साव, वीरेंद्र कुमार वर्मा, रामप्रवेश मेहता और भोला राम सहित कई नेताओं ने सभा को संबोधित किया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर गरीब और भूमिहीन परिवारों को उजाड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि दाखिल-खारिज के मामलों में अवैध वसूली की जा



रही है, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में भी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। साथ ही जाति, आवासीय और आय प्रमाण पत्र बनवाने में शपथ पत्र की अनिवार्यता से आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। भाकपा माले नेताओं ने स्मार्ट मीटर व्यवस्था का विरोध करते हुए इसे गरीब विरोधी करार दिया और इसे बंद करने की मांग की। इसके अलावा भूमिहीनों को पांच डिसमिल जमीन उपलब्ध कराने, मजदूरों की दैनिक मजदूरी 600 रुपये निर्धारित करने, बसे हुए भूखंडों का बासगीत पर्चा देने, शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने तथा निजी विद्यालयों में समान शिक्षा व्यवस्था लागू करने और वार्षिक नामांकन शुल्क पर रोक लगाने की मांग उठाई। धरना को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि सरकार किसान, मजदूर और गरीब विरोधी नीतियां अपना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भूमिहीनों को पर्चा तो उपलब्ध कराया जाता है, लेकिन उन्हें संबंधित जमीन पर कब्जा नहीं दिलाया जाता, जिससे वे अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं। इस अवसर पर एपवा की मीना सिंह, राजकुमार, अवधेश गिरी, सिराजुद्दीन अंसारी, रूणा देवी और फुला देवी ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि मजदूरों और गरीबों के अधिकारों की लड़ाई को और तेज किया जाएगा। धरना के दौरान कार्यकर्ताओं ने क्रांतिकारी गीतों की प्रस्तुति भी दी और एनडीए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना-प्रदर्शन के समापन पर भाकपा माले प्रतिनिधिमंडल ने अपनी 11 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी को सौंपा।

# फ्लाइओवर की सर्विस रोड पर मंडरा रहा हादसे का खतरा, विपरीत दिशा में चल रहे वाहन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। शहर के जसोइयां गांव के समीप स्थित फ्लाइओवर की सर्विस रोड इन दिनों दुर्घटनाओं का कारण बनती जा रही है। सर्विस रोड पर दोनों दिशाओं से वाहनों के आवागमन के कारण हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। कई बार वाहनों के आमने-सामने आ जाने से टक्कर की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, फ्लाइओवर की सर्विस रोड पर करीब 150 मीटर तक वाहन विपरीत दिशा में चलने को मजबूर हैं। वहीं, पटना की ओर से आने वाले वाहन भी इसी सर्विस रोड के माध्यम से शहर में प्रवेश करते हैं। ऐसे में मालवाहक ट्रक, कार, स्कूल वाहन, बाइक सहित अन्य छोटे-बड़े वाहन प्रतिदिन गलत दिशा में संचालित होते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना लगातार बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से फ्लाइओवर का निर्माण कराया था, लेकिन सर्विस रोड की समुचित योजना नहीं होने के कारण लोगों को इसका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। विशेष रूप से पर्याप्त और सुविधाजनक अंडरपास की व्यवस्था नहीं होने से वाहन चालकों को विपरीत दिशा में वाहन चलाने के लिए विवश होना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, इस फ्लाइओवर में दो अंडरपास बनाए गए हैं। पहला जसोइया मोड़ के समीप तथा दूसरा जसोइयां गांव के पास स्थित है। हालांकि स्थानीय लोगों का मानना है कि दूसरा अंडरपास जसोइया महाराणा प्रताप चौक के निकट बनाया जाना चाहिए था। ऐसा होने पर शहर की ओर आने-जाने वाले वाहनों को विपरीत दिशा में चलने की आवश्यकता नहीं पड़ती और दुर्घटनाओं की आशंका भी काफी हद तक कम हो जाती। क्षेत्रवासियों ने एनएचएआई और जिला प्रशासन से सर्विस रोड की यातायात व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। उनका कहना है कि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है।

# स्वीकार किए जाएंगे 17 प्रमुख योजनाओं से संबंधित आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से कुटुंबा प्रखंड मुख्यालय परिसर में 16 से 18 जून तक तीन दिवसीय "प्रखण्ड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर" का आयोजन किया जाएगा। शिविर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु बसु ने बताया कि शिविर में आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, लखपति दीदी, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान, छात्रवृत्ति, उद्यमी एवं ग्राम परिवहन योजना समेत कुल 17 प्रमुख योजनाओं से संबंधित आवेदन स्वीकार किए जाएंगे और पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि शिविर स्थल पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था रहेगी, जहां स्वयंसेवक आवेदन पत्र भरने और आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन में लोगों की सहायता करेंगे। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल स्टॉल लगाकर रक्तचाप एवं शुगर की निःशुल्क जांच तथा स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बीडीओ प्रियांशु बसु ने प्रखंडवासियों से अपील की है कि वे राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ शिविर में पहुंचकर अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सभी पात्र लाभुकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।


**Format C - 1**

(For candidate to publish in Newspapers, TV)

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate: Anil Thakur, S/O Sachchidanand Thakur, Vill.- Kathaili, P.O.-Ekamba, P.S.-Jalalgarh, Dist.- Purnea

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: Biennial election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly to fill the seats of members retiring on 28.06.2026

*Name of Constituency: Biennial election to the Legislative council 2026

I **Anil Thakur** a candidate for the Above mentioned election,

declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| Pending Criminal cases | | | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| S.N. | Name of Court | Case No. and Status of Case | Section(s) of Acts concerned and brief description of offences(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | पियूष चावला जे.एम. फस्ट क्लास पूर्णिया | जलालगढ़ थाना कांड सं.–36 / 2010 Pending | 341, 323, 353, 379 427, 504, 24 आईपीसी गृह अतिचार एवं शांति भंग करना | लागू नहीं | लागू नहीं |

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Biennial election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly to fill the seats of members retiring on 28.06.2026**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | Biennial election to the Legislative council 2026 | Pawan Singh | SDJM, DEHRI अकोढ़ी गोला थाना, क्र. संख्या–110 / 24 Pending | U/S&188 IPC AND 127 R-P- ACT 1951 | Not Applicable | Not Applicable |
| 2. | Do | Do | A.C.J.M., BIKRAMGANJ विक्रमगंज थाना क्र.. सं.–237 / 24 Pending | U/S&188 IPC AND 127 R.P. ACT 1951 | Not Applicable | Not Applicable |
| 3. | Do | Do | A.C.J.M., BIKRAMGANJ काराकाट थाना, क्र. संख्या–216 / 24 Pending | U/S-143, 188, 171-F IPC AND 127 RP ACT | Not Applicable | Not Applicable |
| 4. | Do | Do | A.C.J.M., BIKRAMGANJ राजपुर थाना, क्र. संख्या–56 / 2024 Pending | U/S-188 IPC AND 127 RP ACT 1951 | Not Applicable | Not Applicable |
| 5. | Do | Do | जज सिटी सिविल कोर्ट एवं ए.डी.जे. मुंबई मालवानी पुलिस स्टेशन, मुंबई, थाना क्र. संख्या–630 / 2019 Pending | U/S-376(2)(N),341, 323,506, 509, 312, 315 IPC R/W SECTION 66A, 66E,67 IT ACT | Not Applicable | Not Applicable |
| 6. | Do | Do | Court of Sessions Judge,Court No- 1, Varanasi कैण्ट थाना, वाराणसी Case No- 490/2025 Pending | U/S 420, 406, 467,468, 506 IPC | Not Applicable | Not Applicable |

# विधायक ने लोगों की सुनीं समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने सोमवार को गिरिडीह परिसदन में जनता दरबार का आयोजन कर क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोग अपनी शिकायतों, समस्याओं और सुझावों को लेकर पहुंचे इस दौरान लोगों ने सड़क, बिजली, पेयजल, पेंशन, आवास सहित विभिन्न जनसुविधाओं से जुड़े मामलों को विधायक के समक्ष रखा। विधायक कल्पना सोरेन ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश देने तथा मामलों के त्वरित निष्पादन का आश्वासन दिया जनता दरबार को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वे लगातार प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जनता दरबार जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को अपनी समस्याएं सीधे जनप्रतिनिधि तक पहुंचाने का अवसर मिलता है, जिससे समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बनती है।जनता दरबार में विभिन्न पंचायतों और गांवों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं तथा विधायक से क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

# महिला हिंसा के मामलों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने सोमवार को नई दिल्ली में विजया रहाटकर से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने झारखंड में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध, महिला सुरक्षा, उत्पीड़न और हिंसा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की मुलाकात के दौरान राजकुमार राज ने झारखंड में महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और अन्य गंभीर अपराधों के मामलों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न हिस्सों से लगातार महिला उत्पीड़न की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिन पर त्वरित कार्रवाई और पीड़ितों को समय पर न्याय मिलना आवश्यक है राजकुमार राज ने राष्ट्रीय महिला आयोग से झारखंड में घटित महिला हिंसा और उत्पीड़न के प्रमुख मामलों पर स्वतः संज्ञान लेने तथा आवश्यकतानुसार राज्य प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से रिपोर्ट तलब करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल जिम्मेदारी है तथा इस दिशा में सभी संस्थाओं को संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ कार्य करना चाहिए बैठक में महिला सशक्तिकरण, महिलाओं की शिक्षा, रोजगार के अवसर और सामाजिक भागीदारी बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। राजकुमार राज ने कहा कि महिलाओं को सुरक्षित वातावरण और समान अवसर उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है, ताकि वे समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर विजया रहाटकर ने महिला अधिकारों और सुरक्षा के प्रति आयोग की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि महिलाओं के हितों की रक्षा और उन्हें न्याय दिलाने के लिए आयोग लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में आवश्यक कदम उठाने का भरोसा भी दिलाया यह मुलाकात झारखंड में महिला सुरक्षा, महिला अधिकारों और सशक्तिकरण के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# कदाचार रहित शांतिपूर्ण माहौल में नीट (यूजी) परीक्षा का करें आयोजन

## राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा जारी गाइडलाइन का सभी अक्षरशः करें पालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने संयुक्त रूप से आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले नीट (यूजी) पुनः परीक्षा 2026 की तैयारियों को लेकर बैठक की। मौके पर पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना, वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता सुनील चन्द्र, प्रभारी पदाधिकारी डीपीआरओ मो. सफीक आलम, डीसीएलआर पूर्णिमा कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, एएसपी चास, डीएलएओ अनुराधा कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मनोज कुमार, सीटी डीएसपी राजीव रंजन, नोडल पदाधिकारी सह डीईओ जगरनाथ लोहरा, सिटी



कार्डिनेटर सह केंद्रीय विद्यालय नंबर वन सेक्टर 04 बोकारो के प्राचार्य मनोज कुमार समेत सभी प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारी, दंडाधिकारी, संबंधित बीडीओ - सीओ, केंद्राधीक्षक आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि नीट (यूजी) परीक्षा 2026 का संचालन कदाचार रहित एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना जिला प्रशासन का दायित्व हैं और इसको लेकर वरीय पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों को जो दायित्व दिया गया है, उसका निर्वहन करेंगे, कहीं कोई चूक नहीं हो। परीक्षा केन्द्रों के प्रवेश द्वार पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी परीक्षा के दिन केवल परीक्षार्थी, परीक्षा से जुड़े अधिकारियों, एनटीए अधिकारियों और डीएलसीसी सदस्यों को ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति देंगें। उन्होंने परीक्षा को लेकर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एन.टी.ए) द्वारा जारी गाइडलाइन का अक्षरशः कड़ाई से अनुपालन संबंधित सभी पदाधिकारी-कर्मियों/केंद्राधीक्षकों को सुनिश्चित करने को कहा। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश 21 जून को 11 बजे से शुरू हो जाएगा, जो अपराह्न 1.30 बजे तक जारी रहेगा। अपराह्न 1.30 बजे के बाद किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केंद्रों में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। ऐसे में परीक्षार्थियों से अपील है कि वह भोजन करके ससमय केंद्र में प्रवेश करेंगे। परीक्षार्थी अपने साथ केवल परीक्षा का एडमिट कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो एवं कोई भी एक पहचान पत्र (आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि) साथ लाएंगें। परीक्षार्थी अपने साथ लिखने के लिए कलम (पेन) भी नहीं लाएंगे। परीक्षा कक्ष में ही उन्हें एन.टी.ए. द्वारा उपलब्ध कलम (पेन) उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के तहत सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुरुष एवं महिला पुलिस बल प्रतिनियुक्त किया गया है। एचएचएमडी (हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर) के साथ परीक्षार्थियों की फिस्कींग के लिए भी अलग-अलग टीम तैनात रहेगी। प्रश्नपत्र ओएमआर सीट को परीक्षा केंद्र ले जाने में किसी भी तरह की कोई लापरवाही नहीं बरतेंगे। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श कर जरूरी दिशा-निर्देश द्वय पदाधिकारियों ने दिया। मौके पर सिटी कार्डिनेटर सह केंद्रीय विद्यालय नंबर वन सेक्टर 04 बोकारो के प्राचार्य मनोज कुमार ने नीट (यूजी) परीक्षा से संबंधित गाइडलाइन/तैयारियों के संबंध में बिंदुवार पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारी, दंडाधिकारी, केंद्राधीक्षक, पुलिस पदाधिकारी को बताया। जानकारी हो कि, नीट परीक्षा को लेकर जिले में 08 परीक्षा केंद्र क्रमशः केंद्रीय विद्यालय नंबर वन सेक्टर फोर, श्री महावीर जी प्लस टू हाई स्कूल बिजुलिया, डिस्ट्रिक्ट रामरूद्रा सीएम एसओई चास बोकारो, सर्वोदय प्लस टू विद्यालय पिंड्राजोरा, प्लस टू हाई स्कूल पेटरवार, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 03, केंद्रीय विद्यालय सीटीपीएस चंद्रपुरा बोकारो, एवं अपग्रेडेड राजकीयकृत प्लस टू हाई स्कूल लकड़ाखंदा को बनाया गया है।

# दो बच्चों को बाल मजदूरी से कराया गया मुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** बाल श्रम उन्मूलन के उद्देश्य से जिला प्रशासन के निर्देश पर सोमवार को श्रम विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई तथा जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन बनवासी विकास आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान बरवाडीह से कोलडीहा क्षेत्र तक संचालित किया गया, जिसमें दो बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त कराया गया। अभियान के दौरान पूर्व चिन्हित प्रतिष्ठानों की जांच की गई। टीम ने बरवाडीह स्थित सितारा बेकरी तथा कोलडीहा स्थित मन्नत ऑटो पार्ट्स से कार्यरत दो बच्चों को मुक्त कराया। इसके साथ ही विभिन्न दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं कार्यस्थलों का निरीक्षण कर बाल श्रम निषेध कानूनों की जानकारी दी गई और लोगों से बच्चों को मजदूरी में नहीं लगाने की अपील की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य बाल श्रम की रोकथाम, बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा तथा उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना था। अधिकारियों ने कहा कि बच्चों का स्थान स्कूल में है, न कि कार्यस्थलों पर। अभियान में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी राजेश कुमार एवं विक्रम कुमार, जिला बाल संरक्षण इकाई के रविंद्र कुमार सिन्हा, बाल कल्याण समिति के योगेंद्र कुमार एवं शैलेंद्र कुमारी, मुफ्फसिल थाना के प्रभारी तथा बनवासी विकास आश्रम एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सामुदायिक कार्यकर्ता रूपा कुमारी, उत्तम कुमार और नीरज मुर्मू सहित अन्य लोग शामिल थे श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि बाल श्रम एक सामाजिक अपराध है और इसके उन्मूलन के लिए प्रशासन, सामाजिक संस्थाओं तथा आम नागरिकों की संयुक्त भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

# विशेष समकालीन अभियान के तहत 23 फरार वारंटियों को किया गया गिरफ्तार

## 31 टीमों का किया गया था गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर 12/13 जून 2026 की रात्रि जिले भर में विशेष समकालीन एवं छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य विभिन्न मामलों में फरार चल रहे अपराधियों, वारंटियों एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करना था। हजारीबाग जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षकों एवं पुलिस निरीक्षकों के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में कुल 31 टीमों का गठन किया गया। इन टीमों में लगभग 123 पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया था। अभियान के दौरान गठित टीमों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में वांछित अपराधियों के 73 संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। व्यापक कार्रवाई के दौरान कुल 23 अपराधियों एवं वारंटियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली।
पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए इस प्रकार के विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि यदि उनके क्षेत्र में कोई अपराधी या वारंटी गिरफ्तारी के भय से छिपकर रह रहा हो, तो इसकी सूचना तत्काल नजदीकी थाना को दें। सूचना प्राप्त होने पर उसका सत्यापन कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
हजारीबाग पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी तथा कानून का उल्लंघन करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

# चन्द्रगुप्ता कोल परियोजना में रैयतों का उग्र विरोध

## ट्रकों को खदेड़ा, सड़क काटकर जताया आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**केरेडारी/हजारीबाग।** सीसीएल की चन्द्रगुप्ता कोल परियोजना में स्थानीय रैयतों ने कोयला परिवहन को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया है। रैयतों का आरोप है कि उनकी सहमति और लंबित मांगों के समाधान के बिना कोयला ट्रांसपोर्टिंग शुरू करने की कोशिश की जा रही थी, जिसके विरोध में उन्होंने लोडिंग स्थल पर पहुंचकर ट्रकों को वापस लौटा दिया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि



परियोजना प्रबंधन द्वारा स्थानीय रैयतों और प्रभावित परिवारों से उचित वार्ता किए बिना कोयला डिस्पैच की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। इससे क्षेत्र के लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। विरोध के दौरान रैयतों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती, तब तक किसी भी प्रकार का कोयला डिस्पैच नहीं होने दिया जाएगा। स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई जब प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर जेसीबी मशीन की मदद से सड़क को काटकर आवागमन बाधित कर दिया। रैयतों का कहना है कि यह कदम उनकी अनदेखी के खिलाफ मजबूरी में उठाया गया है ताकि प्रबंधन उनकी बात सुने और वार्ता के लिए आगे आए। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि परियोजना से प्रभावित लोगों की रोजगार, मुआवजा, पुनर्वास तथा अन्य स्थानीय मुद्दों से जुड़ी मांगें लंबे समय से लंबित हैं। उनका कहना है कि कई बार प्रशासन और प्रबंधन को समस्याओं से अवगत कराया गया, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। प्रदर्शनकारी रैयतों ने दो टूक कहा है कि जब तक प्रबंधन और प्रशासन के साथ औपचारिक वार्ता नहीं होती तथा मांगों पर ठोस आश्वासन नहीं मिलता, तब तक कोयला परिवहन और डिस्पैच कार्य का विरोध जारी रहेगा। घटना की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र में स्थिति पर नजर रखी जा रही है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक प्रबंधन की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी। चन्द्रगुप्ता परियोजना में उत्पन्न यह गतिरोध एक बार फिर स्थानीय रैयतों और परियोजना प्रबंधन के बीच संवाद की आवश्यकता को रेखांकित कर रहा है। अब देखना होगा कि प्रशासन और प्रबंधन इस विवाद के समाधान के लिए क्या कदम उठाते हैं।

# भारत किसी को छेड़ता नहीं, अगर कोई छेड़ता है, तो उसे छोड़ता नहीं : नवीन जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के शासनकाल पूरे होने, साथ ही सबसे लंबे समय तक लगातार भारत में शासन करने का रिकॉर्ड बनाने के उपरांत, हजारीबाग में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में बतौर मुख्य अतिथि विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक, हटिया विधानसभा के विधायक, नवीन जायसवाल जी उपस्थित हुए। प्रेस वार्ता की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में हजारीबाग, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद भी उपस्थित थे। श्री जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इन वर्षों में भारत ने बुनियादी ढांचे, डिजिटल क्रांति और वैश्विक कूटनीति के मामले में एक अभूतपूर्व परिवर्तन देखा गया। राजीव गांधी के शासनकाल में वे खुद कहा करते थे, कि केंद्र से100 भेजा जाता है तो लाभुक के बीच मात्र 15 ही जा पाता, आज मोदी सरकार की डिजिटल क्रांति की देन है कि 100 के 100 लाभुक के खातों में भेजी जा रही है। शासन के इस सफर ने देश को एक नए मुकाम पर पहुंचा है। भारत में डिजिटल पेमेंट और युपीआई तकनीक ने विश्व स्तर पर एक मिसाल कायम की है। 12 वर्षों के दौरान भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। सब्सिडी और सरकारी सहायता का पैसा सीधे लाभार्थियों की बैंक खातों में जमा करके, भ्रष्टाचार को कम किया गया है। देश के करोड़ों जरूरतमंद परिवारों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी है। आयुष्मान भारत योजना के तहत 55 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को प्रतिवर्ष 5 लख रुपए का मुफ्त इलाज कराया गया। ऐतिहासिक निर्णय और कूटनीति के क्षेत्र में जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त किया गया। आगे उन्होंने यह भी कहा कि भारत किसी को छेड़ता नहीं है, अगर भारत को कोई छेड़ता है, तो उसे भारत छोड़ना भी नहीं।

# जिले के सभी प्रखंडों में दो दिवसीय सहयोग शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्तियों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 17 एवं 18 जून को जिले के सभी प्रखंडों में दो दिवसीय प्रखंड सहयोग सह जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने इस संबंध में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए शिविर के सफल संचालन एवं व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इस विशेष शिविर के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित नए आवेदन, निबंधन, सत्यापन, ई-केवाईसी तथा अन्य लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। शिविर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम स्वनिधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाएं, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांगजन कल्याण योजनाएं, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना तथा बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड से संबंधित योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा शिविर में आने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग काउंटर स्थापित किए जाएंगे तथा संबंधित विभागों के नोडल पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। आमजन को आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने हेतु हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी, जहां प्रशिक्षित कर्मी एवं स्वयंसेवक आवेदन प्रपत्र भरने तथा संबंधित काउंटर तक पहुंचने में सहायता करेंगे। शिविर स्थल पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल स्टॉल भी स्थापित किए जाएंगे, जहां लोगों की निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप एवं ब्लड शुगर की जांच के साथ आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने बताया कि शिविर की सतत निगरानी जिला स्तर के वरीय अधिकारियों द्वारा की जाएगी। दोनों दिनों में विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण कर शिविरों का निरीक्षण किया जाएगा।

# विधायक कल्पना सोरेन ने किया कई परियोजनाओं का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, आधारभूत संरचना, कौशल विकास और आजीविका सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे कार्यक्रम की शुरुआत ताराटांड़ उच्च विद्यालय के निरीक्षण से हुई। विधायक ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया और छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें शिक्षा, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। इस अवसर पर झारखंड राज्य खो-खो संघ द्वारा



आयोजित 19वीं जूनियर स्टेट लेवल गर्ल्स खो-खो चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं और खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इसके बाद पथ निर्माण विभाग की लगभग 55 करोड़ रुपये की लागत वाली बड़कीटांड़ गिरनिया मोड़ सड़क परियोजना का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। वहीं गांडेय प्रखंड स्थित जिला परिषद निरीक्षण भवन परिसर में गांडेय दस्तकार यूनिट का भी शिलान्यास किया गया। इस परियोजना से स्थानीय कारीगरों, महिला समूहों और युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे तथा पारंपरिक हस्तशिल्प को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा बेंगाबाद प्रखंड के कर्णपुरा पंचायत निवासी किसान खुर्शीद हादी के कृषि फार्म का भी निरीक्षण किया गया। विधायक ने आधुनिक कृषि तकनीकों और कृषि नवाचारों की सराहना करते हुए किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के लिए प्रेरित किया।

# 21 को शिबू सोरेन स्मृति भवन में आयोजित होगा योग दिवस पर कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा कैंप टू स्थित शिबू सोरेन स्मृति भवन सभागार (टाउन हॉल), बोकारो में जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6:00 बजे होगा, जिसमें जिला स्तरीय पदाधिकारी-कर्मी, आमजन एवं विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यक्रम की सफल तैयारी एवं समुचित व्यवस्थाओं को लेकर सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योग दिवस केवल एक दिवस का आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली एवं जन-जागरूकता का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए कार्यक्रम को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाया जाए। बैठक में कार्यक्रम स्थल पर बैठने, पेयजल, चिकित्सा सहायता, स्वच्छता, सुरक्षा, ध्वनि व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, विभिन्न योग संस्थानों एवं प्रशिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। उपायुक्त ने बताया कि योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाले योग प्रशिक्षकों को कार्यक्रम के दौरान सम्मानित भी किया जाएगा, ताकि समाज में योग के प्रति जागरूकता और प्रोत्साहन को बढ़ावा मिल सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक (एसपी) नाथू सिंह मीना, उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार आदि उपस्थित थे।

# दिव्यांगों के बीच स्कूटी का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**झरिया।** झरिया कोयलांचल के प्रख्यात मजदूर नेता, पूर्व विधायक और श्रमिक हितों की बुलंद आवाज रहे स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह की 35वीं पुण्यतिथि सोमवार को श्रद्धा, सम्मान और जनसेवा के संकल्प के साथ मनाई गई। इस अवसर पर झरिया क्षेत्र 'वीर सूर्यदेव सिंह अमर रहें' के नारों से गूंज उठा। कतरास मोड़ चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सुबह से ही हजारों लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भीषण गर्मी और तेज धूप के बावजूद श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होने वालों का उत्साह देखते ही बन रहा था। झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल से पहुंचे मजदूरों, समर्थकों और शुभचिंतकों ने अपने प्रिय नेता को श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूरे दिन श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि लंबे समय



बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी और संगठन से जुड़े लोग बड़ी संख्या में श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। इस दौरान सूर्यदेव सिंह के परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे और उनके संघर्षपूर्ण जीवन तथा श्रमिकों के लिए किए गए योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में धनबाद के मेयर संजीव सिंह, झरिया विधायक रागिनी सिंह, सारठ के पूर्व विधायक रणधीर सिंह सहित हजारों समर्थक मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1991 में सूर्यदेव सिंह के निधन के तीन दशक से अधिक समय बीत जाने के बावजूद उनकी लोकप्रियता और मजदूरों के बीच उनकी पहचान आज भी बरकरार है। पुण्यतिथि समारोह को केवल श्रद्धांजलि तक सीमित नहीं रखा गया बल्कि इसे जनसेवा से भी जोड़ा गया। झरिया विधायक रागिनी सिंह ने अपने विधायक मद से एक दर्जन दिव्यांगजनों के बीच स्कूटी का वितरण किया। लाभुकों ने इस पहल को अपने जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए आभार व्यक्त किया।

# बाढ़ एवं सूखे की स्थिति से निपटने हेतु प्रभारी मंत्री ने ली जानकारी

- जिले में 228 सामुदायिक रसोई केन्द्र तथा 80 बाढ़ राहत शिविर किये गए हैं चिह्नित
- प्रभारी मंत्री ने गत वर्ष में आई बाढ़ के दौरान किए गए राहत एवं बचाव कार्य की ली जानकारी
- जरूरत पड़ने पर हवाई मार्ग से राहत सामग्री पहुंचाने को लेकर 18 हेलीपैड किये गए हैं चिह्नित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में वर्ष 2026 में संभावित बाढ़ एवं सूखे की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु जिला प्रभारी मंत्री रामकृपाल यादव द्वारा वीसी के माध्यम जिला स्तरीय आपदा पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी बेगूसराय श्रीकांत शास्त्री, नगर आयुक्त नगर निगम, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन), सिविल सर्जन बेगूसराय, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी सहित जिला स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में वर्ष 2025 में आई बाढ़ के दौरान किए गए राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि गत वर्ष गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण जिले के आठ अंचल प्रभावित हुए थे, जिससे लगभग 3.46 लाख लोग एवं 31 हजार से अधिक पशु प्रभावित हुए थे। प्रभावित क्षेत्रों में नाव परिचालन, सामुदायिक रसोई, स्वास्थ्य शिविर, पशु चिकित्सा शिविर तथा राहत सामग्री वितरण सहित विभिन्न राहत कार्य संचालित किए गए थे। साथ ही 89,741 प्रभावित परिवारों को सात हजार रुपये प्रति परिवार की दर से कुल 62.81 करोड़ रुपये की अनुग्रह सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में उपलब्ध कराई गई थी। बैठक में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि संभावित बाढ़ को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली गई हैं। जिले के अंतर्गत सभी 20 तटबंध सुरक्षित एवं सुदृढ़ हैं तथा संवेदनशील स्थलों पर अभियंताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है। कटाव निरोधी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है तथा शेष कार्य 30 जून तक पूर्ण कर लिए जाएंगे। विभागीय स्टोर में जियो बैग, ईसी बैग एवं वायर क्रेट्स सहित आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।राहत एवं पुनर्वास की तैयारियों के तहत जिले में 228 सामुदायिक रसोई केंद्र तथा 80 बाढ़ राहत शिविर चिन्हित किए गए हैं। राहत सामग्री की आपूर्ति, पैकेजिंग एवं वितरण के लिए अनुमंडलवार व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। आवश्यकता पड़ने पर हवाई मार्ग से राहत सामग्री पहुंचाने हेतु 18 हेलीपैड स्थलों को भी चिन्हित किया गया है।बचाव कार्यों के लिए जिले में कुल 245 नावों की व्यवस्था की गई है, जिनमें सरकारी एवं निजी दोनों प्रकार की नावें शामिल हैं। एसडीआरएफ के संसाधनों के अतिरिक्त 92 प्रशिक्षित गोताखोरों तथा 100 खोज एवं बचाव दलों को भी तैयार रखा गया है। बैठक में संभावित सुखाड़ की स्थिति की भी समीक्षा की गई। कृषि विभाग द्वारा आकस्मिक फसल योजना तैयार करते हुए किसानों के लिए वैकल्पिक फसलों के बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गई है। जिससे सिंचाई क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। साथ ही बंद पड़े राजकीय नलकूपों को शीघ्र चालू करने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है।

## बाढ़ से निपटने की तैयारियों को लेकर समीक्षा

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के ई-किसान भवन में सोमवार को अंचलाधिकारी सूरज कुमार की अध्यक्षता में बाढ़ की तैयारियों को लेकर जल संसाधन विभाग की तकनीकी टीम, प्रशासनिक पदाधिकारियों, संवेदकों एवं जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभावित बाढ़ की स्थिति में तटबंधों की सुरक्षा, बालू भंडारण, बांधों की मरम्मत एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। अंचलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ के दौरान लोगों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर समय रहते आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया गया। बैठक में तटबंधों की कमजोर स्थलों की पहचान, आवश्यक मरम्मत कार्य, बाढ़ राहत सामग्री की उपलब्धता तथा आपातकालीन स्थिति से निपटने की कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# सहयोग शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें आम नागरिक : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान तथा सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं को लोगों तक सुलभ बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा पंचायत स्तर पर 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में मंगलवार को प्रातः 10 बजे से जिले के विभिन्न प्रखंडों की चयनित पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इन सहयोग शिविरों का उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों, समस्याओं एवं विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों का स्थानीय स्तर पर ही त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना है। शिविर में प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों पर संबंधित विभागों द्वारा तत्काल कार्रवाई की जाएगी तथा यथासंभव मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण किया जाएगा। इससे आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा तथा प्रशासनिक सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बरौनी प्रखंड के सहूरी एवं बभनगामा, बेगूसराय प्रखंड के पचम्बा एवं बिन्दपुर, वीरपुर प्रखंड के वीरपुर पश्चिम एवं पर्रा, मटिहानी प्रखंड के सैयदपुर ऐमा एवं मनिअप्पा, बलिया प्रखंड के भगतपुर, साहेबपुर कमाल प्रखंड के पंचवीर एवं समस्तीपुर, डंडारी प्रखंड के तेतरी, चेरिया बरियारपुर प्रखंड के बिक्रमपुर, खोदावंदपुर प्रखंड के बरियारपुर पश्चिमी, छौड़ाही प्रखंड के शाहपुर, बखरी प्रखंड के चकचनरपथ, गढ़पुरा प्रखंड के कुम्हारसों, नावकोठी प्रखंड के नावकोठी, तेघड़ा प्रखंड के बरौनी-1, बछवाड़ा प्रखंड के दादुपुर एवं रानी-1, भगवानपुर प्रखंड के काजीरसलपुर तथा मंसूरचक प्रखंड के गणपतौल पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहेंगे। साथ ही संबंधित क्षेत्र के वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी भी शिविर का निरीक्षण करेंगे तथा प्राप्त शिकायतों के निष्पादन की निगरानी करेंगे। आम नागरिकों की सुविधा के लिए शिविर स्थलों पर पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## जनसमस्याओं के समाधान के लिए लगेगा विशेष शिविर

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के लोगों को सरकारी योजनाओं एवं विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 एवं 18 जून को प्रखंड मुख्यालय में सहयोग सह जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में आम नागरिकों की समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट समाधान करने तथा विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदनों के निष्पादन का प्रयास किया जाएगा। प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।प्रभारी बीडीओ सूरज कुमार ने बताया कि शिविर के सफल आयोजन को लेकर राजस्व विभाग सहित प्रखंड के सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। शिविर में विभिन्न विभागों के अलग-अलग काउंटर स्थापित किए जाएंगे, जहां लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ आवेदन प्राप्त करने और शिकायतों के त्वरित निष्पादन की व्यवस्था रहेगी।उन्होंने बताया कि शिविर में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, मनरेगा, आपूर्ति, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास परियोजना सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहेंगे। इससे लोगों को विभिन्न सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और एक ही स्थान पर कई विभागों से संबंधित कार्यों का निपटारा हो सकेगा। प्रभारी बीडीओ ने प्रखंडवासियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि को अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचें और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए अपनी समस्याओं का समाधान कराएं।

# पल्स पोलियो अभियान की तैयारी को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**शिवाजीनगर।** आगामी 28 जून को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की सफल तैयारी एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स बीएलटीएफ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी बीडीओ ने की बैठक में पल्स पोलियो अभियान के दौरान शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने पर जोर दिया गया। बीडीओ ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी के पूर्ण उन्मूलन के लिए प्रत्येक पात्र बच्चे तक पहुंचना आवश्यक है। इसके लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय एवं सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 28 जून को बूथ दिवस के माध्यम से बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके बाद छूटे हुए बच्चों को घर-घर जाकर दवा पिलाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालयों के माध्यम से जागरूकता फैलाने, जबकि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को आंगनबाड़ी केंद्रों एवं सेविकाओं के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक अभियान की जानकारी पहुंचाने का निर्देश दिया गया। जीविका के बीपीएम को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में अभियान के लिए बूथों की व्यवस्था, वैक्सीन की उपलब्धता, माइक्रोप्लान, पर्यवेक्षण, प्रचार-प्रसार एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता से करने का निर्देश दिया गया बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बीपीएम जीविका सहित स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने संयुक्त रूप से पल्स पोलियो अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने का संकल्प लिया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### विकसित बिहार के निर्माण...

और एमएसएमइ इकाइयों के लिए कौशल विकास, तकनीकी प्रशिक्षण एवं रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा तथा प्रदेश के एमएसएमइ क्षेत्र को नई तकनीक, कौशल विकास, नवाचार और रोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि गया जी में स्थापित हो रहा यह अत्याधुनिक एमएसएमइप्रौद्योगिकी केंद्र बिहार के औद्योगिक भविष्य को नई दिशा देने वाला निर्णायक कदम है। यह केंद्र हमारे युवाओं को अत्याधुनिक कौशल से सशक्त करेगा और एमएसएमइ क्षेत्र को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा। हम स्पष्ट रूप से बिहार को एक मजबूत औद्योगिक हब के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां स्थानीय उद्यम वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अपनी मजबूत पहचान बनाएंगे और आत्मनिर्भर बिहार का लक्ष्य तेजी से साकार होगा। इस दौरान बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, एमएसएमइ मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव भारत खेड़ा, उद्योग विभाग के सचिव सह एमएसएमइ एवं आइडीए के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार, निदेशक एमएसएमइ एवं खाद्य प्रसंस्करण अमन समीर, वरिष्ठ अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। यह अत्याधुनिक एमएसएमइ प्रौद्योगिकी केंद्र गया जी सहित पूरे बिहार में औद्योगिक विकास, कौशल संवर्धन, नवाचार एवं रोजगार सृजन का नया केंद्र बनेगा तथा विकसित बिहार के निर्माण को नई गति प्रदान करेगा।

### मगध क्षेत्र के युवाओं ...

प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में दक्षिण बिहार को एक ऐसी सौगात मिल रही है जो आने वाले वर्षों में रोजगार, कौशल विकास और औद्योगिक प्रगति का मजबूत आधार बनेगी। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने परियोजना के लिए भूमि उपलब्ध कराकर विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। यह केंद्र गया, नवादा, जहानाबाद, औरंगाबाद सहित पूरे मगध क्षेत्र के युवाओं के लिए वरदान सिद्ध होगा। अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं, तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा रोजगार पाने के साथ-साथ रोजगार सृजित करने की दिशा में भी आगे बढ़ें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रौद्योगिकी केंद्र बिहार के औद्योगिक विकास का नया अध्याय लिखेगा और विकसित बिहार के निर्माण को नई गति प्रदान करेगा।

## 19 गर्भवतियों की हुई जांच

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सोमवार को पीएचसी नावकोठी में गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी एवं हीटवेव के कारण शिविर में लाभुकों की उपस्थिति अपेक्षाकृत काफी कम रही। शिविर में मात्र 19 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर के दौरान एलटी द्वारा गर्भवती महिलाओं का वजन, रक्तचाप, हीमोग्लोबीन, मूत्र सहित अन्य आवश्यक जांच की गई। जांच के दौरान एक गर्भवती महिला एनीमिया (खून की कमी) से ग्रसित तथा एक महिला हेपेटाइटिस-बी पॉजिटिव पाई गई। दोनों महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने एवं चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार दवा का सेवन करने की सलाह दी गई। चिकित्सक डॉ नीतीन ने गर्भवती महिलाओं को इस अवस्था में शरीर में होने वाली रक्त की कमी को दूर करने के लिए आयरन की गोली के नियमित सेवन के साथ-साथ भोजन में पके हुए पीले फल, हरी पत्तेदार सब्जियां, रागी एवं पौष्टिक आहार शामिल करने की सलाह दी।

## छात्र-छात्राओं के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सामाजिक संस्था आदर्श परिकल्पना के तत्वावधान में स्नातक सेमेस्टर-5 के छात्र-छात्राओं के लिए संचालित इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत सोमवार को विकास विद्यालय, डुमरी में एक भव्य उन्मुखीकरण एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुमित कुमार एवं महिला पत्रकार तबस्सुम खान ने संयुक्त रूप से किया। अंत में संस्था की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, कृषि, महिला सशक्तिकरण, सूचना प्रौद्योगिकी, पत्रकारिता सहित विभिन्न विषयों में इंटर्नशिप कर रहे सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर आईएमए अध्यक्ष डॉ एके राय, शिक्षाविद् एवं विकास विद्यालय के निदेशक राजकिशोर सिंह, स्कॉलर एवं वार्ड पार्षद डॉ शगुफ्ता ताजवर, वनवासी कल्याण समिति एवं लायंस क्लब की सदस्या सरिता सुल्तानिया तथा संस्था के सचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार मो आरिफ हुसैन ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# धर्मावती नदी पर बने पुल का उद्घाटन, तीन दशक पुरानी मांग हुई पूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**शाहपुर।** प्रखंड के सहजौली एवं हिरखी पिपरा गांव के बीच धर्मावती नदी पर नवनिर्मित पुल का उद्घाटन पूर्व विधायक राहुल तिवारी ने किया। उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की करीब तीन दशक पुरानी मांग आज पूरी हो गई है। उन्होंने बताया कि पुल के दोनों ओर पक्की सड़क निर्माण के लिए भी प्रयास किए जाएंगे। ताकि लोग वर्षभर इसका लाभ उठा सकें। पूर्व विधायक ने कहा कि इस पुल के निर्माण से मत्स्य पालन एवं सब्जी की खेती करने वाले किसानों को विशेष लाभ मिलेगा। उद्घाटन समारोह में स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए मुखिया बीरबल सिंह, बलिराम यादव तथा पूर्व मुखिया जनमेजय यादव ने कहा कि पुल बनने से हजारों किसानों एवं आम लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में शंकर यादव, जुबेर खान, राजनाथ चौधरी, सुरेमन चौधरी, परशुराम यादव, बरमेश्वर यादव, हरिशंकर यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Biennial election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly to fill the seats of members retiring on 28.06.2026**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | Biennial election to the Legislative council 2026 | Anil Thakur | पियूष चावला जे.एम. फस्ट क्लास पूर्णिया जलालगढ़ थाना कांड सं.–36 / 2010 Pending | 341, 323, 353, 379 427, 504, 24 आईपीसी गृह अतिचार एवं शांति भंग करना | Not Applicable | Not Applicable |

**Format C - 1**

(For candidate to publish in Newspapers, TV)

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate: **Sanjay Prakash,** S/o Mahamaya Prasad Vinod Dharampur Jafar, Amnour, Saran, Bihar - 841401

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: Biennial election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly to fill the seats of members retiring on 28.06.2026

*Name of Constituency: Biennial election to the Legislative council 2026

I **Sanjay Prakash** a candidate for the Above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| Pending Criminal cases | | | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| S.N. | Name of Court | Case No. and Status of Case | Section(s) of Acts concerned and brief description of offences(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | ए.सी.जे.एम.–1 सह एमपी / एमएलए कोर्ट, पटना। | कोतवाली थाना, पटना कांड सं. 469 / 2015 Pending | भारतीय दंड संहिता की धाराएं – 143, 341, 188, 431, 290 प्रतिबंधित क्षेत्र में बिना अनुमति प्राप्त किए जुलूस निकालने एवं मार्ग अवरूध करने के संबंध में | लागू नहीं | लागू नहीं |

# सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों का ससमय हो निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** पंचायत स्तर पर आयोजित किए जा रहे ल्लसहयोग शिविरङ्क के प्रभावी एवं सफल आयोजन तथा शिविरों में प्राप्त वादों के निष्पादन की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह की अध्यक्षता में सभी नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। गौरतलब है कि आम नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं के सुलभ प्राप्ति एवं त्वरित समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि आमजन को स्थानीय स्तर पर ही प्रशासनिक सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा सके। अपर समाहर्ता द्वारा सभी नोडल एवं सहयोगी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिविरों में प्राप्त सभी वादों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से ऐसे मामलों की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया गया जिनका निष्पादन 10 दिनों एवं 20 दिनों के भीतर नहीं हो पाया हो। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि प्राप्त सभी वादों का अधिकतम 30 दिनों के भीतर शत-प्रतिशत निष्पादन किया जाए। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि यदि किसी स्तर पर 30 दिनों की निर्धारित अवधि के भीतर मामलों का निष्पादन नहीं किया जाता है, तो संबंधित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# रेल ट्रैक के किनारे मिला युवक का शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर आज एक 40 साल के अज्ञात युवक का शव मिला है। शव रफीगंज थाना क्षेत्र के लहास और अमवा-सिमवा गांव के बीच रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। पहचान नहीं होने के कारण पुलिस के सामने मामले की गुत्थी सुलझाना चुनौती बन गया है। कुछ ग्रामीणों ने रेल ट्रैक के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। इसके बाद तत्काल इसकी सूचना रफीगंज थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष शंभू कुमार, दारोगा विनोद कुमार और उमेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मृतक की उम्र लगभग 40 साल आंकी गई है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि शव को पहचान के लिए 72 घंटे तक थाना परिसर में सुरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने आसपास के गांवों के लोगों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के लापता होने की सूचना हो तो तत्काल पुलिस को जानकारी दें। इसके अलावा सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है।

# डंपर की टक्कर से लूना सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहटा गांव के समीप सोमवार सुबह देवहरा की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात डंपर ने लूना बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक सड़क हादसे में लूना बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गया जिले के कोंच थाना क्षेत्र के परधाना गांव निवासी 35 वर्षीय धर्मजीत साव उर्फ कल्लू के रूप में की गई है। टक्कर इतनी भीषण थी कि लूना बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से धर्मजीत को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसपुरा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए एनएच-120 को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार अस्पताल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। परिजनों के अनुसार धर्मजीत लूना बाइक पर घूम-घूमकर गोलगप्पे बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के परिजनों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने तथा एनएच-120 पर बेलगाम दौड़ रहे डंपर और भारी वाहनों की तेज रफ्तार पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# विशेष अभियान के तहत नौ लोग भेजे गए जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में रविवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 9 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, हत्या के प्रयास में एक, मद्य निषेध अधिनियम के तहत छह तथा अन्य मामलों में 17 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 228.20 लीटर देसी एवं 2.50 विदेशी शराब बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1250 वाहनों की जांच की गई जिसमें 32000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है।

# सभी प्रखंडों में आज से तीन दिनों तक लगेगा प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति एवं लाभार्थियों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचाने ।के उद्देश्य से जिलान्तर्गत सभी प्रखंडों में 16, 17 एवं 18 जून को ल्लप्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविरङ्क का आयोजन किया जाना निर्धारित किया गया है। यह शिविर बिहार सरकार के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी संबंधित विभागों एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को शिविर के सफल आयोजन, प्राप्त आवेदनों के संधारण, निष्पादन एवं अनुश्रवण हेतु आवश्यक निदेश निर्गत किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया है कि शिविर का आयोजन संबंधित प्रखंड अथवा उसके निकट उपलब्ध सार्वजनिक स्थल पर किया जाए तथा शिविर का संचालन प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 05 बजे तक निर्धारित समयानुसार सुनिश्चित किया जाए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं यथा-आयुष्मान भारत-पीएम-जय, आयुष्मान वय वंदना कार्ड (70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग), सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), लखपति दीदी योजना, पीएम स्वनिधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान एवं छात्रवृत्ति योजनाएँ, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांगजन कल्याण योजनाएँ, निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना सहित अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्ति एवं लाभ उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट निदेश दिया गया है कि प्रत्येक योजना हेतु पृथक काउंटर स्थापित किया जाए तथा प्रत्येक काउंटर के लिए नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। शिविर में संबंधित प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही शिविर स्थल पर हेल्प डेस्क की स्थापना सुनिश्चित की जाएगी, जहां प्रशिक्षित कर्मियों एवं स्वयंसेवकों द्वारा आवेदकों एवं लाभार्थियों को आवेदन भरने, आवश्यक दस्तावेजों के संधारण तथा संबंधित काउंटर तक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन को निदेशित किया गया है कि प्रत्येक शिविर स्थल पर मेडिकल स्टॉल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, शर्करा जांच एवं स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा उपलब्ध रहे। मेडिकल स्टॉल को आयुष्मान भारत एवं वय वंदना कार्ड नामांकन काउंटर के समीप स्थापित किया जाएगा। प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर हेतु आवेदन प्राप्ति एवं निष्पादन की व्यवस्था के अंतर्गत जिला कल्याण पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है।

# बहला-फुसलाकर औने-पौने दामों में जमीन की रजिस्ट्री कराने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बहला-फुसलाकर औने-पौने दामों में एक जमीन रजिस्ट्री करवाने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि पैसा चुकता किए बिना आरोपी ने मारपीट कर ज़बरन 1 लाख 79 हजार रूपये में रजिस्ट्री करवा लिया। जबकि वह कीमती और आवासीय प्रकृति की ज़मीन है। मामला देवकुंड थाना कस है। इस संबध में देवकुंड निवासी हरीश कुमार की पत्नी पिंकी देवी ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमें बताया कि 18.5 डिसमिल ज़मीन दुलार बिगहा, टोला गढ़ पर निवासी राजकुमार सिंह से बिक्री तय हुआ। इस दौरान आरोपी ने बहला-फुसलाकर 3 लाख 85 हजार रूपये का एग्रीमेंट पेपर बनाया गया जिसमें कई बार में 1 लाख 79 हजार रूपये चुकता किया गया। इसी क्रम में बीते 8 जून को जबरन हमारे पति हरीश कुमार को एक मेडिकल दुकान से राजकुमार सिंह, उनका बेटा और दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जबरन एक कार में बैठा लिया गया और दाउदनगर रजिस्ट्री कार्यालय लाया गया। इस दौरान ज़मीन रजिस्ट्री का विरुद्ध करने पर मारपीट किया गया। हालांकि अंततः राजकुमार सिंह ने जमीन अपनी पत्नी उमी देवी के नाम पर जमीन रजिस्ट्री करवा लिया और हरीश को त्रिसंकट मोड़ पर लाकर छोड़ दिया गया।

# बस-बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के माली थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई है। मृतक करहरी गांव निवासी विपिन कुमार (21) है। जो सुदामा यादव के इकलौते बेटे थे। बताजा जा रहा कि विपिन किसी काम से चरण बाजार जा रहे थे। वे बाइक पर सवार थे। इसी दौरान उनकी टक्कर बस से हो गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगो ने सूचना पुलिस को दी। माली थाना की पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों के अनुसार उसकी शादी महज एक महीने पहले हुई थी। वहीं, दूसरी तरफ विपिन के घर आ रहे रिश्तेदार की कार पलट गई और 6 घायल हुए हैं। घटना माली थाना क्षेत्र के चरण बाजार के पास की है। ग्रामीणों ने बताया कि विपिन मिलनसार और व्यवहार कुशल युवक था। वह परिवार की उम्मीदों का केंद्र था और घर का इकलौता चिराग था। वहीं, दूसरी तरफ विपिन की मौत की खबर सुनकर रिश्तेदार विपिन के घर पहुंच रहे थे। वे भी सड़क हादसे का शिकार हो गए। फेसर थाना क्षेत्र के फ़ेसरा गांव से कुछ रिश्तेदार करहरी गांव जा रहे थे। इसी दौरान सोहरइया गांव के पास उकी कार पलट गई। हादसे में राजेश कुमार, प्रतिमा देवी और शांति देवी सहित 2 बच्चे और अन्य महिला घायल हुए हैं। लोगों की मदद से सभी को इलाज के सदर अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार कुछ घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पूर्व विधायक डब्लू सिंह भी मौके पर पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी। उन्होंने घायलों के बेहतर इलाज और पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

# विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाया। यहां उन्होंने ग्रामीणों की समस्यायें सुनी। कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण भी कर दिया। विधायक के जनता दरबार में ग्रामीणों ने सड़क, पानी, बिजली, राशन, स्वास्थ्य सेवाएं, पेंशन और मनरेगा से संबंधित मुद्दों को रखा। जमीन विवाद के भी कई मामले लाये गये थे। विधायक ने सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के प्रति गंभीर होकर समय पर इनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। कहा कि जनता की समस्याओ का समाधान करना उनकी प्राथमिकता हैं। वहीं अधिकारियों को समय पर समाधान करने का निर्देश दिया गया है। श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी पहली प्राथमिकता में है। जनता की सेवा करना मेरा धर्म ही नहीं बल्कि कर्तव्य और दायित्व है। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा और उनकी समस्याओं का समाधान ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# एसपी ने सुनीं 65 फरियादियों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा सोमवार को जनता दरबार लगाया गया। पुलिस अधीक्षक ने आए लोगों की फरियादें सुनीं। इस दौरान विभिन्न मामले आए। पुलिस अधीक्षक ने इन मामलों में लापरवाही बरतने वाले कई संबधित पुलिस पदाधिकारियों को फोन कर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान एक-एक कर जनता दरबार में आए कुल 65 फरियादियों की फरियाद सुनी। पुलिस अधीक्षक ने जनता के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कई थानाध्यक्षों को इन मामले के निष्पादन में कोताही न बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से संचालित जनसुनवाई में आम जनता की समस्याओं से अवगत होकर आवश्यक क्रियार्थ हेतु संबंधित थानाध्यक्ष को आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता दरबार में जो भी मामले आए हैं उसे त्वरित निष्पादन किया जाएगा ताकि आम जनता को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इसके अलावे लगातार विभिन्न थानों में जनता दरबार लगाकर आम लोगों की समस्या का निष्पादन किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि थाना में जनता दरबार लगाने का मुख्य उद्देश्य है आम जनता के समस्या को समाधान करना एवं उनके समस्या को शीघ्र दूर करना इस दौरान कई पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए पैरा ओलंपिक स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला में दिव्यांग खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पैरा ओलंपिक स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर तथा जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन कार्यालय की स्थापना की गई है। जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य जिला के दिव्यांग एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय मंच उपलब्ध कराना है। इसके माध्यम से खिलाड़ियों को व्यवस्थित प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं आवश्यक खेल सुविधाएं प्रदान की जाएंगी जिससे वे अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर सकें। एसोसिएशन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली खेल प्रशिक्षण एवं अन्य सभी सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क होंगी ताकि आर्थिक कारणों से कोई भी दिव्यांग खिलाड़ी खेल गतिविधियों से वंचित न रहे। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पु राज, सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग प्रियंका कुमारी एवं सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग महेश आनंद ने पैरा ओलंपिक स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर एवं जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन की स्थापना पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पहल जिले के दिव्यांग खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर औरंगाबाद का नाम रोशन करने का अवसर प्रदान करेगी।

# कुएं से युवक का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** जिले के रफीगंज प्रखंड अंतर्गत चरकावा निचली डीह से एक दुखद खबर सामने आई है। यहां स्थित रेलवे गुमटी संख्या 18-सी के समीप एक बगीचे में बने लगभग 30 फीट गहरे कुएं से सोमवार को एक युवक का शव बरामद किया गया। कुएं में लाश मिलने की खबर फैलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मृतक की पहचान अब्दुलपुर निवासी एवं वर्तमान में लोहार गली देवी स्थान निवासी अशोक कुमार के 30 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार उर्फ बंटी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार मनोज पिछले तीन दिनों से अचानक लापता था और परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला दुर्घटनावश कुएं में गिरने का ही प्रतीत होता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

